संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 10 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 19 अंक: 97 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने लंदन में भारत-ब्रिटेन निवेशक गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की।

# वक्फ बिल संविधान पर हमला: राहुल गांधी

● इसके बाद संघ क्रिश्चियंस पर आक्रमण करेगी, ट्रम्प ने नए टैरिफ लगा दिए, मोदी जी की चूं तक नहीं निकली: राहुल गांधी, चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं

**साधा निशाना**

▶▶ संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं: राहुल गांधी





**टीम एक्शन इंडिया**
**अहमदाबाद:** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के दो दिवसीय 84वें अधिवेशन का समापन हो गया। अधिवेशन में बुधवार को राहुल गांधी बोले- कुछ दिन पहले बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन, संविधान पर आक्रमण है। संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए। राहुल ने कहा- बांग्लादेश के नेता भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री वहां के नेता से मिले। उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकला। कहां गई 56 इंच की छाती। इससे पहले मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। आज दूसरे दिन साबरमती रिवरफ्रंट पर मुख्य अधिवेशन हो रहा है, जिसमें देशभर से 1700 से अधिक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल मौजूद हैं, लेकिन प्रियंका गांधी नहीं पहुंचीं।

**चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं**
मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे उन्हें फायदा हो और विपक्ष को नुकसान। उनका सुझाव है कि चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव भी धोखे से जीता। महाराष्ट्र में 150 सीटों पर लड़कर 138 पर जीत हासिल की गई, जो 90 प्रतिशत जीत है। ऐसा पहले कभी नहीं देखा। खड़गे ने आगे कहा- सब कुछ पता लगा लिया जाएगा, क्योंकि चोर चोरी करता है और आज नहीं तो कल पकड़ा जाएगा।

**नेहरू ने जो बनाया, उसे मोदी खत्म करना चाहते हैं :**
अधिवेशन के दूसरे दिन की शुरूआत झंडावंदन के साथ हुई। इसके बाद पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा- नरेंद्र मोदी एक-एक करके सार्वजनिक क्षेत्र को बेचकर अपने दोस्तों को दे रहे हैं और देश को बेचकर चले जाएंगे। जवाहरलाल नेहरू ने जो बनाया, उसे मोदी खत्म करना चाहते हैं, जबकि सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचा रही है। वे सिर्फ कांग्रेस को गालियां देते हैं, इसके अलावा कोई बात नहीं करते।

**जिलाध्यक्षों को संगठन की नींव बनाएंगे:** राहुल ने कहा- हमारी संगठन में काफी बैठकें हुई हैं। हम चाहते हैं कि जिला अध्यक्षों को संगठन की नींव बनाएं, शक्ति बनाएं। डिस्ट्रिक्ट कमेटी और डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट को हम पार्टी की फाउंडेशन बनाने जा रहे हैं। आप सभी को लड़ना है। ये आसान नहीं है। उनके पास धन हैं, देश के सारे इंस्टीट्यूशंस हैं। उनके पास सबकुछ है, लेकिन जीत हमारी होगी, हमारे साथ जनता का प्यार है। आप देखिएगा कि आने वाले समय में जनता उनके साथ क्या करने जा रही है।

**बदलाव आने वाला है:** राहुल ने कहा कि आप बिहार के चुनाव में देखिएगा। महाराष्ट्र के लोगों से पूछिए, वहां बीजेपी ने चुनाव कैसे जीता।

## बीजेपी-संघ को कांग्रेस ही हराएगी: राहुल

**राहुल** ने कहा- संस्थाओं पर आक्रमण हो रहा है। अडाणी-अंबानी को देश का पूरा धन दिया जा रहा है। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि देश का पूरा धन दो-तीन लोगों के हाथ में होना चाहिए। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि देश के सभी वाइस चांसलर संघ के होना चाहिए। संविधान में कहीं नहीं लिखा कि देश में कोई खास भाषा ही पढ़ाई जाएगी। जिस पार्टी के पास विचारधारा, क्लैरिटी नहीं है, वो बीजेपी-फ्रर के सामने खड़ी नहीं हो सकती। जिसके पास विचारधारा है, वही बीजेपी-फ्रर के सामने खड़ी हो सकती है, वही उन्हें हराएगी।

## अग्निवीर से शहीद का दर्जा और पेंशन छीना

**राहुल** ने कहा कि आज हमारी सरकार युवाओं को कहती है कि आप युद्ध में शहीद होंगे, आप अग्निवीर हो तो हम आपको न शहीद का दर्जा देंगे और न ही पेंशन। आपके साथ जो लड़ रहा है, उसे मिलेगा, आपको नहीं। दलित, पिछड़ा, अति-पिछड़ा को नुकसान हो रहा है। बांग्लादेश भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं।

## हमारे लिए सभी लोग इंसान हैं, हम सभी से मोहब्बत करते हैं: राहुल गांधी

**राहुल** गांधी ने कहा कि आपके लिए चाहे दलित, आदिवासी, पिछड़े, महिला चाहे कोई भी हो, आप सभी की रिस्पेक्ट करते हैं। उनके मन में सबके लिए नफरत भरी हुई है। लड़ाई इसी बात की है। हमारे लिए सभी लोग इंसान हैं। हम सभी से मोहब्बत करते हैं। उनके लिए रिस्पेक्ट के मायने अलग हैं। कोई दलित है, उसे मंदिर में नहीं जाना चाहिए। दलित को मंदिर नहीं जाना चाहिए। कोई गरीब किसान के बेटा है तो उसे अंग्रेजी नहीं सीखनी चाहिए। हम ऐसा नहीं होने देंगे।




संघ क्रिश्चियंस पर आक्रमण करेगी
राहुल ने कहा कि कुछ दिन पहले बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन, संविधान पर आक्रमण है। फ्रर के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए। हम चाहते हैं कि हर कम्युनिटी को देश में सम्मान मिले। हम चाहते हैं कि ये देश सबका हो। हम जाति, भाषा को यहां से फायदा मिले।

## भारत जोड़ो यात्रा आपकी सफलता: राहुल

**राहुल** ने कहा- इंदिरा गांधी से किसी ने पूछा कि आप दाएं झुकती हैं या बाएं। इंदिरा गांधी ने कहा कि मैं हिंदुस्तान की प्रधानमंत्री हूं, सीधी खड़ी रहती हूं। मैं आप लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या बिना आप लोगों के राहुल भारत जोड़ो यात्रा कर सकता था क्या?

**राहुल बोले- ट्रम्प ने नए टैरिफ लगा दिए, मोदी जी की चूं तक नहीं निकली**
राहुल ने कहा- पहले मोदी अमेरिका जाते थे। राष्ट्रपति से गले लगते थे। अब आपने ट्रम्प से गले मिलने वाली फोटो देखी। ट्रम्प ने नए टैरिफ लगा दिए। मोदी जी की चूं तक नहीं निकली। जनता का ध्यान वहां न जाए, पार्लियामेंट में ड्रामा चलाया। सच ये है कि आर्थिक तूफान आने वाला है। कोरोना में मोदी जी ने थाली बजवाई थी। अब कहां छिप गए हैं। राहुल बोले- बीएचईएल, एचएएल, बीएसएनएल पहले दलित, पिछड़ा, अति-पिछड़ा लोगों को नौकरी देते थे, अब अडाणी-अंबानी जी को देख लीजिए।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## परिणामकारी योजनाओं काम कर रही है भारत सरकार- शिवराज सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नेपाल के काठमांडू में तीसरी बिम्सटेक कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का नेतृत्व किया। इसमें भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, म्यांमार, थाईलैंड और श्रीलंका जैसे बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ कृषि अधिकारियों ने भाग लिया। पिछले एक दशक में, बिम्सटेक बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में क्षेत्रीय विकास, संपर्क और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। कृषि और खाद्य सुरक्षा बिम्सटेक के सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। इस मौके पर अपने संबोधन में, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत के लिए पड़ोसी पहले और एक्ट ईस्ट पॉलिसी की प्रमुख विदेश नीति प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए बिम्सटेक एक स्वाभाविक विकल्प है। बिम्सटेक में दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया को जोड़ने की क्षमता है।

## ट्रेड वॉर की आशंका से फिसला कच्चा तेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन जैसी दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच ट्रेड वॉर गहराने की आशंका के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) लगातार टूटता जा रहा है। ट्रेड वॉर की आशंका के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में आज लगातार पांचवें दिन गिरावट दर्ज की गई है। आज के कारोबार में ब्रेंट क्रूड 60 डॉलर के स्तर से भी नीचे गिरकर 58.39 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड गिर कर 55.13 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया।

# कैबिनेट: 1332 करोड़ का रेल प्रोजेक्ट मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पंजाब और हरियाणा में छह लेन के जीरकपुर बाईपास को आज मंजूरी प्रदान कर दी। हाइब्रिड एन्युटी मोड पर बनने वाले और पंजाब-हरियाणा से गुजरने वाले 19.2 किलोमीटर लंबे इस बाईपास पर कुल 1878.31 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री




अश्वनी वैष्णव ने बताया कि सरकार चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली विस्तार के साथ भीड़भाड़ कम करने के लिए सड़क नेटवर्क का विकास कर रही है। इसके तहत रिंग रोड नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। जीरकपुर बाईपास इस योजना का एक महत्वपूर्ण घटक है। यह परियोजना पंजाब और हरियाणा में हाइब्रिड एन्युटी मोड पर राष्ट्रीय राजमार्ग -7 (जीरकपुर-पटियाला) के जंक्शन से शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग -5 (जीरकपुर-परवाणू) के जंक्शन पर समाप्त होने वाले 6 लेन वाले जीरकपुर बाईपास के रूप में पूरी की जाएगी।

## काटपाडी रेलवे लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला-काटपाडी सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन के दोहरीकरण को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 1332 करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने आज आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला-काटपाडी (वेल्लोर) सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन (104 किमी) के दोहरीकरण को मंजूरी दी। इस क्षेत्र में कृषि उत्पाद, सीमेंट प्लांट और बिजली उत्पादन गतिविधियों के अलावा तिरुपति बालाजी, श्रीकालहस्ती शिव मंदिर और चंद्रगिरी फोर्ट जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं।

## अब '30 अप्रैल तक घोषित कर सकेंगे बकाया टैक्स

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड** (सीबीडीटी) ने प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना के तहत आयकर घोषणा दाखिल करने की अंतिम तिथि अधिसूचित कर दी है। अब 'विवाद से विश्वास योजना' के तहत 30 अप्रैल तक बकाया टैक्स घोषित किया जा सकेगा। सीबीडीटी के मुताबिक यह अधिसूचना वित्त (सं. 2) अधिनियम, 2024 (2024 का 15) की धारा 89 की उपधारा (1) के खंड (एल) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी की गई है। उल?लेखनीय है कि विवाद से विश्वास योजना




(वीएसवी 2.0) 1 अक्टूबर, 2024 को लागू हुई। इसमें लंबित प्रत्यक्ष कर मुकदमों के बैकलॉग को साफ करने की क्षमता है। ये योजना अपीलीय स्तर पर लंबित मुकदमों में वृद्धि के जवाब में शुरू की गई है, जिसमें कई मामले पहले के चरणों में निपटाए जाने के बजाय अनसुलझे रह गए हैं।

## 'चेतावनी लेबल को लेकर केंद्र नियम बनाए'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कुरकुरे और मैगी जैसे पैकेज्ड फूड पर जल्दी ही चेतावनी भरे संदेश लिखे हुए मिलेंगे। पैकेज्ड फूड के पैकेट पर चीनी, नमक और सैचुरेटेड फैट आदि की मात्रा या स्तर बताने के लिए एक चेतावनी लेबल होगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार को इस संबंध में तीन महीने में नियम बनाने को कहा है। दरअसल, श्री एस एंड आर हेल्थ सोसायटी नामक संस्था ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर



डायबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर और जीवनशैली से जुड़ी अन्य बीमारियों का हवाला देते हुए मांग की थी कि पैकेज्ड फूड के पैकेट पर ऐसे लेबल को अनिवार्य बनाना जरूरी है, ताकि उनका सेवन करने वाले उपभोक्ताओं को इसकी सही जानकारी रहे कि वो जो खा रहे हैं कितना नुकसानदेह है। याचिका में मांग की गई थी कि खाद्य पदार्थों के पैकेट के सामने वाले हिस्से में यह लिखा होना चाहिए।

**आदेश जारी**

▶▶ चीनी, नमक और सैचुरेटेड फैट आदि की मात्रा या स्तर बताने के लिए एक चेतावनी लेबल होगा।

## 'दोबारा मंत्री बनने से मिली जमानत की किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं होता'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कैश फॉर जॉब मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी ने कहा कि दोबारा मंत्री बनने से उन्हें मिली जमानत की किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं होता है। सेंथिल बालाजी ने सुप्रीम कोर्ट के सामने यह दलीलें रखी। बालाजी ने सुनवाई के दौरान



कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 26 सितंबर 2024 को जमानत दी थी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में उनकी जमानत निरस्त करने के आदेश की मांग करने वाले याचिकाकर्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने राजनीतिक विरोधियों की शह पर ये याचिका दायर की है। किन शर्तों का उल्लंघन किया है।

## बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों ने क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक में कृषि क्षेत्रों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों का समाधान करते हुए कृषि, पशुधन और मत्स्य पालन में क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बुधवार को काठमांडू में संपन्न हुई बैठक में शामिल होने के लिए भारत के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित सभी सदस्य देशों के कृषि मंत्री काठमांडू में हैं। नेपाल के कृषि मंत्रालय ने एक बयान में बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक के बारे में बताया कि कृषि सचिव डॉ. गोविंद प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में 8 अप्रैल को बिम्सटेक कृषि सहयोग कार्य योजना (2025-2027) के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने के साथ ही सदस्य देशों में चल रहे कार्यक्रमों का आकलन किया गया। बैठक के दौरान किए गए प्रमुख समझौतों में एक क्षेत्रीय खाद्य रिजर्व और एक क्षेत्रीय बीज बैंक की स्थापना शामिल है। सदस्य देशों ने कृषि और क्षमता निर्माण पहलों को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**समझौता**

▶▶ किए गए प्रमुख समझौतों में एक क्षेत्रीय खाद्य रिजर्व और एक क्षेत्रीय बीज बैंक की स्थापना शामिल

**गिरावट** ग्लोबल ट्रेड वॉर की आशंका और जीडीपी ग्रोथ में गिरावट की चिंता ने एक बार फिर निवेशकों को सतर्क चाल पर चलने के लिए मजबूर कर दिया

# जीडीपी ग्रोथ में गिरावट की चिंता से लुढ़का शेयर बाजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला किया। यह एक ऐसा फैसला था, जिसके कारण साधारण दिनों में स्टॉक मार्केट में जोरदार तेजी आ जाती है। इसके बावजूद घरेलू शेयर बाजार बिकवाली का शिकार हो गया। ग्लोबल ट्रेड वॉर की आशंका और जीडीपी ग्रोथ में गिरावट की चिंता ने एक बार फिर निवेशकों को सतर्क चाल पर चलने के लिए मजबूर कर दिया। जानकारों का मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ व्यवस्था की ज्यादातर



फैसलों के आज 9 अप्रैल से लागू हो जाने के कारण ग्लोबल मार्केट में चौतरफा दबाव बना हुआ है। इसके कारण भारतीय शेयर बाजार में मेटल, आईटी ओर ऑटोमोबाइल सेक्टर में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी के अनुसार डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान करके वैश्विक स्तर पर हड़कंप की स्थिति बना दी है। हालांकि चीन अभी अमेरिका से बातचीत करने की बात पर बल दे रहा है, लेकिन माना जा रहा है कि अगर बातचीत सफल नहीं हुई, तो चीन भी पहले की तरह अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगा सकता है। चीन पहले भी आखरी दम तक संघर्ष करने की बात कह चुका है। ऐसी स्थिति में निवेशक दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच ट्रेड वॉर होने की आशंका को लेकर घबराए हुए हैं। माना जा रहा है कि अगर तनाव बढ़ा तो ग्लोबल सप्लाई चेन बाधित हो सकता है। इसके साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था भी मंदी के चपेट में भी आ सकती है। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जीडीपी ग्रोथ अनुमानों को 6.7 प्रतिशत से घटा दिए जाने के कारण भी घरेलू शेयर बाजार में आज चिंता का माहौल बना रहा। आरबीआई का अनुमान है कि अगर भारतीय सामानों पर अमेरिका द्वारा लगाया गया 26 प्रतिशत का टैरिफ प्रभावी हो गया, तो इससे भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में 0.20 प्रतिशत से लेकर 0.40 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। आरबीआई के इन अनुमानों की वजह से भी आज शेयर बाजार के कारोबार पर असर पड़ा। इसी तरफ कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी रिसर्च हेड श्रीकांत चौहान का कहना है कि शेयर बाजार में आई गिरावट का एक बड़ा कारण अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में आया उछाल भी है।

**हड़कंप**

▶▶ ट्रंप ने चीन पर 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान करके वैश्विक स्तर पर हड़कंप की स्थिति बना दी

## भारत-स्लोवाकिया में मीडिया के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मु ने बुधवार को स्लोवाकिया की यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी के साथ व्यक्तिगत एवं प्रतिनिधिमंडल-स्तरीय वार्ता की। राष्ट्रपति 9-10 अप्रैल तक स्लोवाकिया की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं और साझा वैश्विक व क्षेत्रीय हितों के मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान राष्ट्रपति ने भारत में तेजी से बढ़ती मीडिया, मनोरंजन और रचनात्मक अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला।



उन्होंने स्लोवाकिया को 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित किए जा रहे आगामी वेव शिखर सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। स्लोवाकिया के राष्ट्रपति के साथ संयुक्त बयान भी दिया। राष्ट्रपति ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में राष्ट्रपति पेलेग्रिनी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता और पहल की सराहना की।

# कुरुक्षेत्र में नशा तस्कर को 52.10 ग्राम हेरोइन/चिट्टे के साथ किया गिरफ्तार



**सफलता**

**तस्करी में लिप्त एक आरोपी को 52.10 ग्राम हेरोइन/चिट्टे सहित गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त करने के हरियाणा सरकार के अभियान को साकार करने में हरियाणा एनसीबी लगातार सफलताएं पा रही है। इसी कड़ी में सफलता प्राप्त करते हुए ब्यूरो की कुरुक्षेत्र यूनिट ने कृष्णा गेट थाना एरिया से अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक आरोपी को 52.10 ग्राम हेरोइन/चिट्टे सहित गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई। विदित है कि ब्यूरो प्रमुख/महानिदेशक ओ.पी. सिंह के दिशा निदेशों पर पुरे प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। विस्तृत जानकारी देते हुए हरियाणा एनसीबी कुरुक्षेत्र यूनिट के इंचार्ज उप निरीक्षक गुरनाम सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा के नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक श्री जगबीर सिंह के निर्देशन में अपनी टीम के साथ जिले के थाना कृष्णा गेट एरिया मे शेख चिल्ली का मकबरा के पास मौजूद था। तब गुप्त सूचना मिली कि शेख चिल्ली के मकबरे के पास एक व्यक्ति नशे के व्यपार मे संलिप्त है और नशे की बड़ी खेप की खरीद फरोकत करने वाला है और अगर तुरन्त कार्यवाही की जाए तो आरोपी को अवैध नशीले पदार्थों के साथ काबू किया जा सकता है। इस सूचना पर अपनी पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दरार खेड़ा शेख चिल्ली मकबरा रोड के नजदीक खेड़ा मंदिर के पास से एक नशा तस्कर को अवैध नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर लिया। मोके पर राजपत्रित अधिकारी को बुलाकर आरोपी की तलाशी ली तो आरोपी के पास से हेरोइन/चिट्टा बरामद हुआ। जिसका वजन 52.10 ग्राम हुआ।

# श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल में महावीर जयंती मनाई गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल के आत्म जैन हाल में अहिंसा, सत्य ,अपरिग्रह जैसे अनमोल विचार देने वाले भगवान महावीर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मंच का संचालन अध्यापिका अनु शर्मा और संगीता ने किया था । कार्यक्रम का आगाज नवकार मंत्र द्वारा कक्षा सातवीं और आठवीं की छात्राओं ने किया ।छात्रों ने नृत्य और भजन के द्वारा श्री महावीर जैन स्वामी का गुणगान किया।

कक्षा नौवीं और सातवीं के छात्रों ने नृत्य के माध्यम से माता त्रिशला द्वारा महावीर जी को पालने में झूला झूलाते हुए नृत्य के माध्यम से पूरा वातावरण वात्सल्य से ओतप्रोत हो गया और छात्रों ने अलग-अलग प्रस्तुति के माध्यम से महावीर जैन के सिद्धांतों पर चलने का संदेश दिया। छात्रों की प्रस्तुति को देखकर सारा वातावरण भाव विभोर हो उठा।

## संदिग्ध हालातों में 14 साल का लडका लापता

**करनाल।** शहर के शांति नगर इलाके से एक 14 साल का लडका संदिग्ध हालातों में लापता हो गया। लडका स्कूल से स्टेडियम के लिए निकला था, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। परिजनों को तलाश करने पर कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। लेकिन इसके बाद वह ना तो स्टेडियम पहुंचा और ना ही घर वापस लौटा। परिजनों ने बताया कि उनका बेटा बॉक्सिंग सिखता था।


**उत्तर रेलवे**

उत्तर रेलवे के अप्रैल – 2025 नीलामी कार्यक्रम में शुद्धिपत्र

संख्या: 117-एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2025-26 दिनांक 08.04.2025

अप्रैल - 2025 के महीने के लिए नीलामी कार्यक्रम की निम्ननुसार होगी।

| क्र. सं. | मंडल | ई–नीलामी के लिए रद्द तारीख | ई–नीलामी के लिए नई तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/ अम्बाला 0171-2611203 | 14.04.2025 | 16.04.2025 |
| 2. | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522-2234756 | 14.04.2025 | 16.04.2025 |

अन्य सभी नीलामी तिथियां, समय तथा निबंधन एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। ई–नीलामी से संबंधित अधिक जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाएं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1075/2025



**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19250321 | पिनियन शाफ्ट 21 टीथ फॉर वाग –9 | 532 नग | 05-05-25 |
| 02 | 07240098 | किट फॉर कनौर ब्रेम्से मैकस डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व | 1427 सेट | 05-05-25 |
| 03 | 07241356A | कुशन फॉर ट्रांस्वर्स मिडिल बर्थ | 16740 नग | 06-05-25 |
| 04 | 16253350 | एलिमेंट इंजन एयर फिल्टर | 1707 नग | 07-05-25 |
| 05 | 19250708 | एल्युमीनियम इम्पेलर फॉर आयल कूलिंग ब्लोअर | 256 नग | 12-05-25 |
| 06 | 07241087 | हेलिकल स्प्रिंग फॉर बोगी | 181 सेट | 13-05-25 |
| 07 | 09252218 | ब्रेक सिलिंडर 355 एम एम | 799 नग | 24-06-25 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 03/2025–2026 दिनांक 09.04.2025 1078/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# स्योंसर, बाखली, मुर्तजापुर और संधौली के ग्रामीणों ने जताया सरकारी स्कूलों में विश्वास

**स्वागत**

**गन्तव्य स्थानों पर गाँव के सरपंच, वहाँ के लोगों ने शिक्षा रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** निपुण हरियाणा के अंतर्गत गाँव-गाँव जन-जन तक सरकारी विद्यालयों में दाखिला बढ़ाने की मुहीम को साकार करने के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी श्री विनोद कौशिक की आगवानी में शुरू की गयी शिक्षा रथ यात्रा पेहवा खण्ड के गाँव स्योंसर, ,बाखली,मुर्तजापुर और संधौली पहुँची जिसमें सारथी अध्यापकों श्री जितेन्द्र, महावीर आत्रे, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र सिंह, राकेश कुमार, रमेश कुमार और विजय पंघाल शिक्षा रथ सारथी बनकर विभागीय सन्देश लेकर गए और गन्तव्य स्थानों पर गाँव के सरपंच, वहाँ के लोगों ने शिक्षा रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया कसर्वप्रथम शिक्षा रथ यात्रा पेहवा खण्ड के गाँव स्योंसर पहुँची जहाँ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्योंसर के प्राचार्य श्री देसराज ने शिक्षा रथ औ? साथ आये सारथी अध्यापकों का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया औ? गाँव स्योंसर में गली-गली लोगों को सन्देश दिया गया कि हरियाणा के सरकारी विद्यालय में अपने साढ़े 4 वर्ष की आयु या अधिक आयु के सभी बच्चों को दाखिला कराएं और बदलते परिवेश में हरियाणा के सरकारी विद्यालय में दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया कप्राचार्य देसराज ने अपने विद्यालय स्टाफ,विद्यालय प्रबंध समिति सदस्यों औ? बच्चों के साथ दाखिला बढ़ाओ अभियान चलाया और सत्र 2025-2026 में सरकारी विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जतायी कशिक्षा रथ यात्रा जब गाँव बाखली पहुँची तो गाँव की सीमा पर ही गाँव के लोगों ने फूलों की बौछारों से रथ यात्रा का स्वागत किया और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाकली के प्राचार्य, स्टाफ और बच्चों ने 'सुन लो बहनों सुन लो भाई, सरकारी स्कूल में करो पढ़ाई' के नारे के साथ जन-जन को जागरूक किया कशिक्षा रथ यात्रा का अगला पड़ाव गाँव संधौली रहा जहाँ के राजकीय विद्यालय में रथ यात्रा का विद्यालय मुखिया, स्टाफ और सभी बच्चों ने रथ यात्रा का स्वागत हुआ क संधौली गाँव के वरिष्ठ विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि इस साल सत्र के आरम्भ में ही विद्यालय में बच्चों का दाखिला बढ़ा है औरउम्मीद है आने वाले कार्यदिवसों में दाखिला बढेगा।

आगामी योजना में शिक्षा रथ यात्रा गाँव मुर्तजापुर पहुँची और वरिष्ठ विद्यालय मुर्तजापुर के प्राचार्य, सभी अध्यापकों और सभी बच्चों ने रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया।


**उत्तर रेलवे**

ई–खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 13.05.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | रेल भवन, दिल्ली में 5 वर्षों के संचालन और रखरखाव के साथ 160 कारों के लिए 20% ईवी चार्जिंग सुविधा के साथ स्वचालित बहु–स्तरीय मशीनीकृत शटल कार पार्किंग प्रणाली का डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग कार्य हेतु। | रुपये 40,37,66,729.60 | रुपये 20,18,900.00 | 75 महीने |

1. निविदा दिनांक: 13.05.2025 को 15:30 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

पत्र संख्या:–128–डब्लयू/269/निविदा सूचना/24–25/डब्लयू–ई/टेंडर. न: 05
दिनांक: 08.04.2025 1072/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# शहरी सफाई कर्मचारियों ने थाली बजाकर किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में शहरी सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को एचएसवीपी के खिलाफ थाली बजाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने अधिकारियों के कान खोलने के लिए यह प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया है, ताकि उनकी आवाज प्रशासन तक पहुंचे। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि अब भी उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गयाए तो अगला कदम अधिकारियों के पुतले फूंकने का होगा। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिला है। दो महीने की तनख्वाह अभी भी बकाया है, जिससे घर की सारी जिम्मेदारियां बुरी तरह से प्रभावित हो रही हैं। वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों की आर्थिक हालत खराब हो चुकी है। कई कर्मचारी दुकानों से उधार लेकर गुजारा कर रहे हैं, लेकिन अब दुकानदारों ने भी उधारी देना बंद कर दिया है। इससे उनका जीवन यापन बेहद मुश्किल हो गया है।

# महिला सदस्यों ने शहर में कार रैली निकाल कर फैल रहे सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जागरूक

**रैली**

**शालू वाधवा के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने स्वयं कार चलाकर एक रैली गन्नौर शहर में निकाली**




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** महिलाओं में तेजी से फेल रहे सर्वाइकल कैंसर के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को लायन क्लब गन्नौर गौरव की प्रोजेक्ट चेयरमैन शालू वाधवा के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने स्वयं कार चलाकर एक रैली गन्नौर शहर में निकाली। रैली को चारु चांदना व चारु बत्रा ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली तहसील परिसर से शुरू होकर शहर से होती हुई रेलवे स्टेशन पर सम्पन्न हुई। शालू वाधवा ने बताया कि क्लब द्वारा आज पूरे भारत मे अलग अगल टोलियां रैली निकाल रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने किसी प्रकार का संकोच नही करना चाहिए वे हमेशा महिलाओं के साथ है। वाधवा ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर में जहां महिला को असहनीय पीड़ा तो होती है वहीं इस बीमारी पर मोटा पैसा खर्च होता है। जिसके चलते परिवार आर्थिक तौर पर भी कमजोर हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से महिलाएं ज्यादा त्रस्त होती तो आज उन्होंने निर्णय लिया कि इस बीमारी के लिए महिलाएं ही खुद कार चलाकर रैली निकाल कर महिलाओं को जागरूक करेंगी। इस अवसर पर डिम्पी मल्होत्रा, भावना जग्या,मीनू हांडा, आरती, सोनिया, अंजू ठाकुर, सुनीता कुकरेजा सहित काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सिहिन मलिक उर्फ मोनू उर्फ मोईन, पुत्र समशाद मलिक निवासी मकान नंबर एम–66, गली नंबर 13½, ब्रह्मपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 397/2022 U/S 25 Arms Act,** अन्तर्गत थाना **जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सिहिन मलिक उर्फ मोनू उर्फ मोईन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सिहिन मलिक उर्फ मोनू उर्फ मोईन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 397/2022 U/S 25 Arms Act,** अन्तर्गत थाना जाफराबाद, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सिहिन मलिक उर्फ मोनू उर्फ मोईन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री आयुषी सक्सेना
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–05,
कमरा नंबर 7, द्वितीय तल, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4418/NE/2025(Court Matter)


# गाड़ी की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरठ रोड पर बीती देर शाम सडक पार कर रहे एक व्यक्ति को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि व्यक्ति दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस को बुलाया और घायल को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान नगला फॉर्म के रहने वाले 40 वर्षीय बलविंद्र सिंह के रूप में हुई। ग्रामीण गुलशन ने बताया कि बलविंद्र मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। घर में पत्नी के अलावा एक बेटा और दो बेटियां हैं। बलविंद्र रोजाना की तरह अपने काम से लौट रहा था, तभी यह हादसा हो गया। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन काफी तेज गति में था और अचानक से बलविंद्र को टक्कर मार दी। हादसा होते ही लोग इक्ठा हो गए और तुरंत मदद के लिए दौड़े, लेकिन बलविंद्र की हालत बेहद गंभीर थी। बलविंद्र की मौत की खबर जैसे ही घर पहुंची, वहां कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपी वाहन चालक को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भिजवाया गया। पुलिस ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन और चालक की पहचान की जा सके। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मै जोकि सुरेंद्र पुत्र रामसिंह निवासी गांव गुमड़, तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि नैनसी मेरी सगी पुत्री है जोकि मेरे ओर मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करती है। इस लिए मैं नैनसी को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं यदि आज के बाद वह कोई भी उचित या फिर अनुचित कार्य करती है या फिर किसी से कोई लेना-देना करती है तो उसकी वह स्वयं जिम्मेदार होगी आज के बाद हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# मंत्री ने किया चार रैन बसेरों का औचक निरीक्षण

## व्यवस्था का लिया जायजा, समय-समय पर रैन बसेरों की होगी जांच

**दिशा-निर्देश**

**यहां रहने वाले बेघरों से बातचीत करके व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया, मंत्री ने दिया दिशा-निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार रात को द्वारका सेक्टर-3 में चार रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां रहने वाले बेघरों से बातचीत करके व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा इन रैन बसेरों को संचालित किया जाता है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार दिल्ली में सभी बेसहारा लोगों को आश्रय देने के साथ-साथ जीवन यापन के लिए जरूरी मूलभूत सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वे समय-समय पर इन रैन बसेरों का दौरा करेंगे और यहां की सुविधाओं की जांच की जाएगी। निरीक्षण में मंत्री के साथ दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। निरीक्षण के बाद शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने बताया कि आज का औचक निरीक्षण इन रैन बरेरों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए रखा गया था। उन्होंने रैन बसेरों में अधिकारियों और रखरखाव करने वाली संस्था को मूलभूत सुविधाएं और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पंखे और कूलर की भी उचित व्यवस्था होनी चाहिए। मंत्री ने रैन बसेरों को संचालित करने वाली एजेंसी को निर्देश दिए कि वह गुणवत्ता के सभी मानकों को पूरा करें अन्यथा उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली दंगा मामलाः कपिल को राहत, जांच के आदेश पर कोर्ट ने लगाई रोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 के दंगा मामले में दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा को राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट से राहत मिली है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में कपिल मिश्रा के खिलाफ जांच के मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। सेशंस कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ कपिल मिश्रा और दिल्ली पुलिस की याचिका पर नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी। मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को कपिल मिश्रा और दिल्ली पुलिस ने चुनौती दी है। राऊज एवेन्यू कोर्ट के मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दिल्ली दंगों में शामिल होने के मामले में कपिल मिश्रा के खिलाफ जांच करने का आदेश दिया था। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने ये आदेश दिया था। इसके पहले कड़कड़डूमा कोर्ट ने भी कपिल मिश्रा के मामले में लापरवाही बरतने पर ज्योति नगर थाने के एसएचओ पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि कपिल मिश्रा के खिलाफ संज्ञेय आरोप हैं और इसकी जांच होनी चाहिए। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को इस मामले की जांच करने का आदेश दिया। इसके पहले कड़कड़डूमा कोर्ट ने कहा था कि या तो जांच अधिकारी ने कपिल मिश्रा के खिलाफ कोई जांच नहीं की या उसने कपिल मिश्रा के खिलाफ आरोपों को छिपाने की कोशिश की। कोर्ट ने कहा कि आरोपित कपिल मिश्रा सार्वजनिक व्यक्ति है और उनके बारे में ज्यादा जांच की जरूरत है, क्योंकि ऐसे लोग जनता के मत को सीधे-सीधे प्रभावित करते हैं। सार्वजनिक जीवन जीने वाले व्यक्ति को संविधान के दायरे में रहने की उम्मीद की जाती है।




बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों ने क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया।

## 27 किलो गांजा के साथ चार आरोपितों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले की नारकोटिक्स स्क्वायड ने नंद नगरी इलाके से चार ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों से 27 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। जिसकी कीमत 13 लाख 50 हजार रुपये है। आरोपितों से तस्करी में इस्तेमाल दो लग्जरी कार भी बरामद हुई है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा न गामड़ी एक्सटेंशन निवासी 30 वर्षीय वसीम, 27 वर्षीय अभिषेक, गाजीपुर निवासी 42 वर्षीय महेश चंद्र और 40 वर्षीय ओमपाल सिंह के तौर पर हुई है। सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर नारकोटिक्स स्क्वाड के इंस्पेक्टर किरण पाल के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल राजीव, कांस्टेबल सतीश, कांस्टेबल शुभम और कांस्टेबल बलराज की टीम ने एसीपी विवेक के त्यागी के सुपरविजन में नंद नगरी इलाके से दो संदिग्ध गाड़ियों को रोककर छानबीन की।

## भाजपा ने बोला केरल सरकार पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सीपीआई नेता एवं पूर्व मंत्री जी. सुधाकरन के बयान का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर हमला बोलते हुए उनसे इस्तीफा मांगा है। भाजपा प्रवक्ता टॉम वड़क्कन ने कहा कि केरल में सत्तारूढ़ लेफ्ट पार्टी के नेता ही बोल रहे हैं कि उनका राज्य नशे के सेवन में नंबर वन है। राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। शिक्षा का क्षेत्र हो या फिर स्वास्थ्य का क्षेत्र, हर जगह भ्रष्टाचार के घेरे में है। वड़क्कन ने कहा कि सरकार को इन सभी आरोपों की उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए। राज्य के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रवक्ता वड़क्कन ने कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस भी चुप है। कांग्रेस और वामपंथी दल एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने कहा कि सुधारकन ने जो भी मुद्दे उठाए हैं उसकी जांच की जानी चाहिए। केरल में कानून व्यवस्था बदहाल स्थिति में है। भाजपा सवाल पूछ रही है कि क्या लेफ्ट पार्टी के नेता के इन प्रश्नों का जवाब नहीं देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले पूर्व मंत्री सुधाकरन ने कहा था कि हर चीज में नंबर वन होने का दावा करने वाले केरल को अपनी आत्मप्रशंसा बंद कर देनी चाहिए।

## 'महुआ ने सामाजिक ताना-बाना बिगाड़ने का प्रयास किया'




**साधा निशाना**

**मोइत्रा ने मछली बाजार के दुकानदारों को दुकान बंद करने के लिए धमकाने का वीडियो पोस्ट किया था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि गुमनाम लोगों का वीडियो री-पोस्ट कर तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने दिल्ली का सामाजिक ताना-बाना बिगाड़ने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में किसी के रोजगार पर कोई संकट नहीं आने देंगे। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने एक्स पर चितरंजन पार्क में काली मंदिर के पास मछली बाजार के दुकानदारों को दुकान बंद करने के लिए धमकाने का वीडियो पोस्ट किया था। उन्होंने पोस्ट में दावा किया कि चितरंजन पार्क के मछली खाने वाले बंगालियों को धमकाया जा रहा है और आरोपितों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर महुआ मोइत्रा इस मामले में गंभीर होतीं तो वह सोशल मीडिया पर सनसनी फैलाने की बजाय इसकी शिकायत दिल्ली पुलिस से करतीं। उन्होंने कहा कि यहां की दुकानें पचास-साठ साल पुरानी हैं और इन लोगों ने ही काली मंदिर बनाया है। उन्होंने कहा कि मछली बाजार में दुकानें कानूनी रूप से आवंटित की गई हैं और यह उस क्षेत्र की जरूरत है। मछली दुकानदार क्षेत्र में उच्च स्तर की सफाई बनाए रखते हैं और सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों में नियमित रूप से भाग लेते हैं। यहां के कई दुकानदार भाजपा के कार्यकर्ता भी हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सभी के खानपान और संस्कृति का सम्मान करती है। पार्टी किसी के भी रोजगार के साथ छेडछाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने राजधानी में सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए दिल्ली पुलिस से सख्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।
उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली का सामाजिक ताना-बाना बिगाड़ने की कोशिश में कभी कामयाब नहीं होगी।

## न्यूजीलैंड की महिला के साथ लूटपाट के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तरपश्चिम जिले की सुभाष प्लेस थाना पुलिस ने न्यूजीलैंड की महिला के साथ हुई लूट की गुत्थी को सुलझाते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान करण भसीन (35) और मोनू उर्फ रघु (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से लूटा गया सामान बरामद कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपित करण ने खुलासा किया है कि वह ठीक-ठाक परिवार से संबंध रखता है। उसके मॉडल टाउन और मुखर्जी नगर इलाके में खुद के तीन फ्लैट हैं। इनका 1.50 लाख रुपये किराया आता है।

# विदेशी कंपनियों ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस व्यवस्था में जताया विश्वास

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस व्यवस्था में विश्वास जताते हुए, दुबई स्थित प्रसिद्ध शराफ ग्रुप ऑफ कंपनीज प्रदेश में लॉजिस्टिक्स और रिटेल सेक्टर में अपनी तीसरी बड़ी परियोजना शुरू करने जा रही है। रेवाड़ी में स्थापित होने वाली यह परियोजना न केवल क्षेत्र में व्यापार गतिविधियों को बढ़ावा देगी बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी।

शराफ ग्रुप ऑफ कंपनीज के संस्थापक और यूएई-इंडिया बिजनेस काउंसिल के चेयरमैन मेजर जनरल शराफुद्दीन शराफ ने आज यहां संत कबीर कुटीर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और हरियाणा में अपनी कंपनी के विस्तार करने में गहरी रुचि जताई। बैठक के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को कुरुक्षेत्र जिले के धीरपुर गांव में एक नई परियोजना के उद्घाटन के लिए भी आमंत्रित किया। कंपनी ने पहले ही जिला पलवल में एक परियोजना स्थापित की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग की सहायता से, शराफ ग्रुप दुबई और अन्य देशों, जहां उनकी कंपनी है, में रोजगार के अवसर हासिल करने में हरियाणा के कुशल युवाओं का सहयोग करेगा। बैठक में हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार श्री पवन चौधरी और हिंद टर्मिनल्स प्राइवेट



लिमिटेड से कैप्टन अश्विनी नायर और शशि गुप्ता भी मौजूद थे।

**विदेशी व्यापार आवश्यकताओं की सहायता के लिए हरियाणा में समर्पित विदेश सहयोग विभाग**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मेजर जनरल शराफुद्दीन शराफ को हरियाणा में शराफ ग्रुप ऑफ कंपनीज की इकाइयां स्थापित करने के लिए राज्य सरकार के पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि राज्य में विदेशी व्यापार आवश्यकताओं की सहायता के लिए एक समर्पित विदेश सहयोग विभाग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) को बढ़ाने के लिए कई सुधार लागू किए हैं।

इन सुधारों में सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम की शुरूआत, श्रम कानूनों में ढिलाई, और पर्यावरण मंजूरी प्रक्रियाओं में तेजी लाना शामिल है। परिणामस्वरूप, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों कंपनियों के लिए हरियाणा पसंदीदा गंतव्य बन गया है।

**शराफ ग्रुप अपनी सहायक कंपनी हिंद टर्मिनल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ भारत में कर रहा निवेश**

मेजर जनरल शराफुद्दीन शराफ ने मुख्यमंत्री को बताया कि शराफ ग्रुप अपनी सहायक कंपनी हिंद टर्मिनल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ भारत में निवेश कर रहा है। शराफ ग्रुप (मुख्यालय दुबई) मध्य पूर्वी, अफ्रीका और भारतीय उपमहाद्वीप में शिपिंग, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, खुदरा और यात्रा और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में काम करता है। हिंद टर्मिनल्स प्राइवेट लिमिटेड (एचटीपीएल), एक भारतीय सहायक कंपनी है, जो मल्टी-मॉडल एग्रो लॉजिस्टिक्स पार्क, रेल-रोड परिवहन, थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स, इनलेंड अंतर्देशीय कंटेनर डिपो की स्थापना व संचालन तथा कोल्ड चेन के रूप में ताजा उत्पाद के संरक्षण के लिए जैसे विभिन्न क्षेत्रों में काम करती है।

# 22 अप्रैल तक मनाया जा रहा है पोषण पखवाड़ा

**पोषण**

**⏩ माताओं तथा किशोरियों तथा छह वर्ष से कम आयु के बच्चों को बेहतरीन पोषण लेने के लिए जागरूक करेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भारत सरकार द्वारा 8 अप्रैल से लेकर 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसका शुभारंभ हो चुका है। इस पखवाड़े के अंतर्गत प्रत्येक दिन में अलग-अलग थीम पर गतिविधियों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा किशोरियों तथा छह वर्ष से कम आयु के बच्चों को बेहतरीन पोषण लेने के लिए जागरूक किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के अधिकारियों को निर्देश हैं कि इस पोषण अभियान के दौरान बच्चों के जीवन के पहले एक हजार दिनों पर ध्यान केंद्रित कर, गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के लिए उचित पोषण सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार से पोषण सेवाओं के स्व-पंजीकरण और डिजीटल ट्रेकिंग को प्रोत्साहित किया जाए, कम्युनिटी बेस्ड मेनेजमेंट मॉड्यूल के माध्यम से प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन को मजबूत किया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### रेवाड़ी विधायक ने साइक्लोथॉन को झंडी दिखाकर नूंह के लिए किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की नशा मुक्त हरियाणा की अवधारणा को सार्थक करने के उद्देश्य से निकल रही साइक्लोथॉन-2.0 दो दिन तक रेवाड़ी जिले में जागरूकता मुहिम चलाने के साथ ही बुधवार को नूंह जिले के लिए रवाना हो गई। उत्साह और उमंग के साथ साइक्लोथॉन 2.0 का रेवाड़ी जिले में भव्य स्वागत एवं नागरिक अभिनंदन हुआ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सान्निध्य में निकाली जा रही यह सामाजिक यात्रा प्रदेश की भावी पीढ़ी तथा युवाओं के लिए चरित्र निर्माण की दिशा में प्रेरणादायी साबित हो रही है। रेवाड़ी के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने बुधवार को राव तुलाराम स्टेडियम के सामने साइक्लोथॉन 2.0 को भाजपा जिलाध्यक्ष डा.वंदना पोपली के साथ ही कार्यवाहक उपायुक्त अनुपमा अंजलि, एसपी डा. मयंक, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, नगराधीश प्रीति रावत, डीएसपी डा.रविंद्र, डीएसपी विनोद शंकर, डीएसपी सुरेंद्र श्योराण, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान सहित शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों के साथ साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइक्लोथॉन-2.0 राव तुलाराम स्टेडियम से गांव हांसाका, मसानी, धारूहेड़ा व कापड़ीवास गांवों में होते हुए अगले जिले में प्रवेश कर गई। सभी जगह यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। विधायक, कार्यवाहक डीसी, एसपी स्वयं भी साइकिल चलाते हुए हजारों की संख्या में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं खिलाडि?ं के साथ साइकिल चलाते हुए नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में आगे रहे। विधायक ने कहा कि आज के दिन हमारे समाज में सर्वाधिक आवश्यकता व्यक्तित्व निर्माण की है। आज तक जितने भी हमारे देश के शूरवीर एवं कर्णधार हुए हैं, उन्होंने अपने असाधारण व्यक्तित्व एवं उच्च विचारों से सदा दूसरों को प्रेरणा दी है।

### पलवल में टीबी मुक्त हुई 90 ग्राम पंचायतें

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल।** जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में बड़ी सफलता मिली है। जिला प्रशासन ने 90 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया है। जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित एक समारोह में डीसी डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने इन पंचायतों को सम्मानित किया। इनमें से 13 ग्राम पंचायतों को सिल्वर मेडल और 77 पंचायतों को ब्रॉन्ज मेडल से नवाजा गया। जिला उपायुक्त ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप 2025 तक देश को टीबी मुक्त करना है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। सीएमओ डॉ. जयभगवान के अनुसार पलवल जिले की कुल 263 ग्राम पंचायतों में टीबी मुक्त अभियान चल रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 2025 के अंत तक पूरा जिला टीबी मुक्त हो जाएगा। जल्हाका गांव की सरपंच ओमवती ने बताया कि उनकी पंचायत में ग्रामीणों के सहयोग से टीबी उन्मूलन का लक्ष्य हासिल किया गया है। डीसी ने इस उपलब्धि के लिए उन्हें भी सम्मानित किया। टीबी एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर पहचान और उचित इलाज से इससे बचा जा सकता है। देश में टीबी से होने वाली मौतों में कमी आ रही है।

### बच्चों के विवाद में बड़ों का खूनी संघर्ष

**टीम एक्शन इंडिया**

पलवल। कैंप थाना क्षेत्र के रहराना गांव में बच्चों के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इसके ब एक पक्ष ने दूसरे के घर में घुसकर पथराव किया और फायरिंग की। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार प्रेमवती नामक महिला ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी धर्मेंद्र, दीपक, संजू और बिचपड़ी गांव के उधम, सुमित समेत 4-5 लोग गाली-गलौज करते हुए उनके घर आ गए। आरोपियों ने घर पर पथराव शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने फायरिंग कर दी। परिवार ने अपनी जान बचाने के लिए कमरे में शरण ली। प्रेमवती का बेटा छत पर था, जिसे देखकर आरोपियों ने छत की तरफ भी कई राउंड फायर किए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से पत्थर, टूटा सामान और खाली कारतूस बरामद किए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पांच नामजद समेत 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कैंप थाना प्रभारी यशवीर सिंह ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम आरोपियों की तलाश कर रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं दूसरे पक्ष की तरफ से रहराना गांव के धनपाली ने शिकायत दर्ज कराई है कि उधम पुत्र जयवीर ने उसके बेटे अंश व उमर को रास्ते में रोककर मारपीट की। जिसका उलाहना देने वह उनके घर गई, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर झगड़े का शोर सुनकर गांव के लोग पहुंच गए तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि आज तो गांव के लोगों ने बचा लिया, आइंदा मौका मिला तो जान से खत्म कर दूंगा। पुलिस ने इस संबंध में उधम के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने 12 शिकायतों का किया समाधान

**परिवाद समिति**

**⏩ हर व्यक्ति की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाएं - आरती सिंह राव**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान एवं आयुष मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक के 13 एजेंडों में से 12 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर व्यक्ति की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें। कुमारी आरती सिंह राव आज जिला पलवल में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

बैठक में पलवल की ज्योति शर्मा ने शिकायत दी कि उनकी जमीन पर हैफेड व वेयर हाउस का कब्जा है।

उनकी शिकायत की सुनवाई करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रार्थी की जमीन का कब्जा उन्हें दिलाया जाए। इसके लिए उन्होंने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करवाकर कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने भरोसा दिया कि उन्हें पूर्ण न्याय दिलाया जाएगा। साथ ही उन्होंने मामले की पूर्ण जांच के निर्देश भी दिए।

# मेयर राजरानी के चुनाव को हाइकोर्ट में चुनौती

**आरोप**

**⏩ मल्होत्रा पर सामान्य श्रेणी का होने के बावजूद फर्जी तरीके से पिछड़ा वर्ग-ए के जाति प्रमाण पत्र से चुनाव लड़ने का आरोप**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** गुरुग्राम नगर निगम की मेयर राज रानी मल्होत्रा के चुनाव को हाइकोर्ट में चुनौती दी गई है। मल्होत्रा पर सामान्य श्रेणी का होने के बावजूद फर्जी तरीके से पिछड़ा वर्ग-ए के जाति प्रमाण पत्र से चुनाव लड़ने का आरोप है। मल्होत्रा को पिछड़ा वर्ग-ए की जाति प्रमाण 16 फरवरी को रविवार के दिन एडीसी द्वारा जारी किया गया। नियमों के अनुसार एडीसी इस तरह के प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अधिकृत नहीं है। मामले में अगली सुनवाई ,22मई तय की गई है।

इस मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने गंभीर रुख अपनाते हुए हरियाणा सरकार, राज रानी मल्होत्रा व अन्य प्रतिवादी पक्ष को नोटिस जारी किया है। यह मामला एक जनहित याचिका के माध्यम से सामने आया है, जिसे यशपाल प्रजापति और अन्य ने दाखिल किया है।

याचिका में मांग की गई है कि भाजपा की राज रानी मल्होत्रा और कांग्रेस प्रत्याशी सीमा पाहूजा को जारी पिछड़ा वर्ग-ए जाति प्रमाण पत्र को अवैध घोषित कर रद्द किया जाए, क्योंकि इन्हें कथित रूप से फर्जी और अवैध तरीके से जारी किया गया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं के वकील मुकेश वर्मा ने बेंच को बताया कि गुरुग्राम नगर निगम का मेयर का पद पिछड़ा वर्ग-ए के लिए आरक्षित था। दोनों ही उम्मीदवारों ने बीसी-ए श्रेणी के अंतर्गत मेयर पद के लिए नामांकन दाखिल किया था, जबकि वे वास्तव में खत्री जाति से हैं, जो सामाजिक रूप से उन्नत सामान्य वर्ग में आती है, न कि हरियाणा सरकार द्वारा अधिसूचित बीसी-ए श्रेणी की सुनार या अन्य किसी पिछड़े वर्ग से आते है।उन्होंने दावा किया कि यह प्रमाण पत्र सरकारी मशीनरी की मिलीभगत से, बिना कानूनी प्रक्रिया का पालन किए और सक्षम प्राधिकारी द्वारा जाति की पुष्टि किए बिना जारी किए गए। याचिका में यह भी कहा गया है कि हरियाणा नगर निगम (संशोधन) अधिनियम 2023 के तहत राज्य के बीसी-ए वर्ग के नागरिकों को स्थानीय निकायों में प्रतिनिधित्व देने का वैधानिक अधिकार मिला है, लेकिन जब ऐसे लोग, जो इस वर्ग के नहीं हैं, फर्जी प्रमाण पत्रों के जरिए चुनाव लड़ते हैं और पद हासिल करते हैं, तो इससे वास्तविक बीसी-ए वर्ग के लोगों के संवैधानिक अधिकारों का हनन होता है।

याचिकाकताओं ने कोर्ट को यह भी बताया कि जैसे ही उन्हें इस फर्जीवाड़े की जानकारी मिली, उन्होंने प्रमाणों सहित संबंधित अधिकारियों को शिकायत सौंपीं और मांग की कि दोनों प्रत्याशियों के फर्जी प्रमाण पत्र रद्द कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है और दोनों को मिले लाभ अब तक वापस नहीं लिए गए हैं। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागु और जस्टिस कमरजीत सिंह की बेंच ने याचिकाकताओं की दलीलों को गंभीरता से लेते हुए हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर उसका जवाब मांगा है।

# किसानों की उपज का जल्द से जल्द हो उठान और भुगतान : आपूर्ति मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री श्री राजेश नागर ने बुधवार को पलवल और होडल स्थित अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों द्वारा फसल खरीद के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौजूद किसानों से बातचीत करते हुए मंडी में आवश्यक सुधारों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने किसानों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की फसल का भुगतान जल्द से जल्द करवाया जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित विभाग और मंडी के आढ़तियों से कहा कि किसानों की उपज का जल्द से जल्द उठान करवाने का प्रबंध किया जाए। उन्होंने कहा कि होडल अनाज मंडी को गार्डन अनाज मंडी के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसका एस्टीमेट बनाकर भिजवा दिया गया है। मार्डन मंडी बनने से सुविधाओं का विस्तार होगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री ने मंडी परिसर में किसानों की सुविधा के लिए पर्याप्त बिजली, पानी, सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों की फसल का एक - एक दाना खरीदने के लिए व्यवस्था और प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। ऐसे में किसान सहभागी बनते हुए खरीद प्रक्रिया में अपना योगदान दें। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी सरसों की फसल को अच्छी तरह से सुखाकर एवं साफ करके मंडी में लाएं।

# दिसंबर 2024 में आयोजित कई परीक्षाओं का परिणाम जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक ने दिसंबर 2024 में आयोजित कई परीक्षाओं का परिणाम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के बीएचएमसीटी-प्रथम, तीसरे, पांचवें व सातें सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर, ब्रिज कोर्स रेगुलर एमसीए दो वर्षीय के प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एमसीए के प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एम.कॉम कॉमर्स ऑनर्स फ्रेश व री-अपीयर के पांचवें, सातवें व नौंवे सेमेस्टर तथा एम.कॉम आनर्स के प्रथम, तीसरे व दसवें सेमेस्टर की केवल री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

# हरियाणा-इजरायल ने कृषि नवाचार के लिए पेश किया साझा दृष्टिकोण



**चर्चा**

**⏩ जल पुनर्चक्रण, हाइड्रोपोनिक्स, बीज सुधार और फसल कटाई के बाद प्रबंधन पर हुई चर्चा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा और इजरायल ने बागवानी के क्षेत्र में कृषि नवाचार को लेकर एक साझा दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है। हरियाणा के कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा और इजरायल के कृषि व खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिक्टर के बीच इंडो-इजरायल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल्स, घरौंडा (करनाल) में महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक दोनों देशों के बीच नई दिल्ली में हुए कृषि सहयोग समझौते और कार्य योजना पर हस्ताक्षर के एक दिन बाद आयोजित की गई। बैठक के दौरान इजरायल के मंत्री डिक्टर ने हरियाणा में जल प्रदूषण की समस्या को देखते हुए जल पुनर्चक्रण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, हमें प्रदूषित जल का उपयोग सिंचाई के लिए करना चाहिए।

उन्होंने हरियाणा को इस दिशा में संभावनाएं तलाशने की सलाह दी। उन्होंने हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह मंत्री राणा को इजरायल आने के लिए आमंत्रित किया ताकि सिंचाई, बीज उत्पादन और जलवायु नियंत्रित खेती में अपनाई जा रही उन्नत तकनीकों को नजदीक से देखा जा सके। श्री राणा ने हरियाणा में खारे पानी को शुद्ध करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों और प्राकृतिक खेती को लेकर चल रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष राज्य ने एक लाख एकड़ खारे पानी वाले क्षेत्र को खेती योग्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने दिल्ली के आसपास फूलों की खेती (फ्लोरीकल्चर) को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। कृषि मंत्री ने हरियाणा की भौगोलिक विविधताओं का भी उल्लेख लिया और बताया कि एक छोटा राज्य होने के बावजूद हरियाणा का देश की सैन्य सेवा और अंतरराष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# हरियाणा की नौकरशाही में मेगा फेरबदल की तैयारी

**संभावना**

**⏩ उच्च अधिकारी किसी अन्य बड़े राज्य अथवा केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी प्राप्त करने के इच्छुक बताए जाते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रदेश की नौकरशाही के कार्य प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि आगामी चौदह अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र नरेंद्र मोदी के हरियाणा दौरे के बाद राज्य में मेगा प्रशासनिक फेरबदल किया जा सकता है। सरकार ने कई वरिष्ठ आई ए एस और आई पी एस अधिकारियों की तबादला सूची तैयार की है। मौजूदा मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के जून में रिटायरमेंट के बाद डॉ. सुमिता मिश्रा और सुधीर राजपाल इस पद के दावेदार हो सकते हैं। पीएम दौरे के बाद मुख्यमंत्री सचिवालय और जिला स्तर पर भी बदलाव तय माने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों में जुटी सरकार ने राज्य के कई सीनियर आईएएस व आईपीएस अधिकारियों को 14 अप्रैल को हिसार व यमुनानगर में होने वाले कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सौंपी हुई है। पीएम के दौरे से पहले यदि राज्य की अफसरशाही में बदलाव कर दिया जाता तो इन तैयारियों पर असर पड़ सकता था। इसलिए पीएम के दौरे के बाद मेगा फेरबदल किया जा सकता है।

हरियाणा के 169 आईएएस अधिकारियों में से इस साल आठ आईएएस अधिकारी रिटायर होने वाले हैं। इनमें मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी सबसे सीनियर अधिकारी हैं।रस्तोगी का रिटायरमेंट 30 जून को होगा। पिछली सरकारों में मुख्य सचिव को तीन से छह माह का सेवा विस्तार मिलता रहा है, लेकिन अनुराग रस्तोगी को यह सेवा विस्तार मिलने की संभावना नहीं है। सूत्रों के अनुसार अनुराग रस्तोगी को रिटायरमेंट के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

अनुराग रस्तोगी के स्थान पर राज्य की मौजूदा राजस्व सचिव एवं वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा मुख्य सचिव पद की प्रबल दावेदार हैं।

सुमिता मिश्रा का रिटायरमेंट 31 जनवरी 2027 को है। उनसे पहले स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल का रिटायरमेंट 30 नवंबर 2026 को है। सुधीर राजपाल भी मुख्य सचिव पद के प्रबल दावेदार हैं।सुधीर राजपाल और सुमिता मिश्रा दोनों ही 1990 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। प्रधानमंत्री के दौरे के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सचिवालय में भी कुछ बदलाव होने की चर्चा है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक उच्च अधिकारी किसी अन्य बड़े राज्य अथवा केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी प्राप्त करने के इच्छुक बताए जाते हैं।

# रेवाड़ी में जल्द शुरू होंगी एम्स की सेवाएं, काम जोरों पर जारी: आरती सिंह राव

**टीम एक्शन इंडिया**

रेवाड़ी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि रेवाड़ी में एम्स को बनाने का सपना उनके पिता राव इंद्रजीत सिंह ने देखा था और अब उसको साकार किए जाने के दिन आने वाले हैं। जिला की इस महती परियोजना पर जोरों से काम चल रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री बुधवार को रेवाड़ी के नागरिक अस्पताल परिसर में सीएसआर स्कीम के तहत स्थापित की गई अत्याधुनिक हेल्थ चेकअप मशीन का शुभारंभ करने के पश्चात उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी के अस्पताल में चार हेल्थ एटीएम मशीन लगाई जाएंगी। ये मशीनें घड़ी डिटरजेंट बनाने वाली कंपनी आरएसपीएल व गुहा टेक्रोलॉजी के सहयोग से स्थापित की गई है। इस मशीन से एक आदमी या महिला के किडनी, शुगर, हार्ट, प्री-नेटिव, ओरल आदि 65 प्रकार के हेल्थ टेस्ट हो सकते हैं। कंपनी की ओर से किसी मरीज को चिकित्सा सेवा की आवश्यकता हुई तो उसका पूरा ब्यौरा भी बताया जाएगा।

रेवाड़ी के नागरिकों के लिए इस मशीन का लगाया जाना चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में बड़ा कदम है। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के धारूहेड़ा में अस्पताल बनाए जाने के बारे में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह मांग विधानसभा सत्र में उठाई गई थी। उन्होंने कहा कि धारूहेड़ा में फिलहाल पीएचसी है, उनका प्रयास रहेगा कि वहां कम से कम सौ बिस्तरों का अस्पताल अवश्य बनवाया जाए। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों से दक्षिण हरियाणा के क्षेत्र में विकास को नई गति मिली है। हेल्थ एटीएम मशीन के लगने से किसी नागरिक को अपने टेस्ट करवाने के लिए ईधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

# पीएम मोदी 14 अप्रैल को देंगे विकास की सौगात: मोहन लाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा से विशेष लगाव है। यही कारण है कि पीएम मोदी जब - जब हरियाणा आते हैं हरियाणावासियों को सौगातें देकर जाते हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि 14 अप्रैल को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को पहला एयरपोर्ट देंगे साथ ही 800 मेगावाट बिजली की नई युनिट का शिलान्यास करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के हरियाणा दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। हरियाणा के लाखों कार्यकर्ता प्रधानमंत्री का स्वागत और अभिनंदन करने के लिए उत्सुक हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने



कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चिंतन -मंथन मात्र दिखावा है।

पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि बाबा भीम राव अंबेडकर की जयंती के मौके पर 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 9 बजे हिसार पहुंचेंगे और हरियाणा के पहले एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे।

**सीधा संवाद**

**⏩ हरियाणा को मिलेगा पहला एयरपोर्ट : हिसार और यमुनानगर में प्रधानमंत्री मोदी की होगी दो बड़ी जनसभाएं**

हिसार से पहली उड़ान भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए अयोध्या के लिए शुरू होगी। उद्घाटन के पश्चात पीएम मोदी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा में 48 विधानसभाओं के कार्यकर्ता और लोग लोकप्रिय प्रधानमंत्री को सुनने आएंगे। सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री यमुनानगर में 800 मेगावाट बिजली की नई युनिट की आधारशिला रखेंगे और जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी की इस जनसभा में हरियाणा की 42 विधानसभाओं के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

**गांव चलो अभियान के तहत लोगों से होगा सीधा संवाद**

श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में संगठन पर्व चल रहा है। 10, 11 और 12 अप्रैल को हरियाणा में गांव चलो अभियान चलेगा। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता इन तीन दिनों तक गांव की चौपालों में जाकर लोगों से सीधा संवाद करेंगे। शहर में भी यह अभियान चलेगा। वार्डों और बस्तियों में भाजपा के कार्यकर्ता मोदी और नायब सरकार की उपलब्धियां लोगों को बताएंगे। श्री बड़ौली ने कहा कि प्रदेश भर में लगभग 45 हजार भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। मंडल और जिला स्तर पर सभी नियुक्तियां हो चुकी हैं। 10 अप्रैल तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी भी बन जाएगी।

11 अप्रैल को साइक्लोथान कार्यक्रम में शामिल होंगी महिला मोर्चा की हजारों कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 16 और 17 अप्रैल तक जिलों की पूरी टीम तैयार हो जाएगी। श्री बड़ौली ने कहा कि 11 अप्रैल को सुबह 7 बजे महिला मोर्चा की हजारों कार्यकर्ता फरीदाबाद पहुंचकर साइक्लोथान कार्यक्रम में शामिल होंगी।

उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकताओं में नशे के खिलाफ निकाली जा रही साइक्लोथान यात्रा में शामिल होने के लिए काफी उत्साह है।

# मिशन बुनियाद हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना: साहिल सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के केशव सदन में मिशन बुनियाद के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-27 के लिए बुनियाद कार्यक्रम में दाखिला के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं बुनियाद लेवल-3 परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यातिथि साहिल सुधा, जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा, विकल्प संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष नवीन मिश्रा, डायरेक्टर प्रदीप तथा जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक, डॉ सचिंदर कोरा, अतुल शास्त्री, राजेश सैनी ने दीप प्रज्वलित करके किया। साहिल सुधा के चयनित



विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन बुनियाद शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत राजकीय विद्यालयों में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर परंतु बौद्धिक रूप से श्रेष्ठ विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से ही आईआईटी, नीट, एनडीए तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निशुल्क करवाई जा रही है ताकि प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे ग्रामीण अंचल के प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिल सके तथा वे भी सामर्थ्यवान जीवन जी सकें। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार की पहल पर शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी 22 जिलों में बुनियाद ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनका उदेश्य विद्यार्थियों को कक्षा नौंवी से ही प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बुनियाद केंद्रों के प्राचार्य, बुनियाद केंद्रों के समन्वयक, बुनियाद लेवल 2 में

**बुनियाद**

**बुनियाद कार्यक्रम में दाखिला के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं बुनियाद लेवल-3 परीक्षा का आयोजन किया**

चयनित सभी विद्यार्थी व उनके अभिभावक, बुनियाद में पढ़ रहे सभी विद्यार्थी तथा सभी प्राचार्य तथा संबंधित विज्ञान शिक्षक जिनके विद्यालय के विद्यार्थियों का चयन बुनियाद कार्यक्रम के लिए हुआ है ने सहभागिता की। डॉ कौशिक ने बताया कि कुरुक्षेत्र जिले से बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा में 2025-27 बैच के कुल 248 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इसके अतिरिक्त, ओरिएंटेशन कार्यक्रम में 248 छात्रों और उनके माता-पिता सहित 800 से अधिक लोग उपस्थित रहे। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विकल्प संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा बुनियाद कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विषय वस्तु के बारे में सभी चयनित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को विस्तार से बताया ताकि बुनियाद कार्यक्रम के उद्देश्यों व कार्यप्रणाली को आमजन तक पहुँचाया जा सके। नवीन मिश्रा ने बुनियाद कार्यक्रम के अंतर्गत पढ़ रहे विद्यार्थियों के मूल्यांकन व शैक्षणिक स्तर की जांच तथा विद्यार्थियों के मानसिक बल को सुदृढ़ करने के लिए सार्थक चर्चा की तथा अभिभावकों को बुनियाद की मूल अचना से अवगत करवाया। नवीन कुमार मिश्रा जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि गणित कैसे जीवन में एक मजबूत आधार बनाता है। उन्होंने सरकार की नई बजट घोषणा में शामिल मैथ ओलंपियाड की जानकारी साझा की।

# शराब ठेकों पर लूट करने वाले गिरोह का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने जीटी रोड पर सेक्टर 29 बाइपास स्थित शराब ठेके पर व समालखा व पट्टीकल्याण के बीच स्थित शराब ठेके से हथियार के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के दूसरे आरोपी को मंगलवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर रसलापुर चौक के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान फारूख पुत्र सागीर निवासी कप्तान नगर हाल कलंदर पीर के रूप में हुई। बीती 27 मार्च की रात आरोपी दोनों जगह पर शराब ठेकों से 2 लाख 30 हजार रूपए की राशि लूटकर फरार हो गए थे।

एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी साहिल निवासी गांजबड़ व फरार साथी आरोपी सुख्खा



निवासी खटीक बस्ती व मोहित निवासी मुरथल के साथ मिलकर लूट की उक्त वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी फारूख ने अपने हिस्से में आई लूट की राशि में से कुछ पैसे खर्च कर दिए। आरोपी के कब्जे से बचे 12 हजार रूपए बरामद कर पुलिस ने बुधवार को पूछताछ के बाद आरोपी फारूख को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से वारदात में शामिल फरार आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेंगी। मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके आरोपी साहिल के कब्जे से लूटी गई राशि में से 10 हजार रूपए बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा की टीम ने बीते शनिवार को गिरोह का भंडाफोड़ कर समालखा अनाज मंडी गेट के पास से आरोपी साहिल निवासी गांजबड़ को काबू किया था। पूछताछ में आरोपी अपने साथी आरोपी फारूख, सुक्खा व मोहित के साथ मिलकर लूट की उक्त वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। पूछताछ में आरोपी साहिल ने पुलिस को बताया था कि 27 मार्च की देर शाम को वह और साथी आरोपी फारूक पुराना बस अड्डा के पास खड़े थे। तभी साथी आरोपी सुक्खा व मोहित सफेद रंग की एक करेटा गाड़ी मे सवार होकर आए।

# आज की खेती में तकनीक की अहम भूमिका: श्याम सिंह राणा

**बदलाव**

**आज की खेती में तकनीक की अहम भूमिका है। आधुनिक तकनीक से खेती में बदलाव संभव हो पाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा स्थित इंडो-इजराइल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में बुधवार को एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस संगोष्ठी में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा और इजराइल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिक्टर मुख्य रूप से शामिल हुए। संगोष्ठी में दोनों देशों के कृषि क्षेत्र को लेकर विशेष तकनीकी सहयोग, भविष्य की चुनौतियों और समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि आज की खेती में तकनीक की अहम भूमिका है। इजराइल की आधुनिक तकनीक से खेती में बदलाव संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि अब पानी बचाने की सूक्ष्म सिंचाई पद्धति जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर सिस्टम को अपनाया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण के साथ उत्पादन भी



बेहतर हो रहा है। यह तकनीक हमें इजराइल से सीखने को मिली है।

श्याम सिंह राणा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 14 साल पहले इसराइल के सहयोग से इस उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की गई थी। इसका लाभ हरियाणा के किसानों को बागवानी के क्षेत्र में मिला। उन्होंने बताया कि राज्य में पारंपरिक खेती से हटकर किसान अब बागवानी की ओर बढ़े हैं, जिससे न केवल उत्पादकता में बढ़ोतरी हुई है, बल्कि किसानों की आमदनी भी दोगुनी हुई है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मंडियों में गेहूं के उठान के लिए सभी टेंडर पूरे कर लिए हैं। किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अनाज का उठान समय पर हो, वेयरहाउस में सुरक्षित पहुंचे और उसका रखरखाव सही ढंग से किया जाए।

इजराइल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिक्टर ने संगोष्ठी में कहा कि भारत और इजरायल के बीच जमीन और जनसंख्या को लेकर भले अंतर हो, लेकिन कृषि संबंधी समस्याएं काफी हद तक समान हैं। उन्होंने बताया कि इस मुलाकात में दोनों देशों ने अपनी-अपनी सफलताओं और विफलताओं को साझा किया है, जिससे सीखकर आगे की रणनीति बनाई जा सकेगी। इजरायली मंत्री ने बताया कि इस संगोष्ठी में भारत, हरियाणा और इजराइल के बीच मिलकर भविष्य की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के तरीकों पर विचार हुआ। उन्होंने कहा कि हमारे पास कई प्रयोगशालाएं हैं और कृषि तकनीक में आगे बढने के लिए भारत के साथ साझेदारी को और मजबूत करेंगे।

# असली बदलाव हमारे गांवों में महिलाओं के सशक्तिकरण से शुरू होता है : रेनू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** वारित्रा फाउंडेशन ने आज जिले के ऊंचा समाना गांव में एक भव्य प्रमाण पत्र वितरण समारोह के साथ अपने लाभार्थियों की उपलब्धियों का जश्न मनाया। स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा कौशल विकास और शैक्षिक कार्यक्रमों के सफल समापन को मान्यता दी गई, जो ग्रामीण सशक्तिकरण के लिए फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। समारोह में मेयर रेनू बाला गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की और शैक्षिक और आर्थिक अंतर को पाटने में फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वारित्रा फाउंडेशन के कार्यक्रम जैसी पहल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# स्कूलों ने एकत्र होकर हनुमान जन्मोत्सव में सहभागिता सुनिश्चित की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**पानीपत** के समस्त स्कूलों ने एकत्र होकर पानीपत के धर्म कुंभ हनुमान जन्मोत्सव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की स्थानीय जिमखाना क्लब में आयोजित पानीपत के प्राइवेट स्कूलों की एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष नारंगिणी की। इस अवसर पर स्कूल संचालक शर्मा ने कहा कि पानीपत के विद्यार्थी हनुमान जी को अपना आराध्य देव मानते हैं हनुमान चालीसा करते हैं हनुमान जी के बताएं सब मार्ग पर चलते हैं तो ऐसे में अपने आराध्य देव का जन्मोत्सव क्यों नहीं मानेंगे हनुमान जी पानीपत के कान-कान में विराजमान है। वह 3:00 बजे न्यू हाउसिंग बोर्ड क्लोन कॉलोनी स्थित शिव मंदिर निकट साइन बाबा चौक पर एकत्रित होंगे जहां से स्कूली बच्चे विभिन्न प्रकार की गतिविधियां सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हुए बंजारों के रास्ते जीटी रोड से होते हुए पचरंगा बाजार पहुंचेंगे।

# 'प्रदेश सरकार कुशलता से जन हितैषी कार्य कर रहीं'

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** बुधवार को प्रजापति धर्मशाला में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समालखा से विधायक मनमोहन भड़ाना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सम्मेलन में पहुंचने पर भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक,आजाद नेहरा व पार्टी कार्यकर्ताओं ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पार्टी कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए विधायक मनमोहन भड़ाना ने कहा कि जिस भारतीय जनता पार्टी ने 1980 मे मात्र 2 सांसदों से अपना सफर शुरू किया था और आज वो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। विधायक ने कहा कि देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश व प्रदेश में पार्टी कि तीसरी बार सरकार बना कर कीर्तिमान स्थापित किया है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो बार मनोहर लाल की और अब तीसरी बार नायब सिंह सैनी के नेतृत्व मे प्रदेश सरकार कुशलता से जन हितैषी कार्य कर रहीं हे भाजपा नेता देवेन्द्र कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यों से सर्व समाज खुश है।

भारतीय जनता पार्टी का हमेशा देश सर्वोपरि का सिद्धांत रहा है,जिसकी वजह से भाजपा का जनाधार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसका उदाहरण हाल ही सम्पन्न हुए सदस्यता अभियान के बाद भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने कहा कि हरियाणा भाजपा में भी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली के नेतृत्व मे पचास हजार से ज्यादा

**कीर्तिमान**

**प्रजापति धर्मशाला में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन का आयोजन किया गया**

सदस्य बना कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज ,जिला महामंत्री निशांत छौक्कर, नगर पालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया।

सम्मेलन में चारों मण्डल अध्यक्ष ,नपा पार्षद राजेश शर्मा ,शमशेर सैनी,अंकित त्यागी, सदिप पांचाल ,हरेंद्र त्यागी,, विकास शर्मा, दिनेश स्वामी शकुंतला ,मुकेश कुमारी ,गायत्री जांगड़ा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज ने हरियाणा में व्यापारिक विकास को दी नई उड़ान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** रेडीमेड गारमेंट रिटेल के प्रतिस्पर्धी बाजार में, सही मार्गदर्शन और संकल्प किसी भी कठिन परिस्थिति को बदल सकता है। हरियाणा के कैथल जिले के वेद प्रकाश, जो गारमेंट व्यवसाय चलाते हैं, को शुरूआत में एक फर्जी लोन के धोखे का सामना करना पड़ा। लेकिन इसके बाद, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज उनके लिए उम्मीद की नई किरण साबित हुई। जब मैंने पहली बार आर्थिक सहायता के लिए प्रयास किया, तो एक नकली बैंक प्रतिनिधि ने मुझे गुमराह कर दिया। यह एक बुरा सपना था–मुझे सिस्टम से भरोसा उठ गया था और समझ नहीं आ रहा था कि अब क्या करूं। मेरा व्यापार पहले से ही संघर्ष कर रहा था और ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा से स्थिति और बिगड़ रही थी," वेद याद करते हैं। वेद के जीवन में बदलाव तब आया जब उन्होंने कैथल में एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के एक प्रतिनिधि से संपर्क किया।


## उत्तर रेलवे
### ई–खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक **02.05.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

**क्रम सं.**: ए, **कार्य का नाम**: सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा– IV के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/दिल्ली किशनगंज–1 के कार्य क्षेत्र में रेल भवन से रेलवे बोर्ड के रिकॉर्ड रूम को स्थानांतरित करने के लिए दिल्ली किशनगंज (डीकेजेड), दिल्ली में पुराने टीए कार्यालय, सीसीआई के भूतल का नवीनीकरण के कार्य हेतु। **अनुमानित लागत**: रूपये 10245466.47, **धरोहर राशि**: रूपये 201200.00, **समापन अवधि**: 06 महीने।

**क्रम सं.**: बी, **कार्य का नाम**: सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–IV के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/दिल्ली किशनगंज–1 के कार्य क्षेत्र में डीकेजेड–1 रेलवे कॉलोनी में 104 टाइप–1 क्वार्टरों के स्थान पर 52 टाइप–II क्वार्टरों का प्रावधान हेतु कार्य। **अनुमानित लागत**: रूपये 17212788.80, **धरोहर राशि**: रूपये 236100.00, **समापन अवधि**: 12 महीने।

**क्रम सं.**: सी, **कार्य का नाम**: सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–IV के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/दिल्ली शकूरबस्ती के कार्य क्षेत्र में शकूरबस्ती रेलवे कॉलोनी में 86 टाइप–I क्वार्टरों के स्थान पर 43 टाइप–II क्वार्टरों का प्रावधान हेतु कार्य। **अनुमानित लागत**: रूपये 18643835.10, **धरोहर राशि**: रूपये 243200.00, **समापन अवधि**: 10 महीने।

1. निविदा दिनांक **02.05.2025** को **15:00** बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। **पत्र संख्या**:– 128–डब्लयू/269/निविदा सूचना/25–26/डब्लयू–ई/ टेंडर नं. 06(ए,बी,सी) दिनांक: 09.04.2025 1077/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## ग्रीष्मकालीन विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का परिचालन

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04088/04087 नई दिल्ली – पटना जं. – नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 164 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04088 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04087 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:50 | नई दिल्ली | 04:40 | -- |
| 08:40 | -- | पटना जं. | -- | 12:00 |

**चलने की तिथि** : **04088 नई दिल्ली** से दिनांक 20.04.2025 से 10.07.2025 तक (प्रतिदिन) एवं **04087 पटना जं.** से दिनांक 21.04.2025 से 11.07.2025 तक (प्रतिदिन)। **स्थान**: 3 टियर वाता. एवं सामान्य श्रेणी। **ठहराव**: गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।

**04081/04082 श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली – श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 72 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04081 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | -- |
| 11:40 | -- | श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 21:20 |

**चलने की तिथि** : **04081 नई दिल्ली** से दिनांक 21.04.2025 से 12.07.2025 तक (सोमवार, बुधवार एवं शनिवार) को एवं **04082 श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 22.04.2025 से 13.07.2025 तक (मंगलवार, गुरूवार एवं रविवार) को। **स्थान**: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहराव**: सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट जं., जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

**04024/04023 दिल्ली जं. – वाराणसी जं. – दिल्ली जं. आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 70 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04024 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04023 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:30 | दिल्ली जं. | 08:50 | -- |
| 09:45 | -- | वाराणसी जं. | -- | 18:35 |

**चलने की तिथि** : **04024 दिल्ली जं.** से दिनांक 21.04.2025 से 10.07.2025 तक (सोमवार, गुरूवार एवं शनिवार) को एवं **04023 वाराणसी जं.** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार) को। **स्थान**: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहराव**: गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, राय बरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम स्टेशन।

**04064/04063 नई दिल्ली जं. – गया जं. – नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04064 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:30 | नई दिल्ली | 23:35 | -- |
| 01:50 | -- | गया जं. | -- | 06:40 |

**चलने की तिथि** : **04064 नई दिल्ली** से दिनांक 21.04.2025 से 10.07.2025 तक (सोमवार एवं गुरूवार) को एवं **04063 गया जं.** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को। **स्थान**: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहराव**: गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम एवं डेहरी ऑनसोन स्टेशन।

**04066/04065 नई दिल्ली जं. – सहरसा जं. – नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 21:35 | नई दिल्ली | 23:30 | -- |
| 22:00 | -- | सहरसा जं. | -- | 23:55 |

**चलने की तिथि** : **04066 नई दिल्ली** से दिनांक 21.04.2025 से 10.07.2025 तक (गुरूवार एवं सोमवार) को एवं **04065 सहरसा जं.** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (शुक्रवार एवं मंगलवार) को। **स्थान**: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहराव**: गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. स्टेशन।

**04096/04095 आनन्द विहार (ट.) – जयनगर – आनन्द विहार (ट.) आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04096 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04095 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:00 | आनन्द विहार (ट.) | 08:10 | -- |
| 05:20 | -- | जयनगर | -- | 07:30 |

**चलने की तिथि** : **04096 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 21.04.2025 से 10.07.2025 तक (सोमवार एवं गुरूवार) को एवं **04095 जयनगर** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को। **स्थान**: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहराव**: गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**04518/04517 बठिण्डा जं. – वाराणसी जं. – बठिण्डा जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04518 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04517 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:50 | बठिण्डा जं. | 17:00 | -- |
| 17:30 | -- | वाराणसी जं. | -- | 20:40 |

**चलने की तिथि** : **04518 बठिण्डा जं.** से दिनांक 21.04.2025 से 11.07.2025 तक (सोमवार एवं शुक्रवार) को एवं **04517 वाराणसी** से दिनांक 22.04.2025 से 12.07.2025 तक (मंगलवार एवं शनिवार) को। **स्थान**: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहराव**: रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन।

**04209/04210 लखनऊ जं. – चण्डीगढ़ – लखनऊ जं. आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल रेलगाड़ी** — 70 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04209 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04210 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:45 | लखनऊ जं. | 21:30 | -- |
| 07:55 | -- | चण्डीगढ़ | -- | 10:20 |

**चलने की तिथि** : **04209 लखनऊ जं.** से दिनांक 21.04.2025 से 09.07.2025 तक (सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार) को एवं **04210 चण्डीगढ़** से दिनांक 22.04.2025 से 10.07.2025 तक (मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार) को। **स्थान**: प्रथम सह द्वितीय वाता., 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहराव**: शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी एवं अम्बाला कैंट जं. स्टेशन।

**05636/05635 गुवाहाटी – श्री गंगानगर जं. – गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05636 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05635 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 18:15 | गुवाहाटी | 00:25 | -- |
| 03:30 | -- | श्री गंगानगर जं. | -- | 13:20 |

**चलने की तिथि** : **05636 गुवाहाटी** से दिनांक 21.05.2025 से 25.06.2025 तक (प्रत्येक बुधवार) को एवं **05635 श्री गंगानगर जं.** से दिनांक 25.05.2025 से 29.06.2025 तक (प्रत्येक रविवार) को। **स्थान**: सामान्य श्रेणी। **ठहराव**: कामाख्या, गोलपाड़ा टाउन, न्यू बोंगाईगांव, कोकराझार, अलीपुरद्वार जं., दलगांव, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, कटिहार जं., नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा जं., सीवान, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., मनकापुर जं., अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, मथुरा जं., भरतपुर जं., बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., रींगस जं., सीकर जं., चूरू, सादुलपुर जं., तहसील भादरा, नोहर, ऐलनाबाद हनुमानगढ़ जं. एवं सादुलशहर स्टेशन।

**05742/05741 न्यू जलपाईगूड़ी – अयोध्या कैंट – न्यू जलपाईगूड़ी ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05742 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05741 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:40 | न्यू जलपाईगूड़ी | 09:30 | -- |
| 09:30 | -- | अयोध्या कैंट | -- | 11:40 |

**चलने की तिथि** : **05742 न्यू जलपाईगूड़ी** से दिनांक 18.05.2025 से 29.06.2025 तक (प्रत्येक रविवार) को एवं **05741 श्री अयोध्या कैंट** से दिनांक 19.05.2025 से 30.06.2025 तक (प्रत्येक सोमवार) को। **स्थान**: सामान्य श्रेणी। **ठहराव**: अलुआबाड़ी रोड, किशनगंज, बारसोई, कटिहार जं., नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, साहपुर पटोरी, हाजीपुर छपरा जं., सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर एवं मनकापुर जं. स्टेशन।

**02525/02526 कामाख्या – आनन्द विहार (ट.) – कामाख्या ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02525 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02526 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:45 | कामाख्या | 03:40 | -- |
| 08:50 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 17:20 |

**चलने की तिथि** : **02525 कामाख्या** से दिनांक 11.04.2025 से 25.04.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को एवं **02526 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 13.04.2025 से 27.04.2025 तक (प्रत्येक रविवार) को। **स्थान**: प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहराव**: गोलपाड़ा टाउन, अभयपुरी असम, बिलासीपारा, गौरीपुर, गोलकगंज तूफानगंज, न्यू कूचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, बारसोई, कटिहार, नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज, गोविंदपुरी, टूंडला एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।

**01705/01706 जबलपुर जं. – हरिद्वार – जबलपुर जं. ग्रीष्मकालीन एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी** — 22 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01705 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01706 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:45 | जबलपुर जं. | 17:50 | -- |
| 13:50 | -- | हरिद्वार | -- | 17:40 |

**चलने की तिथि** : **01705 जबलपुर जं.** से दिनांक 16.04.2025 से 25.06.2025 तक (प्रत्येक बुधवार) को एवं **01706 हरिद्वार** से दिनांक 17.04.2025 से 26.06.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार) को। **स्थान**: प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहराव**: कटनी मुरवाड़ा, दमोह, सागर, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं., आगरा कैंट जं., अलीगढ जं., खुर्जा जं., हापुड, मेरठ सिटी एवं रूड़की स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1076/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# आखिर क्या काट है ' ट्रम्पोसिन ' की ?

**आपने** नाम सुना होगा ' एनासिन ' का ! ये एक एक दर्द निवारक दवा है। लेकिन ' ट्रम्पोसिन ' एक ऐसी दवा है जिससे पूरी दुनिया का सिरदर्द इन दिनों बढ़ा हुआ है। पूरी दुनिया ट्रम्पोसिन के साइड इफेक्ट्स से बचने की जुगत में लगी हुई है। क्या रूस,क्या चीन ,क्या भारत सबके सब ट्रम्पोसिन से घबड़ाये हुए हैं। अब आप समझ गए होंगे कि आखिर ये ट्रम्पोसिन क्या बला है ? नहीं समझे ! तो जान लीजिये कि ये ट्रम्पोसिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नयी टैरिफ नीति है ,जिसकी वजह से दुनिया के तमाम शेयर बाजार औंधे मुंह पड़े हुए हैं।

अमेरिका में दूसरी बार राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड सर ने दुनिया के साथ टैरिफ युद्ध छेड़ दिया। ये तृतीय विश्व युद्ध का नया रूप है। डोनाल्ड सर ने ये टैरिफ वार क्यों शुरू किया,ये या तो ट्रम्प साहब जानते हैं या उनका भगवान। ट्रम्प साहब के टैरिफ वार के निशाने पर सबसे ऊपर चीन है। मंगलवार को व्हाइट हाउस ने चीन पर कुल 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने की पुष्टि की, जो आज 9 अप्रैल से लागू होगा। आपको बता दें कि महामहिम डोनाल्ड ट्रम्प साहब ने सोमवार को कहा था कि अगर चीन ने अमेरिका पर लगाया गया 34 प्रतिशत टैरिफ वापस नहीं लिया तो उसे मार्च में लगाए 20 प्रतिशत और 2 अप्रैल को लगाए गए 34 प्रतिशत टैरिफ के साथ बुधवार से 50 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।हिन् ने अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ टैक्स के बदले में अमेरिका पर टैरिफ टैक्स बढ़कर 34 प्रतिशत कर दिया था

अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ टैक्स को लेकर शुरू हुई तकरार थमने के बजाय लगातार बढ़ रही है। चीन ने कहा था कि हम ट्रेड वॉर के लिए तैयार हैं।चीन ने कहा था कि हमारे ऊपर लगे टैरिफ को और बढ़ाने की धमकी देकर अमेरिका गलती के ऊपर गलती कर रहा है। इस धमकी से अमेरिका का ब्लैकमेलिंग करने वाला रवैया सामने आ रहा है। चीन इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा।अमेरिका के टैरिफ वार के खिलाफ जितना मुखर चीन है उतना मुखर और कोई देश नहीं है । भारत तो बिलकुल नहीं है । चीन ने दुनिया के लिए साफ संदेश भेजा था- ह्यअगर ट्रेड वॉर हुआ, तो चीन पूरी तरह तैयार है- और इससे और मजबूत होकर निकलेगा।' चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपल्स डेली ने रविवार को एक टिप्पणी में लिखाः 'अमेरिकी टैरिफ का असर जरूर होगा, लेकिन 'आसमान नहीं गिरेगा।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 60 देशों पर टैरिफ लगा दिया है।

अमेरिका चीन पर टैरिफ थोपने से पहले शायद ये भूल गया किअमेरिका के करीब 760 अरब डॉलर के सरकारी बॉन्ड हैं। मतलब ये कि चीन के पास अमेरिकी इकोनॉमी को प्रभावित करने की बड़ी ताकत है। वहीं, चीन ने अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है।चीन ने 1.9 लाख करोड़ डॉलर का अतिरिक्त लोन इंडस्ट्रियल सेक्टर को दिया है। इससे यहां फैक्ट्रियों का निर्माण और अपग्रेडेशन तेज हुआ। हुआवेई ने शंघाई में 35,000 इंजीनियरों के लिए एक रिसर्च सेंटर खोला है, जो गूगल के कैलिफोर्निया हेडक्वार्टर से 10 गुना बड़ा है। इससे टेक्नोलॉजी और इनोवेशन कैपेसिटी तेज होगी।

# परमार्थ परायण पवन पुत्र हनुमान

पं. लीलापत शर्मा

> पवन पुत्र की चरम उपलब्धि है- रामावतार का निकटतम ही नहीं सूत्रसंचालक बन जाना। इस वस्तुस्थिति का प्रकटीकरण उस चित्र से होता है जिसमें हनुमान को विशालकाय दिखाया गया है और राम लक्ष्मण उनके दोनों कंधों पर छोटे बालकों की तरह दिखाई पड़ते हैं। प्रकारांतर से इसका तात्पर्य होता है उन उत्तरदायित्वों का परोक्ष रूप से वहन करना जो प्रत्यक्षत: राम लक्ष्मण द्वारा निभाए गए समझे जाते हैं। समयानुसार उन्हें इस साहसिक श्रद्धा का सत्परिणाम भी व्यापक कृतज्ञता के रूप में मिला है। भारत में पाए जाने वाले राम मंदिरों की तुलना में हनुमान मंदिरों की संख्या प्राय: दस गुनी अधिक है। इसका तात्पर्य राम के प्रति अश्रद्धा नहीं वरन् हनुमान के प्रति कृतज्ञता का प्रकटीकरण है।
>
> यह उच्चस्तरीय सफलता हनुमान को उपहार अनुदान में नहीं मिली थी

**दैवी** अनुग्रह प्राप्त करने के लिए पूजा उपासना ही एक मात्र मार्ग नहीं है। इसके अतिरिक्त परमार्थ प्रयोजनों में रत रहने वालों ने भी अध्यात्म क्षेत्र की अभीष्ट सफलताएं पाई हैं। लोक सेवा भी किसी भजन पूजन से कम महत्व की साधना नहीं है। ऐसे व्यक्ति नित्य नियम जितनी थोड़ी उपासना कर लेने से भी उच्चस्तरीय परिणाम प्राप्त कर सकने में सफल हुए हैं। देवर्षि नारद के संदर्भ में उल्लेख है कि वे ढाई घड़ी से अधिक कहीं ठहरते नहीं थे और भक्ति भावना के विस्तार में हरिगुण गाते हुए निरंतर परिभ्रमण करते रहते थे। महर्षि व्यास ने अठारह पुराण लिखे हैं। उनका समय निश्चय ही इस लोक साधना में अधिक और पूजा अर्चना में कम लगता रहा होगा।

चरक, सुश्रुत, वाग्भट्ट आदि ऋषियों ने भजन कम और रोगियों की व्यथा निवारण के लिए पुरुषार्थ अधिक किया था। वे जानते थे कि भगवान की अनुकंपा के अधिकारी वे अधिक होते हैं जो उनकी संतान को सुखी समुन्नत बनाने में निरत रहते हैं। जिन्हें उपासना की सरलता देखकर उतने भर से जीवन लक्ष्य की प्राप्ति और भगवत् कृपा उपलब्ध हो जाने की बात सूझती है उन्हें भी बताया जाता है कि आराधना बीजारोपण के समान है, उसे अंकुरित, पल्लवित और फलित, विकसित बनाने के लिए साधना का खाद-पानी लगाने की अनिवार्य आवश्यकता पड़ती है। साधना का संगम महामानवों जैसी उदात्त जीवनचर्या एवं लोकमंगल के निमित्त किए गए त्याग बलिदान के समन्वय से बनता है। जो केवल भजन पूजन भर को सब कुछ मान लेते हैं वे कमान वाले तीर को घुमाते तो फिरते हैं पर वे उससे लक्ष्य बेध का प्रयोजन पूरा नहीं कर पाते।

इन दिनों विशिष्ट परिस्थिति है। इसमें सब काम छोड़कर जीवन और मरण के झूले में झूलती हुई मानवता की प्राण रक्षा को सर्वोपरि महत्व मिलना चाहिए। जप, अर्चन, व्रत अनुशासन एवं विशिष्ट ध्यान के त्रिवेणी संगम को इतना पर्याप्त न मान लेना चाहिए कि उतने भर से आत्मशोधन का प्रयोजन भली प्रकार पूरा होता रहेगा। प्रयास पुरुषार्थ का नियोजन उस युग सृजन प्रक्रिया में किया जाना चाहिए, जिसमें स्वार्थ और परमार्थ का, आत्म कल्याण और लोकमंगल का उभयपक्षीय प्रयोजन पूर्ण होता है।



ईश्वरीय प्रयोजन की पूर्ति के लिए कैसा जीवन क्रम अपनाया जाना चाहिए इसके सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं पवन पुत्र हनुमान। उन्हें राम के निकटतम आत्मीयों में गिना गया है। राम पंचायतन में कुटुंब की दृष्टि से तो चारों भाई तथा सीता मिलकर पांच होते हैं पर स्थापनाओं में हनुमान को भी रखा गया है और नाम पंचायतन होते हुए भी उसके सदस्यों की संख्या पांच न रहकर छः हो जाती है जबकि हनुमान रघुवंशी तो क्या मनुष्यवंशी भी नहीं थे।

पवन पुत्र की चरम उपलब्धि है- रामावतार का निकटतम ही नहीं सूत्रसंचालक बन जाना। इस वस्तुस्थिति का प्रकटीकरण उस चित्र से होता है जिसमें हनुमान को विशालकाय दिखाया गया है और राम लक्ष्मण उनके दोनों कंधों पर छोटे बालकों की तरह दिखाई पड़ते हैं। प्रकारांतर से इसका तात्पर्य होता है उन उत्तरदायित्वों का परोक्ष रूप से वहन करना जो प्रत्यक्षतः राम लक्ष्मण द्वारा निभाए गए समझे जाते हैं। समयानुसार उन्हें इस साहसिक श्रद्धा का सत्परिणाम भी व्यापक कृतज्ञता के रूप में मिला है। भारत में पाए जाने वाले राम मंदिरों की तुलना में हनुमान मंदिरों की संख्या प्रायः दस गुनी अधिक है। इसका तात्पर्य राम के प्रति अश्रद्धा नहीं वरन् हनुमान के प्रति कृतज्ञता का प्रकटीकरण है।

यह उच्चस्तरीय सफलता हनुमान को उपहार अनुदान में नहीं मिली थी वरन् उन्होंने उसे महंगा मूल्य देकर खरीदा था। उनने अपने रोम रोम में राम को बसा लिया था। "राम काज कीन्हें बिना मोहि कहां विश्राम" की रट लगी रहती थी और इसके लिए अपनी समग्र चेतना और तत्परता नियोजित किए रहते थे। उनके हृदय में अन्य कोई निजी इच्छा महत्वाकांक्षा न थी। एकात्म की स्थिति में निजी लिप्सा लालसाएं विसर्जित ही करनी पड़ती हैं। सीता को यह वस्तुस्थिति एक बार उन्होंने हृदय चीर कर दिखाई थी। पवन पुत्र के प्रति अपनी भावना व्यक्त करते हुए राम ने अयोध्या लौटने पर गुरु वशिष्ठ के सम्मुख अपनी समस्त सफलताओं का श्रेय हनुमान को देते हुए उन्हें भरत की तरह प्राण प्रिय बताया था। यह उभयपक्षीय आत्मीयता इतनी सघन कैसे हो सकी, इसमें भावुकता का उभार या अनुग्रह जैसा कोई कारण नहीं था। उसके मूल में उन साधनाओं का चमत्कार था जो इष्टदेव का ध्यान पूजन करने तक सीमित नहीं रहतीं वरन् उसकी इच्छा को अपनी इच्छा का समर्पण करके अपने साधनों को उसी की पूर्ति में खपा देती हैं। राम पंचायतन में सदस्य वस्त्राभूषण पहने सम्मानित स्थान पर बैठे दृष्टिगोचर होते हैं, पर पवनपुत्र के शरीर पर लज्जावस्त्र की तरह लंगोटी मात्र है और उन्होंने अपना स्थान सबसे नीचे चरणों के समीप बैठने का बनाया है।

राम से हनुमान का संपर्क जिस दिन से हुआ उस दिन से जीवन पर्यन्त वे उन्हीं के छोटे बड़े कार्यों की पूर्ति में अहर्निश लगे रहे। उन सभी कृत्यों की गणना कर सकना तो कठिन है पर पांच उनमें प्रमुख हैं- (1) सुग्रीव को अपनी समस्त सेना राम काज में नियोजित कर लेने के लिए सहमत कर लेना। (2) सीता को खोजे बिना वापस न लौटने का प्राण प्रण संकल्प करना और उसे निभाना। (3) समुद्र लांघने और लंकादहन का एकाकी दुस्साहस करना। (4) लक्ष्मण को पुनजीर्वित करने के लिए सुषेण वैद्य को चुरा कर लाना ही नहीं वरन् पर्वत समेत संजीवनी बूटी प्रस्तुत करना। (5) रामराज्य की स्थापना में अश्वमेघ सरीखे असंख्य प्रयोजनों की पूर्ति में अंतिम सांस तक लगे रहना। ऐसे अनेक अन्यान्य कार्य भी हैं जिनकी पूर्ति में सर्वतोभावेन निरत रहकर उन्होंने वह श्रेय पाया जिसे "राम से अधिक राम के दासा" वाली उक्ति में रामायणकार ने प्रकट किया है।

पवन पुत्र की जीवनचर्या में पूजा अर्चना के मनुहार उपचार कितने थे, इसका कुछ अता पता नहीं चलता। संभव है, वे नित्य कर्म स्वल्प रहने के कारण पर्यवेक्षकों की दृष्टि में महत्वपूर्ण नहीं रहे हों। अतएव उनकी खोज या चर्चा अनावश्यक समझी हो। सर्वविदित वे प्रसंग ही हैं जिनमें उनकी सघन श्रद्धा सेवा साधना बनकर उफनती उछलती दृष्टिगोचर होती है।

अवतारों की पुण्य प्रक्रिया जहां धर्म का नियमन तथा धर्म का संवर्धन करके सृष्टि संतुलन बनाने की प्रतिज्ञा निभाती हैं वहां एक काम और भी करती है कि अपने सहचरों को उच्चस्तरीय श्रेय के अनुदान देकर जाती है। शबरी, केवट, भरत, लक्ष्मण, उर्मिला, विभीषण, रीछ, वानर, गिद्ध, गिलहरी जैसे सहयोगियों के अनुदान की चर्चा करते समय भी जन जन की भाव श्रद्धा उमड़ती और अश्रुधारा बहती है। राम कथा में से इन प्रसंगों को हटा दिया जाए तो फिर उसमें सामान्य हलचल ही शेष रह जाती है और उस अमृत का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता है जिनके कारण राम-नाम, रामराज्य, रामकथा की महिमा गरिमा का बखान किया गया है। अवतारों के मध्य अनेक बातों में समानता रहती है। अवतारों की इच्छाओं और जिम्मेदारियों का वहन भी उच्चस्तरीय सहकर्मियों को ही करना पड़ता है। इस श्रद्धा सिक्त साहसिकता को अपनाने में उन्हें कितने ही भीतरी कुसंस्कारों और बाहरी दबाव अवरोधों की विपन्नताओं से उसी तरह जूझना पड़ता है जैसा कि पवन पुत्र को त्रिजटा, सुरसा आदि से जूझना पड़ा था। राम को रोकने के लिए भी तो आसुरी प्रवृत्तियां ताड़का, सूर्पणखा बन कर आई थीं। जब राम के मार्ग रोके बिना वे दुष्ट दुरभि संधियां चूकी नहीं तो हनुमान का मार्ग सरल कैसे रह सकता है।

## कविता

### ऐसा क्यों होता है अक्सर

ऐसा क्यों होता है अक्सर,
कि सबसे ज्यादा जिसे चाहो,
वही सबसे दूर चला जाता है?
जिसे देख कर दिल सुकून पाए,
वही नजरों से ओझल हो जाता है।

क्यों हर खुशी अधूरी सी लगती है?
जब तक उसका चेहरा सामने न हो।
और जब मिल जाए कुछ पल के लिए भी,
तो वक्त जैसे पंख लगाकर उड़ने लगता है।

दिकु...
तेरे बिना ये लम्हे बेजान से हैं,
हर सांस में तेरा नाम है,
हर खामोशी में तेरा एहसास है।

मैं 'प्रेम' अधूरा हूं...
पर तुझमें ही मैं पूरा हूं,
तेरे साथ ही मेरा होना है।

तेरे लौटने की आस में
हर शाम तुझसे बातें करता हूं,
तेरी हँसी की कल्पना में
हर रात मुस्काया करता हूं।

ऐसा क्यों होता है अक्सर,
कि जो रूह से जुड़ जाए,
उसे दुनिया की जंजीरों से जकड़ लिया जाए।
आखिर तुम भी तो वही महसूस करती हो
जो मैं हर रोज तुम्हारे नाम करता हूं।

दिकुप्रेम का ये प्रेम
ना कोई सवाल करता है,
ना शिकायत, ना उम्मीद
बस तुझमें खो जाने को जीता है,

तुझ से मिलन की राह में
जितने भी कांटे अश्रुरूपी निकलते है,
उसको यह प्रेम हंस हंसकर पीता है।

– प्रेम ठक्कर

## कोलेजन का हमारी सुंदरता निखारने में योगदान

**कोलेजन** आपकी स्किन, मसल्स, हड्डियों और कनेक्टिव टिश्यू को सपोर्ट, स्ट्रेंथ और स्ट्रक्चर प्रदान करता है। उम्र जैसे.जैसे बढ़ती जाती है आपकी बॉडी का कोलेजन टूटता रहता है और बॉडी की नया कोलेजन बनाने की टेंडेंसी भी धीरे.धीरे कम होती रहती है। कोलेजन त्वचा को प्राकृतिक रूप से कंडीशन करता है जिससे आपकी त्वचा चमकदार और आकर्षक दिखती है।

कोलेजन कई प्रकार के होते हैं/ लेकिन हमारे शरीर में मुख्य रूप से टाइप 1 ए, 2 ए और 3 ए पाए जाते हैं। जैसे.जैसे हमारी उम्र बढ़ती जाती है हमारी त्वचा में कोलेजन का उत्पादन कम होने लगता है । यह माना जाता है कि हमारे शरीर में 25 साल की उम्र के बाद सालाना डेढ़ प्रतिशत कम कोलोजन पैदा होना शुरू हो जाता है जिससे चेहरे पर झुर्रियां आनी शुरू होती है होने लगती है/ कोलेजन सिर्फ स्किन के लिए ही नहीं बल्कि जोड़ों की मजबूती के लिए भी जरूरी है क्योंकि कोलेजन की कमी की बजह से जोड़ कठोर हो जाते हैं और मांशपेशियों में अकडन आनी शुरू हो जाती है / हालाँकि खुद को जवां बनाए रखने के लिए लोग कोलेजन बढ़ाने बाले इंजेक्शन और पाउडर आदि उत्पादों का इस्तेमाल भी करते हैं लेकिन एक तो यह काफी महंगे होते हैं और इनकी गुणबत्ता पर हमेशा संदेह बना रहता है /

अगर आप डाइट में कोलेजन रिच फूड/ फ्रूट को शामिल कर लें तो यह आपकी त्वचा को जवां और बालों को सिल?की रखने में मदद कर सकते हैं/ सही पोषक तत्वों का सेवन न केवल हमारे शरीर को पोषण देता है बल्कि अधिक कोलेजन का उत्पादन करने में भी मदद करता है।

1 ---बेरीज----- स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी और रास्पबेरी को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें क्योंकि यह विटामिन सी से भरपूर है और इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन भी प्रचुर मात्रा में होते हैं जो शरीर में कोलेजन के प्रोडक?शन को बढ़ाने का काम करता है और त्वचा को जवां बनाए रखते हैं/ सभी तरह की बेरी में विद्यमान विटामिन सी त्वचा की इलास्टिसिटी के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है / इन बेरीज में एलेजिक एसिड होता है जो आपकी स्किन को सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों के नुकसान से बचाता है/ बेरीज लाइकोपीन से भरपूर होते हैं। लाइकोपीन एक एंटीऑक्सीडेंट है, जो कोलाजन के स्राव को बढ़ावा देता है। जितने ज्यादा बेरीज का सेवन करते हैंए आपकी त्वचा को जवां और चिकनी बनाए रखने में उतनी ही मदद मिलती है। इनका नियमित सेवन स्पॉटल्स और ग्लोइंग स्किन पाने में आपकी मदद कर सकता है। फलों में भी कोलेजन बनाने वाले पोषक तत्वों की भरमार है। संतरा, नींबू,अंगूर, चकोतरा, अनानास विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थ हैं। यह विटामिन प्रो.कोलेजन बनाने में मदद करता है जो बाद में हड्डियों के लिए जरूरी बन जाता है।

## विचार

# आधुनिकता की मरीचिका मे जीवन शैली

संजीव

**वर्तमान** में आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इस तरह तेज भाग रहे हैं कि हमारी सनातनी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं और हम आधुनिकता तथा परंपराओं के बीच त्रिशंकु बंद कर लटक रहे हैं। भारतीय वैदिक, सनातनी संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैं' विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा। भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं।

पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मीडिया, स्त्री और सनसनी: क्या हम न्याय कर पा

डॉ. सत्यवान सौरभ

**सूचना** और संचार की इस तीव्र गति वाली दुनिया में मीडिया का प्रभाव जितना व्यापक हुआ है, उतना ही गहरा भी। आज किसी घटना की रिपोर्टिंग केवल सूचना देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह एक नैरेटिव, एक छवि और कभी-कभी एक पूर्वग्रह को भी जन्म देती है। जब स्त्री से जुड़ी घटनाओं की बात आती है, खासकर तब जब वह विवादास्पद हों—जैसे धोखाधड़ी, झूठे आरोप, या ब्लैकमेलिंग—तो मीडिया का रुख कहीं अधिक सनसनीखेज और पक्षपाती हो जाता है। यह चिंता का विषय है कि हम कब से घटनाओं की रिपोर्टिंग करने की बजाय, पूरे वर्ग को कटघरे में खड़ा करने लगे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में हमने कई ऐसी घटनाएं देखीं जहाँ महिलाओं पर पुरुषों को झूठे मामलों में फँसाने के आरोप लगे। कुछ मामलों में ये आरोप सही भी साबित हुए। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या इन गिने-चुने मामलों के आधार पर "हर औरत भरोसे के लायक नहीं" जैसी सोच विकसित करना जायज है? क्या यह सही है कि मीडिया इन घटनाओं को इस तरह प्रस्तुत करे कि पूरा समाज स्त्रियों की नीयत पर शक करने लगे? वास्तव में यह सोच एक लंबे समय से पनप रही उस मानसिकता का हिस्सा है जो स्त्री को या तो देवी के रूप में पूजती है या खलनायिका के रूप में ठुकराती है—बीच का कोई स्थान नहीं।

**मीडिया की भाषा और हेडलाइंस का खेल**

आप जब भी अखबार की सुर्खियाँ देखें या न्यूज चैनलों की हेडलाइन सुने, तो एक बात स्पष्ट नजर आती है—स्त्री से जुड़ी घटनाओं को ज्यादा उत्तेजक, भावनात्मक और आकर्षक तरीके से पेश किया जाता है। उदाहरण के लिए- "प्रेमिका निकली सौतन की हत्यारिन!" "महिला टीचर ने छात्र से बनाए शारीरिक संबंध!" "बीवी ने पति को प्रेमी संग मिलकर मरवाया!" ऐसी खबरें समाज में एक खास सोच को मजबूत करती हैं कि स्त्रियां कपटी, चालाक और अवसरवादी होती हैं। जबकि हकीकत यह है कि पुरुषों द्वारा किए गए अपराधों को इतनी सनसनी के साथ नहीं दिखाया जाता। वहाँ मानसिक तनाव, पारिवारिक दबावह्न या सामाजिक अस्वीकृति जैसे कारण खोज लिए जाते हैं।

## बटन दबाओ, भाग्य बनाओ

डॉ. सुरेश कुमार

**शहर** के बीचोंबीच एक नया मॉल खुला था, जिसका नाम था "सपनों का महल"। इस मॉल की खासियत थी एक विशेष लिफ्ट, जिसे "भाग्य लिफ्ट" कहा जाता था। कहते हैं, जो भी इस लिफ्ट का बटन दबाता, उसका भाग्य बदल जाता।

रमेश, एक साधारण क्लर्क, जिसने जीवनभर फाइलों के ढेर में अपना सिर खपाया था, इस लिफ्ट की कहानियाँ सुनकर उत्साहित हो उठा। उसने सोचा, "क्यों न मैं भी अपनी किस्मत आजमाऊँ?"

आखिरकार, "जोखिम उठाने वालों की ही नैया पार होती है।" रविवार की सुबह, रमेश ने अपनी सबसे अच्छी शर्ट पहनी, जो अब तक केवल शादियों में ही बाहर निकलती थी, और "सपनों का महल" की ओर चल पड़ा। मॉल की चमचमाती रोशनी और भीड़-भाड़ देखकर वह थोड़ा घबराया, लेकिन "भाग्य लिफ्ट" की ओर बढ़ता गया। लिफ्ट के सामने लंबी कतार थी। लोग बटन दबाने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, मानो बटन नहीं, बल्कि अलादीन का चिराग हो।

रमेश ने सोचा, "इतनी भीड़? लगता है, सबकी किस्मत बदलने वाली है।"

आखिरकार, रमेश की बारी आई। उसने गहरी साँस ली और लिफ्ट का बटन दबाया। लिफ्ट के दरवाजे खुले, और वह अंदर दाखिल हुआ। अंदर एक बड़ा स्क्रीन था, जिस पर लिखा था, "अपना भाग्य चुनें।" स्क्रीन पर कई विकल्प थेः "धनवान बनें", "सुपरस्टार बनें", "सत्ता प्राप्त करें", "सच्चा प्रेम पाएं"। रमेश ने सोचा, "धनवान बनना तो सब चाहते हैं, लेकिन सच्चा प्रेम? यह तो फिल्मों में ही होता है।" थोड़ी देर सोचने के बाद, उसने "धनवान बनें" विकल्प चुना।

स्क्रीन चमकी, और एक संदेश प्रकट हुआः "बधाई हो! आप अगले 24 घंटों में करोड़पति बन जाएंगे।" रमेश की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वह लिफ्ट से बाहर निकला, मानो जमीन पर नहीं, बादलों पर चल रहा हो। घर पहुँचते ही, उसने अपने दोस्तों और परिवार को यह खुशखबरी सुनाई। सबने बधाई दी, लेकिन कुछ ने शक की निगाहों से भी देखा। रमेश ने सोचा, "जलने वाले जलते रहेंगे, मैं तो करोड़पति बनने वाला हूँ।"

## न्यूज फ्लैश

### सांसद नवीन जिन्दल ने 14 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यमुनानगर में होने वाली रैली के स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/यमुनानगर:** कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल ने 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यमुनानगर में होने वाली रैली के स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया । सांसद नवीन जिन्दल हेलीकॉप्टर से रैली स्थल पर पहुंचे, वहां पर यमुनानगर के भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने स्वागत किया। सांसद नवीन जिन्दल ने उनसे मिलकर होने वाली रैली की तमाम व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को सौगात देने आयेंगे। वो जब भी हरियाणा में आएं हैं तब-तब हरियाणा को सौगात देकर गए हैं। हरियाणा के लोग उनके स्वागत के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस अवसर पर यमुनानगर भाजपा के सम्मानित पदाधिकारी और कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश अध्यक्ष रवि आज करेंगे कुरुक्षेत्र का दौरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश मीडिया प्रभारी अश्विनी कुमार वालिया ने बताया कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) का पूरे हरियाणा में लगातार विस्तार हो रहा है और बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की सक्रियता एवं पार्टी की मजबूती के लिए प्रदेशाध्यक्ष रवि कुंडली 10 अप्रेल को कुरुक्षेत्र दौरे पर रहेंगे। अश्विनी कुमार वालिया ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष कुरुक्षेत्र दौरे के दौरान विधानसभा क्षेत्रों में जाकर कार्यकताओं को भविष्य की रणनीति बारे अवगत करवाएंगे।

### 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश की जनता को देंगे बड़ी सौगात : रणबीर गंगवा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण (भवन व सडकें) मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बुधवार को स्थानीय पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 13 शिकायतों में से 7 शिकायतों का मौके पर समाधान कर दिया तथा शेष 6 लंबित मामलों की पुन: जांच रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है, जनता का विश्वास ह, तभी सरकार बनी है और अब प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों के बारे में बोलते हुए कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान तय समय सीमा के अंदर और प्राथमिकता के आधार पर करें। किसी भी व्यक्ति को बेवजह परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा आ रहे हैं, इस दिन प्रदेश की जनता को कई परियोजनाओं की बड़ी-बड़ी सौगात मिलेगी। इनमें हरियाणा को अपना पहला एयरपोर्ट हिसार में मिलने जा रहा है, यहां से पहली उड़ान अयोध्या के लिए रवाना होगी और लोग भगवान रामलला के दर्शन करेंगे।

# पार्टी में होती है कार्यकर्ता की आत्मा, इसलिए भाजपा सबसे बड़ा संगठन: डॉ अरविंद

## 14 अप्रैल को यमुनानगर में जोश, उत्साह के साथ पहुंचेंगे कार्यकता, : प्रधानमंत्री मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत संकल्प में गोहाना की होगी भागीदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना बलराम**

**सहकारिता,** कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, क्योंकि कार्यकर्ता की आत्मा संगठन में है और वो पूरी शिद्दत के साथ अपनी जिम्मेदारी को निभाता है, ताकि देश और समाज को निरन्तर मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हिसार और यमुनानगर में शुभ आजमन होने जा रहा है और गोहाना के कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी, जोश, उत्साह के साथ यमुनानगर पहुंचेंगे। बुधवार को सिंचाई विश्राम गृह में गोहाना विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सदस्यता अभियान में प्रदेश में दूसरे स्थान पर आने के लिए सभी कार्यकताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम, संगठन द्वितीय व परिवार तृतीय के




विचार से भाजपा का कार्यकर्ता दिनरात कड़ी मेहनत करता है। आज देश मे लगातार तीसरी बार, प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा, निकाय में भाजपा की सरकार इन्हीं कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण की बदौलत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हमें प्रदेश और गोहाना की हिस्सेदारी बढाने का हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में जनकल्याणकारी नीतियों को हमें मिलकर हर पात्र परिवार तक पहुंचाना है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि कार्यकताओं, जनता-जनार्दन की भागीदारी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने धारा 370 और 35ए को तोड़ने का काम किया, क्योंकि आपने सोनीपत से कमल खिलाया था। भगवान श्रीराम का अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण, तीन तलाक कानून को खत्म करना, वक्फ संशोधन कानून बनाने जैसे

**भारी उत्साह**

**▶▶ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हिसार और यमुनानगर में शुभ आजमन होने जा रहा है**

व्यवस्था बदलाव के निर्णय लेने सम्भव हो पाए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा की गहराई को समझें। देश व समाज को बेहतर दिशा देने के लिए भाजपा बहुत जरूरी है।

**प्रधानमंत्री के हरियाणा आगमन को लेकर जनता में भारी उत्साह**

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हरियाणा में हिसार व यमुनानगर में आजमन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिसार में महाराजा अग्रसेन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का लोकार्पण करते हुए हिसार से अयोध्या की पहली उड़ान को रवाना करेंगे, वहीं यमुनानगर में ८०० मेगावाट क्षमता के दीनबंधु चौधरी छोटूराम थर्मल पावर प्लांट की आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कहा कि गोहाना से कार्यकर्ता यमुनानगर कार्यक्रम में शामिल होने जाएंगे। इस आयोजन को लेकर कार्यकताओं में भारी जोश और उत्साह है। यमुनानगर रैली को लेकर वाहनों की व्यवस्था कर ली गई है। इस अवसर पर गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ धर्मबीर नांदल, तीर्थ राणा, जसबीर दोदवा, योगेश्वर दत्त, पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना, नरेन्द्र गहलावत, मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र मुदगिल, प्रवीण खुराना, विनोद सरपंच, संजय दहिया, अरुण बड़ौक, सुमित कक्कड़, इन्द्र सिंह पांचाल, कृष्ण सैनी, राजू पटवा, नरेश देवी, कमलेश सैनी, बबली देवी, सूरजमल शर्मा, कुलदीप कौशिक, धूला राम, संजय सैनी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## क्राउडफंडिंग से हुआ बच्चे की जानलेवा सिर की चोट का इलाज

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद का पांच वर्षीय शिवांश एक दिन छत से फिसल गया और सीधे सिर के बल नीचे गिर पड़ा। वह बेहोश हो गया। शिवांश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे वेंटिलेटर पर रखा। स्कैन में पता चला कि उसके सिर में कई गंभीर फ्रैक्चर और द्रव जमाव हो गया था, जिससे चेहरे पर सूजन आ गई। उसकी हालत नाजुक थी, और इलाज का खर्च 13 लाख रुपए बताया, जो कि परिवार के पास नहीं थे। ऐसे में परिवार ने क्राउडफंडिंग प्लेटफार्म केट्टो की मदद ली। फंड जुटने के बाद शिवांश का कंप्लीट इलाज हुआ और आज शिवांश फिर से खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में व्यस्त है।

## नई अनाज मंडी का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना बलराम**

**उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने बुधवार को गोहाना की नई अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद प्रक्रिया से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में पहुंचकर स्वयं गेहूं की ढेरियों की नमी जांची और किसानों से अपील की कि वे 12 प्रतिशत नमी वाला सूखा गेहूं ही मंडी में लाएं, ताकि खरीद एजेंसियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की फसल की खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से और तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने सभी खरीद एजेंसियों को यह भी निर्देशित किया कि मंडियों से खरीदे गए गेहूं को शीघ्र उठवाने की व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों को अपनी फसल



बेचने में कोई असुविधा न हो और मंडी में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आढ़तियों और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से कहा कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए और सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय और सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे अपनी फसल को साफ-सुथरा और मापदंडों के अनुरूप मंडी में लेकर आएं, ताकि उन्हें उनकी फसल का उचित मूल्य समय पर मिल सके। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि नई अनाज

**निरीक्षण किया**

**▶▶ गेहूं की ढेरियों की नमी जांची और किसानों से अपील की कि वे 12 प्रतिशत नमी वाला सूखा गेहूं ही मंडी में लाएं**

मंडी के तीनों गेटों पर स्थापित कांटों पर ही अनाज की तौल करवाई जाए और मंडी में ही अनाज लाया जाए।

उन्होंने मंडी में अनाज की पैकिंग के लिए तुरंत प्रभाव से 25 प्रतिशत बारदाना उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। साथ ही, उन्होंने मंडी अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को उनकी फसल उचित दरों पर और समय पर बेचने के लिए जागरूक किया जाए।

## हाईवे पर हुए दो एक्सीडेंट



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नेशनल हाईवे-44 पर बलड़ी बाइपास के पास बुधवार को दो सडक हादसे हो गए। पहले हादसे में कार ड्राइवर ऑफिस जा रहे थे। अचानक सामने आए कुत्ते को बचाने के चक्कर में कार बेकाबू होकर पलट गई। वहीं कुछ दूरी पर तेज रफ्तार केंटर ने ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रॉली रेलिंग पर चढ़ गई और ईंटें सडक पर बिखर गईं। गाड़ी चला रहे अलीपुर खालसा गांव के रहने वाले सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि वह अपने साथी के साथ सीएचडी सिटी स्थित अपने ऑफिस जा रहे थे। इस दौरान कार के आगे अचानक एक कुत्ता आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में उन्होंने कार को ब्रेक देते हुए साइड में मोड़ा, जिससे गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। हादसा इतना भयानक था कि कार करीब चार से पांच बार पलटी खा गई। गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन गनीमत रही कि दोनों युवक सुरक्षित रहे और उन्हें केवल मामूली चोटें आईं। घटना की सूचना डायल-112 पर दी गईए जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी

## पानीपत से हर्बल गार्डन की मुहिम प्रोफेसर दलजीत ने फतेहाबाद पहुंचाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

पानीपत के ग्रीनमैन के नाम से विख्यात देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में सहायक प्रोफेसर इतिहास के पद कार्यरत दलजीत कुमार ने राजकीय महाविद्यालय भूना ,फतेहाबाद में हर्बल मेडिटेशनल गार्डन का निर्माण किया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इस हर्बल मेडिटेशनल गार्डन में आम,अमरूद, अनार, आड़ू, बबुगोसा, आलूबुखारा, नाशपाती, अंजीर, माल्टा, मौसमी, संतरा, चीकू, निम्बू कागजी, केला, कटहल, आँवला,जामुन,रुद्राक्ष, सफेद चन्दन,पांच प्रकार की तुलसी रामा,शामा, कपूरी, बद्री, स्टीविया, दो प्रकार की इंसुलिन, तेजपत्ता, मल्टी स्पाइसी प्लांट, कड़ीपत्ता,दालचीनी,एलोवेरा,लेमन ग्रास,सुखशांति, नागदोन, गुड़हल, रातरानी, हरसिंगार, कमरख, सतावरी, पत्थरचट्टा, मरवा, पुदीना, सहजन,स्नेकप्लान्ट, हर-ड़, इलायची, लहसुनबेल, महेंदी, यूफोबिया,सिंदूर,नीम,ईमली, गूलर,बेलपत्र , शमी आदि के 250 से अधिक पौधे रोपित



किए।प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय भूना में स्थापित हर्बल मेडिटेशनल गार्डन हरियाणा के कॉलेजों के पहला हर्बल मेडिटेशनल गार्डन है इससे प्राचीन भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा व आयुर्वेदिक पौधे के महत्व के प्रति जनसाधारण को जानकारी मिलेगी साथ ही मनोवैज्ञानिक लाभ भी प्राप्त होगा।प्राचार्य डॉ सुरेंद्र कुमार ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार महाविद्यालयो के पर्यावरण संरक्षण के कार्य शिक्षको और विद्यार्थियों के लिए आदर्श है। राजकीय महाविद्यालय भूना, फतेहाबाद में बिना महाविद्यालय का पैसा खर्च किए हर्बल- मेडिटेशनल गार्डन स्थापित करने के लिए प्रोफेसर दलजीत कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा डॉ सुरेंद्र कुमार ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए तभी हम प्रदूषण के लगातार बढ़ रहे स्तर को कम कर सकते हैं।

## आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई में समाज को आगे आना चाहिए: डा अर्चना

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** कोई भी छात्र बिना पढ़ाई के वंचित ना रहे ।जो गरीब व साधन हीन बच्चे है उनकी पढ़ाई की व्यवस्था में समाज को आगे आना चाहिए।जिससे जितना बन पड़े उतना योगदान अवश्य करना चाहिए ये शब्द अग्र नारी शक्ति संस्था की संस्थापक डॉ अर्चना गुप्ता ने एम जे आर संस्थान में चल रहे गरीब बच्चों के स्कूल में बच्चों को नि:शुल्क पुस्तके संस्था की तरफ से वितरित करतें हुए कहे। डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के बिना एक स्वस्थ तथा सु संस्कारित



समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती।इसलिए हमें प्रयास करना चाहिए कि कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित ना रहे। डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि गरीब बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती उनमें प्रतिभा कूट कूट कर भरी होती है बस हम ये प्रयास करे साधन व धन के अभाव में गरीब छात्रों की प्रतिभा कही दब कर ना रह जाए।

## राज्यपाल ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर लोगों को दी बधाई

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने महावीर जयंती के पावन अवसर पर हरियाणा और पूरे देश के लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि महावीर जयंती एक पवित्र अवसर है, जो हमें भगवान महावीर की शाश्वत शिक्षाओं- अहिंसा, सत्य, करुणा और आत्म-अनुशासन की याद दिलाता है। शांति, सद्भाव और सार्वभौमिक भाईचारे का उनका दर्शन आज की दुनिया में बहुत प्रासंगिक है। राज्यपाल ने लोगों से अपने दैनिक जीवन में भगवान महावीर के आदर्शों और सिद्धांतों को आत्मसात करने और सहिष्णुता, आपसी सम्मान और नैतिक मूल्यों पर आधारित समाज के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया।

## पीसीसी अकैडमी में सेमिनार का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**पीसीसी** अकैडमी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विदेश जाने को लेकर था । इस मौके निदेशक राजीव परुथी ने कहा विदेश जरूर जाओ कहीं ऐसा ना हो बिना भाषा एवं ज्ञान के वहां पर पछताओ राजीव परुथी के अनुसार आज हर युवा पीढ़ी ने विदेश जाने की होड़ लगा रखी है विदेश जाने से पहले वह क्रएछळ्र और ढळ्ए के टेस्ट की तैयारी भी करते हैं इस टेस्ट की तैयारी को करने के लिए वह अलग-अलग अकादमी में जाकर न जाने कितने महीने बिता देते हैं जिन लोगों को अंग्रेजी भाषा का ज्ञान नहीं है उनको यह टेस्ट क्लियर




करने में काफी वक्त लग जाता है एवं विदेश में अंग्रेजी भाषा का ही प्रयोग किया जाता है। राजीव परुथी ने कहा विदेश जरूर जाओ एवं आप टेस्ट की तैयारी भी करो परंतु उससे पहले अंग्रेजी भाषा में निपुण होना जरूरी है यदि आपको अंग्रेजी भाषा का ज्ञान बहुत अच्छे तरीके से आता है तो आप विदेश में बहुत अच्छे तरीके से बात कर सकते हैं और आपको टेस्ट की तैयारी करने में ज्यादा समय व्यर्थ नहीं करना पड़ेगा वह बहुत ही जल्दी हो जाएगा विदेश में जाकर भी आपको अंग्रेजी भाषा का ही इस्तेमाल करना है । बिना अंग्रेजी भाषा के आप विदेश में पैसा नहीं कमा सकते राजीव परुथी ने युवाओं को अपील की कि वह अपनी अंग्रेजी भाषा को जरूर सुधरे एवं अपने अंदर आत्मविश्वास की भावना को बढ़ाएं और अपनी पर्सनालिटी पर भी ध्यान दें राजीव ने कहा हमारे यहां पर और विदेश में बहुत अंतर है। यह सोचकर कभी मत जाएं कि मेरे रिश्तेदार वहां बैठे हैं वह संभाल लेंगे किसी का बोझ बनने से अच्छा है वह खुद पर ध्यान दें एवं अपने अंदर सुधार लाएं और सीख कर ही जाएं।

इस मौके पर बच्चों के काफी सवालों के जवाब राजीव परुथी ने बड़े अच्छे ढंग से दिए।

## एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में फ्रेशर पार्टी का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में बीए अंतिम वर्ष की छात्राओं सम्मान में बीए प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना हेतू रंगारंग फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया और अपने प्राध्यापकों के साथ मिलकर खूब धमाल मचाया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया । प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने दीप प्रज्वल्लित करके फेयरवेल पार्टी का विधिवत आगाज किया । कला संकायों के विभागाध्यक्ष प्रो अन्नू आहूजा, डॉ इंदु बाला, प्रो सविता पुनिया, डॉ जुगमती, डॉ मोनिका खुराना, डॉ संतोष कुमारी, डॉ कविता रानी, प्रो मीतू सैनी, प्रो किरण मलिक आदि



ने छात्राओं के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों, गीत-संगीत और विभिन्न प्रकार के रोचक खेलों में भाग लेकर पार्टी में भरपूर आनंद लिया । ह्यसावन में लग गई आगह्न, ह्यटिप टिप बरसा पानीह्न, ह्यकर गई चुलह्न, ह्यओ साकी साकी रे साकीह्न, ह्यजब छाए मेरा जादू, ह्यइट्स द टाइम टू डिस्कोह्न, ह्यकाला चश्माह्न ह्यदर्द-ए-दिल दर्द-ए-जिगर दिल में जगाया आपने, दिल चीर के देख तेरा ही नाम होगा, दिल ने ये कहा है दिल से मोहब्बत हो गई है तुमसे तुनक तुनक तुनक आदि गीतों पर छात्राएं जमकर थिरके । प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि तीन वर्ष इन विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और लगन के साथ अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रयास किये है

**शुभकामनाएं दी**

**▶▶ तीन वर्ष इन विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और लगन के साथ अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रयास किये**

। अब छात्राओं को अपने अनुभव के अनुसार जीवन की कठिन चुनौतियों का सामना करना है और फैसले लेने है ।

किसी भी विद्यार्थी को अपने जीवन में किसी भी चुनौती से घबराना नहीं है । वे आत्मविश्वास, साहस, धैर्य और कठिन परिश्रम से हर कठिनाई का सामना करे और जीवन में हमेशा आगे बढ़ते जाए तभी उनका भविष्य उज्जवल बनेगा । कॉलेज के सभी शिक्षक अपने इन सभी विद्यार्थियों के साथ है और सभी अपने विद्यार्थियों को मुस्कुराते हुए और कामयाब देखना चाहते है । छात्राओं द्वारा हासिल की गयी उपलब्धियां ही कॉलेज का नाम और मान बढ़ाती है । हमारी दिल से यही इच्छा है कि नए और पुराने सभी विद्यार्थी जीवन में बहुत ऊँचे मुकाम हासिल करे और पूरे देश में इस कॉलेज और अपने परिवार का नाम रोशन करें। प्रो अन्नू आहूजा ने कहा कि हम सभी की शुभकामनाएं हमेशा अपने विद्यार्थियों के साथ रहती है और कॉलेज में गुजारे गए उनके तीन साल स्वस्थ, खुशहाल और कामयाबी से भरे बीतें है ऐसी उन्हें उम्मीद है।

## गोहाना टैक्स बार एसोसिएशन ने सभागार में बैठक का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया, गोहाना**
**(भंवर सिंह)**

गोहाना टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा रोहतक रोड स्थित एक सभागार में बैठक का आयोजन किया। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें दिनेश तनेजा को प्रधान चुना गया। नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के संरक्षक अशोक कुमार जैन और नरेंद्र कुमार गुप्ता ने की। अशोक कुमार जैन ने बताया कि एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें नई कार्यकारिणी बनाई। कार्यकारिणी में दिनेश तनेजा को



प्रधान, बलराज राठी को उप प्रधान, सीए हिमांशु रंग को सचिव, अनिल वर्मा को सहसचिव व मंदीप सैनी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। यह कार्यकारिणी सर्वसम्मति से बनाई गई है। अभी तक हमारी सभी कार्यकारिणियों को सर्वसम्मति से चुना गया है। उम्मीद है कि नई कार्यकारिणी भी अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक पूरा करेगी। इस मौके पर पूर्व प्रधान प्रभात जैन, अनिल बंसल, नवीन गर्ग, सुनिल मित्तल, कर्मबीर लठवाल, शीशपाल गोयल, नितिन गोयल, योगेश रहेजा, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### कार सवार व्यक्तियों से मारपीट करने व धमकी देने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने कार सवार व्यक्तियों के साथ मारपीट करने व गाड़ी के शीशे तोड़ने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमन निवासी तेवड़ी हाल में संत नगर बुराड़ी दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। नरेला दिल्ली निवासी प्रवीण ने गत 23 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपने दोस्त के साथ कार में सवार होकर किसी काम से कुंडली आया था। सर्विस लाइन पर कुंडली के पास कार रोककर चाय पीने लग गए। उसी दौरान तीन युवक उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। उनके साथ मारपीट की। उसके बाद गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। मारपीट में घायल विवेक को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती करवाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक अनिल की टीम ने दो आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर लिया था। वारदात को अंजाम देने के मुख्य आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### चीनी मिल पेराई सत्र: आज से समाप्त हो जायेगा चीनी मिल का पेराई सत्र

**सोनीपत: शहर के** कामी गांव सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल के पेराई सत्र पर गर्मी का असर दिखाई देने लगा है। साथ ही क्षेत्र में गन्ना समाप्त हो चुका है। मिल प्रबंधन की तरफ से किसानों को मंगलवार रात तक गन्ना लाने के निर्देश जारी किए गया थे। बुधवार को इस वर्ष के पेराई सत्र की समाप्ति की घोषणा कर दी जायेगी। प्रबंधन की तरफ से किसानों को सारा गन्ना लेने के प्रयास किए गए है। बता दें कि प्रदेश में जींद, आहुलाना सहित कई चीनी मिलों में वर्ष 2025-26 का पेराई सत्र समाप्त हो चुका है। सोनीपत चीनी मिल में अभी गन्ना अधिक शेष रहने की वजह से पेराई का काम चल रहा था। मिल प्रबंधन ने 28 मार्च को पेराई सत्र समाप्त होने का पहला नोटिस जारी किया था, लेकिन गन्ना अधिक बचा होने के कारण अब अप्रैल माह के पहले सप्ताह तक पेराई सत्र चलने का अनुमान लगाया गया था लेकिन अब गर्मी अधिक होने की वजह से पेराई प्रक्रिया धीमी पड़नी शुरू हो गई है। साथ ही किसानों के पास खेत में गन्ना समाप्त हो चुका है। मिल प्रबंधन की तरफ से वर्ष 2025-26 के पेराई सत्र के लिए किसानों के साथ 32 लाख क्विंटल गन्ने की बॉडिंग की गई थी। इसमें से मंगलवार देर शाम तक 25 लाख 91 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई हो चुकी थी। वहीं यार्ड की बात करे तो करीब तीन हजार क्विंटल गन्ना यार्ड में शेष बचा हुआ था। मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल गन्ना प्रतिदिन की है। जबकि गन्ना कम रहने व गर्मी के चलते पेराई सत्र को चलाने में परेशानियां सामने आ रही है। प्रबंधन की तरफ से बुधवार को पेराई सत्र की समाप्ति की जानकारी दी गई है। चीनी मिल कारखाने में अब तक 25 लाख 91 हजार क्विंटल से ज्यादा गन्ने की पेराई हो चुकी है। गर्मी के चलते दो दिन से थोड़ी परेशानी सामने आई है। जिसके चलते पेराई सत्र को कम रफ्तार से चलाया जा रहा है। आसपास के जिले व क्षेत्र में चीनी मिलो का पेराई सत्र समाप्त हो चुका है। मंगलवार देर रात तक किसानों से गन्ना लाने की अपील की गई थी। यार्ड में जमा गन्ने की पेराई होने के बाद सत्र की समाप्ति हो जायेगी। साथ ही अब किसी का गन्ना नहीं लिया जायेगा। किसानों ने कर्मचारियों ने पेराई सत्र को चलाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। जोकि काबिले तारीफ है।

# जीवन प्रबंधन की समग्र शिक्षा का सार समाहित है गीता में : स्वामी

### कुवि गीता पर करेगा बीए गीता स्टडीज प्रोग्राम की शुरूआत : कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा

**पाठ्यक्रम**

**भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुरूप श्रीमद्भगवद्गीता को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा है कि जीवन प्रबंधन की समग्र शिक्षा का सार गीता में समाहित है। गीता की शिक्षा आज के आवश्यकताओं के अनुरूप है। जो मनुष्य की बुद्धि को जागरूक रखें और क्या करना चाहिए और क्या करना है, क्या नहीं करना है, उसमें जो भेद बताए वह गीता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत करने के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुरूप श्रीमद्भगवद्गीता को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि इसमें मानव जीवन की समस्याओं का समाधान मिलता हैं। यह उद्गार पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के संरक्षण में यूआईईटी संस्थान द्वारा श्रीमद्भगद्गीताः विज्ञान, आधुनिक शिक्षा व जीवन प्रबंधन विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले कार्यशाला का शुभारम्भ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने गीता मनीषी पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गीता भारत का ही नहीं अपितु पूरे विश्व का गौरव है। यह ग्रंथ केवल हिन्दुओं के लिए नहीं अपितु पूरी विश्व की मानवता के लिए है। उन्होंने कहा कि गीता में अर्जुन विश्व के हर उस युवक का प्रतिनिधित्व करता है जो कहीं न कहीं मानसिक रूप से बाधित है। यदि आप गीता को ध्यान से पढेंगे तो आपको लगेगा की आप ही अर्जुन है तथा हमें गीता से अपनेपन का संबंध लगने लगता है। वहीं गीता में भगवान श्रीकृष्ण शिक्षार्थी, विद्यार्थी, मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, कमांडर तथा पथ प्रदर्शक की भूमिका का निवर्हन किया है।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में मनुष्य की वर्तमान समस्याओं का समाधान समाहित है तथा भविष्य की मानवता का शाश्वत संदेश श्रीमद्भागवत गीता में निहित है। यदि हर शिक्षक, प्रोफेसर पवित्र ग्रंथ गीता की सोच को लेकर शिक्षा दे तो निश्चित ही शिक्षा क्षेत्र में अद्भुत, सकारात्मक, रचनात्मक क्रांति का संचार होगा। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए कहा कि उनमें जितनी ज्यादा एकाग्रता होगी उतना ही उनमें अधिक आत्मविश्वास होगा। वहीं बिना एकाग्रता के कोई भी लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने तीन ह्यएह्न के बारे में कहा कि यदि मनुष्य जीवन में अपने कर्म के प्रति एक्टिव, अलर्ट एवं अवेयर रहेंगे तो एकाग्रता को प्राप्त कर जीवन में अवश्य सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## चेयरमैन दीपक वोहरा को स्मृति चिन्ह भेंट किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**सम्मान**

**गौ वशों की संख्या को लेकर दीपक वोहरा ने कहा कि जो सड़को में रोजाना गौ वंश चलते रहते हैं**

**अम्बाला:** हरियाणा प्रदेश गौ रक्षा दल (रजि.) एवं अम्बाला मोटर्स की टीम से अंबाला जिलाध्यक्ष जगदेव संधू ने नेपाली समुदाय हरियाणा राज्य के नवयुक्त चेयरमैन दीपक वोहरा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया और सड़को में फिर रहे बे सहारा गौ वंशों को लेकर काफी समय तक चर्चा की । गौ वशों की संख्या को लेकर दीपक वोहरा ने कहा कि जो सड़को में रोजाना गौ वंश चलते रहते हैं वह सभी नंदी बैल ज्यादातर शाम के समय झूड़ बनाकर बैठक करते नजर आते हैं जिसके कारण आने जाने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है जल्द ही प्रशासन से मिलकर इस समस्या को दूर किया जाएगा । हरियाणा राज्य से मुझे सेवा सुरक्षा सहयोग समिति (रजि.)नेपाली संस्था एवं विश्व प्रसिद्ध पंचमुखी श्री पशुपतिनाथ मंदिर चेयरमैन बनाने के लिए मैं अंबाला वासियो का धन्यवाद करता हूँ । यदि शहरी सड़को में किसी ने दूध निकालकर गौ माता को सड़क पर छोड़ा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होगी।

## ताला तोड़कर दुकान से सिगरेट व नकदी चोरी

**जांच जारी**

**सूचना के बाद मौके पर पहुंची थाना कुंडली पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र के प्याऊ मनियारी के पास स्थित दुकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये की नकदी व सिगरेट के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस सीसीटीवी की मदद से चोर की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव जांटी कलां निवासी नवीन कुमार ने बताया उसकी प्याऊ के पास थाने वाली गली में के सामने किराना की दुकान है। शाम को वह रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा, तो ताले टूटे हुए और दुकान का शटर आधा खुला मिला। जब उसने अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो गल्ले में रखे 22 हजार रुपये और सिगरेट के 15 पैकेट गायब थे। सीसीटीवी की जांच की तो एक युवक दुकान में घुसा दिखा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची थाना कुंडली पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ली है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल मे आई एम ए गुलाबी पंख सत्र आयोजित

**स्वागत किया**

**विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने सभी गणमान्य डॉक्टरों का ओउम पट पहनाकर स्वागत किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर के प्रांगण मे आई एम ए गुलाबी पंख सत्र किया गया। इसकी कार्यकर्ता डॉ निधि जैन (पैथोलॉजिस्ट) इस संस्था की चेयर पर्सन व डॉ हिमानी जैन कोऑर्डिनेटर है। यह सत्र किशोरावस्था के छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को लेकर था। इस सत्र मे शहर के गणमान्य डॉ पूनम जैन (बाल रोग विशेष्ज्ञ), डॉ निधि जैन, डॉ जसप्रीत (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ दीप्ति (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ वेणी व डॉ हिमानी इस पैनल मे शामिल थे। सभी विशेषज्ञों ने अपने-अपने विचारों व सुझावों द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस सत्र मे दसवीं कक्षा के लगभग सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने सभी गणमान्य डॉक्टरों का ओउम पट पहनाकर स्वागत किया। सत्र के आरम्भ मे डॉ पूनम जैन ने बच्चों को बताया कि किशोरावस्था मे मानसिक स्वास्थ्य बहुत महत्वपूर्ण होता है। ये मानसिक स्वास्थ्य कई बातों से जैसे किसी रिश्ते का टूटना, लड़ाई झगड़ा या शैक्षणिक भी हो सकता है। बच्चों को खुलकर अपनी समस्याओं के बारे मे अपने माता-पिता, अपने अध्यापक या स्कूल मे रखे कॉउंसलर से बात करनी चाहिए। उन्हें किसी भी समस्या को लेकर झिझकना नहीं चाहिए। अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए हमें जीवन शैली मे एक्टिव रहे, अपने आपको समाज से जोड़ें और उन्होंने एक सरकार द्वारा निर्धारित नम्बर भी बताया जिसके माध्यम से जो बच्चे जीवन मे निराश हो गए है वो कैसे सकारात्मकता ला सकते है। डॉ निधि ने कहा कि बच्चो को सकारात्मक सोच बनाकर पढ़ना चाहिए व अच्छा स्वास्थ्य रखना चाहिए। डॉ जसप्रीत ने बताया कि हम कैसे अपने नेत्रों को स्वस्थ रख सकते हैं। हमें मोबाइल का प्रयोग व दूसरे क्रियाकलाप मे संतुलन बना कर रखना चाहिए। मोबाइल का अधिकता से से ज्यादा प्रयोग हानिकारक है उन्होंने मोबाइल द्वारा साइबर बुलिंग के बारे मे भी छात्रों को सचेत किया।

# अवैध शराब की शिकायत देने युवक को पड़ा महंगा

**मुकदमा र्ज**

**पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में अवैध शराब की सूचना देना युवक को मंहगा पड़ गया। मामले में रंजिश रखते हुए युवक को लाठी-डंडों से हमला कर पैर तोड़ दिए। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वारदात के बाद से आरोपित फरार है। पुलिस आरोपितों की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव अकबरपुर बारोटा निवासी तहसीम ने बताया कि वह गाड़ी चालक है। गत तीन अप्रैल को अपने दोस्त पुरखास के रहने वाले जयसिंह के साथ बागपत से वापस आ रहा था। उसने जयसिंह से बारोटा चौकी पर उतारने के लिए कहा था। जयसिंह ने उसे एनएच-334बी पर राठधाना फ्लाईओवर के नीचे उतार दिया। जहां पहले से ही जयसिंह और फिरोज के 4-5 साथी मुंह पर परना बांधे लाठी-डंडे और राड लेकर खड़े थे। जैसे ही वह वहां से चलने लगा। उन लोगों ने उसका रास्ता रोककर लाठी-डंडों और रॉड से उसके दोनों पैरों, दोनों हाथों और शरीर के अन्य हिस्सों पर हमला कर दिया, जिससे उसकी दोनों टांगों की हड्डी टूट गई। राहगीरों ने उसे बचाया और हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे और रॉड सहित मौके से भाग गए। कुछ देर बाद उसका भाई तसलीम मौके पर पहुंचा और उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से गंभीर चोटों के कारण उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज किए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बरोटा का ही रहने वाला फिरोज अवैध शराब की सप्लाई करता है और जयसिंह भी उसके लिए शराब सप्लाई और चालक का काम करता था। तहसीम ने बताया कि वह भी करीब दो साल पहले फिरोज के पास चालक करता था, लेकिन उसने यह काम छोड़ दिया था क्योंकि फिरोज अवैध शराब का धंधा करता था।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आया पुलिस जवान का बेटा

**दर्दनाक हादसा**

**हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र के दीपालपुर सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को चपेट में ले लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव दीपालपुर निवासी सतबीर ने बताया कि वह दिल्ली पुलिस ने बतौर एएसआई के पद पर तैनात है। गत 7 मार्च को देर रात करीब 10. 25 मिनट पर उसके लड़के सुमित (27) के फोन से उसकी पुत्रवधू के पास कॉल आई। कॉलर ने बताया कि फोन वाले का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना के बाद वह अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंचा। जहां उसका बेटा सड़क पर पड़ा हुआ था। वह बेहोशी की हालत में था। वह उसे घायल अवस्था में लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एसआई संदीप ने बताया कि वाहन चालक की तलाश के प्रयास किए जा रहे है।

## अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत: जिले** की स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संदीप उर्फ संजू निवासी गांव नाहरा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सिपाही महिपाल ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान गेटवे स्कूल के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक हथियार सहित आने की सूचना मिली। टीम ने छापेमारी करते हुए युवक को काबू कर लिया। उसके पास से अवैध देशी पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद हुए। पुलिस ने इस संबंध में सेक्टर-27 थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मेडिकल करवाने आई युवती सीएमओं के सामने रोने लगी

**छेड़छाड़**

**मेडिकल प्रमाण-पत्र बनवाने आई युवती के साथ छेड़छाड़ व भीड़ में अभद्रता करने का मामला सामने आया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: नागरिक** अस्पताल में नौकरी के लिए मेडिकल प्रमाण-पत्र बनवाने आई युवती के साथ छेड़छाड़ व भीड़ में अभद्रता करने का मामला सामने आया है। युवती परेशान होकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में पहुंची। जानकारी मिली है कि युवती व्यवस्था को लेकर रोने लगी। जिला अधिकारी अपने काम छोड़कर युवती के साथ ओपीडी में औचक निरीक्षण करने पहुंची। जहां एक कर्मचारी किसी का मेडिकल कराते हुए पाया गया तो ओपीडी में पट्टी कक्ष में तैनात कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिली। अधिकारी की तरफ से माली को चेतावनी देकर व डयूटी से नदारद मिली। कर्मचारी की एक दिन का वेतन व कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारी ने दिए है। बता दें कि नागरिक अस्पताल सोनीपत में हर रोज दो हजार के करीब ओपीडी रजिस्ट्रेशन होता है। साथ ही हथियार, लाइसेंस, कॉलेज व स्कूलों सहित सरकारी नौकरी पर लगने वाले अभ्यार्थी मेडिकल जांच करवाने के लिए पहुंचते है। जानकारी मिली कि एक युवती ओपीडी में भीड़ से परेशान होकर व अभद्रता के चलते जिला स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में पहुंचकर रोने लगी। युवती को रोती देख जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना, डा. गिन्नी लांबा, डा. सुभाष गहलावत व जसबीर के साथ ओपीडी में औचक निरीक्षण करने पहुंच गई। निरीक्षण के दौरान कमरा नंबर-6 पट्टी कक्ष में तैनात कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर हाजिर नहीं मिली। अधिकारी ने कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटने व कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही ओपीडी में माली एक अभ्यार्थी का मेडिकल करवाते हुए पाया गया। उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया।

**अपनी मर्जी से चिकित्सक रजिस्ट्रेशन करवाते है बंद व चालू, महिला ने की शिकायत:** ओपीडी में निरीक्षण के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी व प्रधान चिकित्सक अधिकारी डा. ज्योत्सना के सामने एक लिवान निवासी महिला ममता ने आपबीती बताई। महिला ने बताया कि वह अपनी सांस को लेकर काफी दिनों से अस्पताल में आ रही है। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्ची के लिए जाती है, तो उसे जानकारी मिलती है कि चिकित्सक ने पर्ची बनाने से मना किया है। घंटों लाइन में लगने के बाद मरीज को चिकित्सक के न होने की जानकारी मिल पाती है। साथ ही चिकित्सक अपनी मर्जी से पर्ची बनाने व बंद करवाने के निर्देश कर्मचारियों को देते है।

# अधिकारी अत्यधिक गर्मी और लू से बचाव को लेकर उठाए जरूरी कदम: नेहा

**निर्देश जारी**

**प्रबंधन विभाग ने हीट-वेव यानि लू अथवा अत्यधिक गर्मी से बचाव को लेकर विभिन्न विभागों को निर्देश जारी किये**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने हीट-वेव यानि लू अथवा अत्यधिक गर्मी से बचाव को लेकर विभिन्न विभागों को निर्देश जारी किये है। उन्होंने गर्मी के चलते सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिले में गर्मी की लहर की स्थिति पर नजर रखें। हीट वेव के दुष्प्रभावों को कम करने के हर संभव प्रयास करें। गर्मी की लहर से संबंधित प्रतिकूल प्रभावों से बचने के लिए जनता को जागरूक करना भी जरूरी है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाई जाए ताकि लोग अत्यधिक गर्मी से बचाव कर सकें। उपायुक्त नेहा सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि शिशुओं, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं और वृद्ध लोगों पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि उन्हें निर्जलीकरण से बचाया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को जरूरी दवाईयों का प्रबंध रखने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर ओआरएस पैकेट, आवश्यक दवा, तरल पदार्थ, आइस पैक, जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति का प्रावधान हो। स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी/पीएचसी पर कूलर आदि लगाएं। हीट स्ट्रोक रूम में जरूरत के अनुरूप बिस्तर के अलावा उपलब्धता के अनुसार सीएचसी और पीएचसी पर ठंडे पानी का प्रबंध हो। सभी अस्पतालों/पीएचसी/सीएचसी में ओआरएस और तरल पदार्थ के पर्याप्त स्टॉक हो। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र / सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल पर आवश्यक दवाईयां उपलब्ध हो, आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे सुचारू रखें।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग को मनरेगा श्रमिकों को दिन के दौरान अत्यधिक गर्मी से बचाने के लिए काम के घंटों को ध्यान रखने और कार्यस्थलों पर पर्याप्त पेयजल व छांव का प्रबंध रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि पार्कों, बस अड्डों, पर्यटक स्थलों तथा खुले क्षेत्रों में छाया की व्यवस्था करें। मंदिर, सार्वजनिक भवन, मॉल जैसे कूलिंग सेंटर की पहचान की जा सकती है और उनका उपयोग किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों, चौराहों व आवश्यकतानुसार संबंधित गांवों में पानी की टंकी/टैंकरों आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित कराएं।

उपायुक्त नेहा सिंह ने बिजली निगम को निर्देश दिए गए हैं कि बिजली की कटौती के दौरान पावर बैकअप का प्रावधान किया जाए ताकि निर्बाध बिजली उपलब्ध हो सके। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में टूटे हुए बिजली के खंभों आदि को सुदृढ़ करना व क्षेत्रों में समय-समय पर रोस्टर के आधार पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना।

# हिस्ट्रीशीटर दीपक गुहणा हत्याकांड- हत्याकांड में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**काबू**

**मामले की जांच एसएयूजी को सौंपी गई थी। इंस्पेक्टर अजय धनखड़ की टीम ने मामले से पर्दा उठा दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या 44 पर ढाबे के बाहर हिस्ट्रीशीटर दीपक गुहणा की हत्या व उसके दोस्त मंदीप पर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गौरव उर्फ गौरा निवासी इंद्रा कॉलोनी गन्नौर हाल में बलजीत नगर दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एयर इंडिया में पायलट पंजाब के जालंधर स्थित गांव दकोहा निवासी प्रीत कमल सिंह ने 27 फरवरी को बहालगढ़ थाना पुलिस को बताया था कि गांव मुरथल निवासी कपिल आंतिल उनके दोस्त हैं। कपिल ने उनको एक मोबाइल नंबर भेजा था। जब वह दिल्ली के महिपालपुर में थे तो उन्होंने उस नंबर पर कॉल की थी। जिसके बाद बातचीत करने वाले युवक ने उन्हें दिल्ली में ही पीतमपुरा के पास बुलाया था। जब वह उनके पास पहुंचे तो कार में गांव गुहणा निवासी दीपक उर्फ भांजा व कपिल का चचेरा भाई मंदीप मिले थे। दिल्ली से चलकर वह कुमासपुर के पास वीर ढाबा के बाहर रुके थे। वहां पर 3-4 युवक कार में आए थे और दीपक पर गोलियां बरसा दी थी। उसकी 14 गोली मारकर हत्या की थी। मंदीप को भी गर्दन में गोली लगी थी। एक आरोपित बोल रहा था कि राहुल भुर्री अपना काम पूरा करता है। पुलिस ने उनके बयान पर राहुल भूर्री समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले की जांच एसएयूजी को सौंपी गई थी। एसएयूजी प्रभारी इंस्पेक्टर अजय धनखड़ की टीम ने मामले से पर्दा उठा दिया है।

# एआई और कानून पर कार्यशाला ने कानूनी पेशेवरों के लिए दिखाए भविष्य के मार्ग

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह ):** गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ के सेंटर फॉर लीगल रिफॉर्म्स, पानीपत द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कानून के उभरते संगम पर केंद्रित "प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में कानून के रास्ते" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कॉलेज के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, ताकि वे कानूनी परिदृश्य पर एआई के परिवर्तनकारी प्रभाव को बेहतर ढंग से समझ सकें। इस कार्यशाला का आयोजन कॉलेज के सहायक प्रोफेसर शशांक त्यागी द्वारा किया गया। कार्यशाला में ब्लैकविंग्स के सह-संस्थापक एवं सीओओ,



शमरेन्द्र विक्रम ने बतौर मुख्य वक्ता सिरकत की। अपने मुख्य वक्तव्य में शमरेन्द्र ने कानूनी पेशे के तेजी से बदलते स्वरूप पर प्रकाश डाला और यह रेखांकित किया कि भविष्य और वर्तमान दोनों में ही कानूनी पेशेवरों के लिए तकनीकी प्रगति, विशेष रूप से एआई को अपनाना समय की आवश्यकता है। शमरेन्द्र ने कहा, "कानूनी ढांचे में एआई का एकीकरण कोई दूर का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की सच्चाई है।" उन्होंने कानूनी क्षेत्र से जुड़े लोगों से आग्रह किया कि वे नई कौशल दक्षताएँ हासिल करें और लगातार बदलती डिजिटल

**कार्यशाला**

**"प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में कानून के रास्ते" विषय पर कार्यशाला का आयोजन**

दुनिया में प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को अनुकूलित करें। कार्यशाला के दौरान चर्चाएँ इस बात पर केंद्रित रहीं कि कैसे प्रौद्योगिकी कानूनी शिक्षा, प्रैक्टिस और करियर के रास्तों को नया आकार दे रही है। शमरेन्द्र ने इस नए युग में आवश्यक उभरते कौशलों पर प्रकाश डाला और कानूनी सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए एआई टूल्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

मुख्य वक्ता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रौद्योगिकी और एआई किस प्रकार गहराई से कानूनी प्रक्रियाओं को पहले से ही प्रभावित कर रहे हैं। एआई की क्षमता समय-साध्य कार्यों जैसे दस्तावेज समीक्षा, कानूनी शोध, और अनुबंध विश्लेषण को स्वचालित करने में है, जिससे वकील अधिक रणनीतिक और जटिल कार्यों पर अपना ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। की एआई-संचालित उपकरण कानूनी कार्यों की गति और सटीकता को कैसे बढ़ा सकते हैं, त्रुटियों को कम कर सकते हैं और ग्राहकों के परिणामों में सुधार कर सकते हैं।

# महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़े का किया शुभारंभ

**प्रतिभाग**

**सरपंच सोनिया रही और आंगनबाड़ी वर्कर नीलम व रीना देवी के साथ साथ ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सुनेहड़ी खालसा में आज किरमिच सर्कल के गांव सुनेहडी खालसा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता के सीडीपीओ मैडम प्रीति ने की, मुख्य अतिथि सुपरवाइजर रेखा रही । विशिष्ट अतिथि गांव की सरपंच श्रीमती सोनिया रही और आंगनबाड़ी वर्कर



नीलम व रीना देवी के साथ साथ ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए विशेष पोषण पर ध्यान देने की बात कहते हुए सीडीपीओ मैडम ने महिलाओं को जागरूक किया । इस अवसर पर महिलाओं द्वारा तैयार पौष्टिक आहार बांटकर उसके पोषक तत्वों पर चर्चा करके बताया गया तथा महिलाओं को गर्भधारण के समय व गर्भावस्था में लगातार पौष्टिक आहार लेना चाहिए ताकि जच्चा व बच्चा दोनों का संतुलित विकास हो सके। इसके बाद दोनों अतिथियों ने प्ले स्कूल का निरीक्षण किया और बाल वाटिका 2 में बच्चों के दाखिले व उनकी नियमित कक्षाओं के बारे में बताया।

## न्यूज फ्लैश

### औद्योगिक नगरी से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सैकड़ो वाहन होंगे शामिल उपायुक्त: डॉ. विरेंदर

**पानीपत , (कमाल हुसैन )** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने 14 अप्रैल को हिसार में आयोजित किया जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर प्रदेश भर के उपायुक्तों के साथ मंगलवार को वर्चुअल बैठक की व कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कुछ जिम्मेदारियां सौंपी। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि उन्हें जो जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी वो उनका शिद्दत पूर्वक उनका निर्वहन करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस कार्यक्रम में सेल्फ ग्रुप की महिलाएं भी शिरकत करेंगी। जिले से 211 बसें व 125 निजी व्हीकल कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपायुक्त ने कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह, जिला परिषद सीईओ डॉक्टर किरण सिंह, डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी, आरटीओ नीरज जिंदल, जीएम रोडवेज विक्रम कंबोज आदि मौजूद रहे।

### विवाह समारोह के दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए अपील की

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहि( या ने आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न विवाह समारोह के दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए अपील की है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विवाह करवाने वाले पुजारी, गांव के सरपंच, पंच व नम्बरदार तथा शहरों में पार्षद मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी सामुदायिक केन्द्रों, सार्वजनिक भवनों, बैंकेट हॉल, मैरिज हॉल, मैरिज पैलेस, टेंट हाऊस इत्यादि के मालिकों से भी अपील की है कि वे अपने यहां आयोजित होने वाले विवाह समारोह के सम्बंध में पहले से दुल्हा व दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच कर लें तथा प्रति भी अपने पास रख लें। डीसी ने सभी से अपील की कि वे अपने गांव तथा शहरी क्षेत्र में किसी भी बाल विवाह का आयोजन ना होने दें तथा अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले विवाह अनुष्ठान इत्यादि के सम्बंध में अपने स्तर पर दूल्हा व दुल्हन की आयु की जांच कर लें और उनकी एक प्रति भी अपने पास रख लें। उन्होंने अपील की कि बाल विवाह पाए जाने पर तुरन्त प्रशासन के सम्बंधित अधिकारियों को सूचना दें और उसे रोकना सुनिश्चित करें। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रजनी गुप्ता ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार लडक ी की शादी 18 व लडके की शादी 21 वर्ष से पहले की जाती है तो वह कानूनी अपराध है। एक्ट के तहत बाल विवाह के आयोजन में भागीदार सभी लोगों पर कानूनी कार्यवाही की जाती है तथा बाल विवाह करना, करवाना व इसको बढ़ावा देना, इसमें शामिल होना एक गैर जमानती अपराध है जिसके तहत सजा व जुमार्ने का भी प्रावधान है। अगस्त 2002 में कानून के बदलाव के बाद यदि किसी भी नाबालिक लडके व लडकी का बाल विवाह किया जाता है तो उसे निरस्त माना जाएगा। रजनी गुप्ता ने बताया कि बाल विवाह के आयोजन के सम्बंध में समय रहते सूचना सम्बंधित पुलिस थाना व चौकी, आंगनबाड़ी केन्द्र, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी, सम्बंधित एसडीएम, तहसीलदार और बाल विवाह निषेध अधिकारी के साथ-साथ पुलिस कंट्रोल रूम, चाईल्ड हैल्पलाईन पर इसकी सूचना दी जा सकती है।

### प्राकृति के प्रति मानव की संवेदनहीनता ही प्राकृतिक आपदाओ का कारण :साध्वी दिवेशा

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के सौजन्य से श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर मे चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा ब्यास साध्वी सुश्री दिवेशा भारती ने जहां कथा को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया,वही प्राकृति को बचाने का संदेश भी दिया। साध्वी दिवेशा भारती ने कहा कि प्रभु श्रीराम की चरण रज को प्राप्त कर अहिल्या का उद्धार हुआ। यह प्रभु के चरणों का प्रताप है। जो भी उनके चरणों से स्नेह करता है। उसका कल्याण संभव हो जाता है। साध्वी ने कहा कि श्रीराम व माता जानकी का विवाह,जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतिक है। यही हमारे मानव तन का भी एक मात्र लक्ष्य है। कथा के अंतर्गत उन्होंने पर्यावरण के प्रति भी समाज को जागृत करते हुए कहा कि यह प्रकृति हमारी माँ है इसी से हमारा जीवन गतिमान है। अगर इसी प्रकार हम प्रकृति का दोहन करते रहे, तो हमारा अस्तित्त्व खतरे में आ जाएगा। आज जितनी भी प्राकृतिक आपदाएँ आ रही है।



# फोटो पर क्लिक करने से भी हो सकता है बैंक अकाउंट खाली

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** अधीक्षक कुरुक्षेत्र वरुण सिंगला ने आमजन को साइबर अपराधों के प्रति आगाह करते हुए कहा है कि डिजिटल युग में टेक्नोलॉजी हमारी जिंदगी को आसान बना रही है लेकिन साइबर अपराधी इसी टेक्नोलॉजी का फायदा उठाकर अलग-अलग तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। अब सिर्फ फर्जी कॉल या ईमेल ही नहीं बल्कि एक साधारण फोटो भी आपके मोबाईल और बैंक अकाउंट को हैक कर आपके बैंक अकाउंट को खाली कर सकती है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर ठगों ने भी अब एडवांस टेक्नालॉजी का फायदा उठाते हुए



ठगी का नया पैंतरा ईजाद किया है। उन्होंने कहा कि साइबर ठग अब लिंक नही फोटो भेजकर व्हाट्सएप कॉल करते हैं और उनके द्वारा व्हाट्सएप पर भेजी गई फोटो को पहचान के लिए कहते हैं। जैसे ही कोई उस फोटो या लिंक पर क्लिक करता है उसके फोन में एक वायरस या हैकिंग एप इंस्टॉल हो

**ठगी**

**साइबर ठगों ने भी अब एडवांस टेक्नालॉजी का फायदा उठाते हुए ठगी का नया पैंतरा ईजाद किया**

जाता है क्योंकि फोटो में खतरनाक मैलिशियस लिंक छिपा होता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि टेक्नोलॉजी की भाषा में इसे ट्रोजन हॉर्स अटैक या रिमोट एक्सेस ट्रोजन स्कैम भी कहा जा सकता है। इसमें ठग यूजर के फोन का कंट्रोल अपने हाथ में ले लेते हैं, और आपकी सारी इनफॉरमेशन जैसे गुगल, पेटीएम, फोन-पे ऑनलाईन नैट बैंकिंग से संबंधित पासवर्ड व डॉक्यूमेंट उनके पास पहुंच जाते हैं और आसानी से आपको साइबर ठगी का शिकार बना लेते हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि व्हाट्सएप इमेज स्कैम से बचने के लिए सावधानी व सतर्कता ही आपका मुख्य हथियार है। अगर किसी अनजान व्यक्ति से कोई तस्वीर, डॉक्यूमेंट या लिंक मिलता है तो उसे बिना जांचे-परखे न खोलें। कई बार ये फाइल्स देखने में सामान्य लगती हैं लेकिन इनमें छिपा वायरस आपके फोन में घुसकर आपकी पर्सनल जानकारी चुरा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अगर कोई इमेज वायरस (मालवेयर) से संक्रमित है तो उसे बस डाउनलोड या खोलने भर से आपका फोन खतरे में आ सकता है।

# दंत विभाग की तरफ से स्पेशल कैंप का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जिला दंत विभाग द्वारा शहर के निजी स्कूल में दंत जांच कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप में दिव्यांग बच्चों के साथ-साथ अन्य छात्र-छात्राओं के दांतों की जांच की। विभाग तैनात डा. अलका ने बताया कि आंगनबाड़ियों, सरकारी स्कूलों, ओपीडी व मेटरनिटी वार्ड में मरीजों के दांतों की जांच कर उन्हें दांतों की देखभाल के लिए जरूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिन में दो बार ब्रश करना जरूरी है। नई जच्चा बच्चा, छोटे बच्चे व वृद्ध लोगों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए। स्कूलों

**जांच की**

**कैंप में दिव्यांग बच्चों के साथ-साथ अन्य छात्र-छात्राओं के दांतों की जांच की**

में डेंटल क्विज एवं पेंटिंग कंपटीशन का आयोजन कर बच्चों को पुरस्कृत कर उनको प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही जंक फूड को छोड़ ताजे फल, सब्जी, दूध का सेवन करने की हिदायत दी। मंगलवार को भी कैंप का आयोजन किया गया।

# एक राष्ट्र एक सदस्यता के प्राथमिक उद्देश्य के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में मंगलवार को जवाहर लाल नेहरू पुस्तकालय द्वारा कम्प्यूटर लैब में शोध छात्रों के लिए एक राष्ट्र एक सदस्यता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जवाहर लाल नेहरू पुस्तकालय के पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ चेतन शर्मा, ने शोधार्थियों को एक राष्ट्र एक सदस्यता के प्राथमिक उद्देश्य के बारे में जागरूक किया । उन्होंने कहा कि यह भारत सरकार की एक योजना है जो नई और नवीनतम अभिनव

**जागरुक किया**

**एक राष्ट्र एक सदस्यता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

सामग्री प्रदान करती है । शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात प्रकाशकों जैसे स्प्रिंगर, एल्सेवियर, विले, टेलर एवं फ्रांसिस, सेज पब्लिशिंग और अमेरिकन केमिकल सोसायटी से छोत्रों के शोध पत्रिकाओं और लेखों तक समान उच्च गुणवत्ता वाली पहुंच प्रदान करना है।

# महापुरुषों के जीवन से हमें मिलती है कदम कदम पर प्रेरणा : महावीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आज संस्कार भारती कुरुक्षेत्र द्वारा देवी अहिल्याबाई त्रिशब्दी जयंती के अवसर पर झांसा रोड स्थित मैक्स जूनियर प्लेवे स्कूल के बच्चों के साथ मिल कर उनको देवी अहिल्याबाई के जीवन चरित्र का परिचय दिया और महापुरुषों के कदमों पर चलने की प्रेरणा दी। समाजसेवी महावीर मंढान ने कहा कि अहिल्याबाई के हृदय में निर्धन एवं असहाय व्यक्तियों के लिए दया और परोपकार की भावना व्याप्त थी। उन्होंने समाज सेवा के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर



दिया था। वह अपनी प्रजा और गरीबों की भलाई के बारे में सोचती थी और निर्धनों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहती थीं, समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उनसे प्रेरणा लेनी चहिए। इस अवसर पर संस्कार भारती कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष आशीष सभ्रवाल व सभी सदस्यों ने प्रोफेसर विवेक शर्मा, समाजसेवी महावीर मंढान को नए विद्यालय की स्थापना पर शुभकामनाएं दी और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पत्नी ने लगाया पति पर जबरन वेश्यावृत्ति कराने का आरोप

**पानीपत।** पानीपत में एक पति द्वारा अपनी पत्नीक ो वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। थाना सेक्टर 29 में दी शिकायत में शहाना निवासी धूपसिंह नगर ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी शादी सईद पुत्र सद्दीक के साथ 9 वर्ष पहले हुई थी। उसका पति सईद गलत किस्म का ओर नशा करने वाला व्यक्ति है। रोज नशे में धुत होकर उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करता है। महिला के अनुसार उसके पिता द्वारा दी गई सारी ज्वेलरी बेच का खा गया। पांच साल तक उसे कोई औलाद नहीं होने पर उसके पति सईद व ससुर सद्दीक ने उससे वेश्यावृत्ति कराने का दबाव बनाना शुरू कर दिया।

# सोनीपत पुलिस ने किया डॉ सुरेश कालरा को सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** आईपीएस नाजनीन भसीन पुलिस कमिश्नर सोनीपत के आदेशानुसार स्वस्थ पुलिस समृद्धि सुरक्षा के तहत शहर के पांच महानुभावों को किया गया सम्मानित।

आईपीएस मनवीर सिंह डिप्टी कमिश्नर सोनीपत हेडक्वार्टर द्वारा डॉ सुरेश कालरा यूनिट हेड उजाला सिग्नस जे के हिंदू हॉस्पिटल, राजीव गर्ग मैनेजिंग डायरेक्टर अंकलजीमा लाइफ साइंस, शशांक गर्ग डायरेक्टर कॉम्बीक्टिक ग्लोबल केप्लट प्राइवेट लिमिटेड, अमरदीप बंसल मैनेजिंग डायरेक्टर अटेक्स फार्मास्यूटिकल्स कुंडली, प्रदीप मालिक मालिक लैब एंड डिजिटल



एक्स-र सेंटर सोनीपत एवं हरियाणा पुलिस सोनीपत में कार्यरत फामेर्सी ऑफिसर देवेंद्र सिंह को किया गया सम्मानित। इन सभी के द्वारा हरियाणा पुलिस सोनीपत को स्वास्थ्य सेवा पिछले तीन सालों से प्रदान की जा रही हैं जिस्मेंकी अस्पताल द्वारा फ्री डिस्पेंसरी एवं दवा निमार्ता द्वारा दवाओं का बिना किसी शुल्क के वितरण किया जा

**सम्मान**

**स्वस्थ पुलिस समृद्धि सुरक्षा के तहत शहर के पांच महानुभावों को किया गया सम्मानित**

रहा है। प्रदीप मलिक द्वारा वहां पर आने वाले लोगों की जांच बिना किसी शुल्क के की जा रही है। इन सभी कार्य को देखते हुए आज हरियाणा पुलिस सोनीपत द्वारा सम्मानित किया गया एवं आईपीएस मनवीर सिंह ने कहा कि आप सभी के सहयोग से हरियाणा पुलिस सोनीपत स्वस्थ महसूस करती है।

# सीवर मेनहोल में जहरीली गैस की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत क्षेत्र के गांव राठधाना रोड पर स्थित एक्सप्रेस सिटी में उस समय सनसनी फैल गई। जब सीवर के मेनहोल की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की जहरीली गैस चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सोनीपत के शवगृह में रखवाया है। देर शाम तक परिजनों के बयान दर्ज नहीं हुए है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश का रहने वाला अभिषेक और छत्तीसगढ़ का रहने वाला पिंटू सोनीपत के आसपास के इलाके में सीवर सफाई का काम करते थे। मंगलवार को राठधाना रोड पर स्थित एक्सप्रेस सिटी में सीवर सफाई का काम उन्हें मिल गया। दोनों जब सीवर की सफाई करने पहुंचे तो पहले अभिषेक मेन होल में सफाई के उतर गया और उसके बाद पिंटू ने देख कि अभिषेक बाहर नहीं आया तो वह भी सीवर में उतर गया। दोनों सीवर में बनी जहरीली गैस की भेंट चढ़ गए। जिसके चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के कर्मचारियों ने दोनों को बाहर निकाला। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी।

# एम.ए. इंग्लिश तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा में छात्राओं ने मारी बाजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में एमए इंग्लिश तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें आई बी पी जी कॉलेज की छात्रा रोशनी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चतुर्थ स्थान एवं रीचा शर्मा ने छठा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया । प्रबंधक समिति के महासचिव एल. एन. मिगलानी ने छात्राओं को सफलता के लिए बधाई दी और भविष्य में और मेहनत करने की प्रेरणा दी एवं उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल विद्यार्थी की कठिन परिश्रम का परिणाम है बल्कि महाविद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन का भी परिचायक है`



महाविद्यालय की परम्परा के अनुरूप विश्वविद्यालय में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पारितोषिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा व हर संभव मदद की जाएगी` प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अपने सपनों को सच करने के लिए मेहनत करनी ही पड़ती है । सफलता का कोई मंत्र नहीं होता, केवल संघर्ष से ही सफलता प्राप्त होती है। मनुष्य का जीवन तभी सार्थक होता है जब मनुष्य अपने अंदर की शक्तियों को पहचान कर संघर्ष के साथ आगे बढ़ता है। विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रेरणा स्त्रोत है। विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस अभूतपूर्व सफलता से महाविद्यालय का गौरव बढ़ा है और यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा` आपकी लगन और मेहनत आपके जीवन में

**गौरव बढ़ाया**

**छात्रा रोशनी ने चतुर्थ स्थान एवं रीचा शर्मा ने छठा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया**

अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करती है। उन्होंने विभाग के सभी सदस्यों को विद्यार्थियों के उचित मार्गदर्शन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर विभाग से डॉ नीलम, डॉ निधि मल्होत्रा, डॉ स्वाति, डॉ नेहा, डॉ मधु शर्मा, डॉ विनय वाधवा ,सोनल, रेखा शर्मा, प्रिया ब्रेजा, प्रिया सदाना और राहुल उपस्थित रहे।


# गेहूं की फसल का दाना दाना खरीद करेगी सरकार: नवीन जिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि किसानों की गेहूं की फसल का दाना दाना सरकार द्वारा खरीदा जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि मंडियों में गेहूं की खरीद के 48 से 72 घंटे के भीतर किसानों के बैंक खातों में भुगतान कर दिया जाएगा, जिससे उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। सांसद नवीन जिंदल बुधवार को अनाज मंडी में गेहूं के खरीद प्रबंधों का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने किसानों से मिलकर उन्हें खरीद में आ रही



दिक्कतों के बारे में भी पूछा। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए किसानों का सहयोग करें और आपस में मिलजुल कर सीजन को व्यवस्थित ढंग से निपटाएं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मंडियों में बारदाने की उचित व्यवस्था, साफ-सफाई, और पेयजल जैसी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।इसके साथ ही इस वर्ष केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

# समाजसेवी लाला कंवरभान गुप्ता के नाम पर हुआ सड़क का नामकरण









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा के मजलिस पार्क इलाके में दिल्ली नगर निगम द्वारा मजलिस पार्क ए ब्लॉक की सड़क का नामकरण किया गया। स्वर्गीय लाला कंवरभान गुप्ता के नाम से अब सड़क का नामकरण कर दिया गया है। नामकरण कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय निगम पार्षद और नेता सदन मुकेश गोयल ने की।
इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया, दिल्ली के मेयर महेश कुमार खिंची सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आपको बता दें कि आदर्श नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी लाला कंवर भान गुप्ता के नाम पर गली का नामकरण किया गया है। इस मौके पर उद्घाटन के लिए खुद दिल्ली के मेयर महेश खींची पहुंचे, जिन्होंने सभी के साथ मिलकर गली का नामकरण किया।
आपको यह भी बतादें कि इस कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय लाला कंवर भान गुप्ता को पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। जिसके बाद आये हुए सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत भी किया गया।




**▶▶ जिन्होंने किया समाज के लिए काम, दिल्ली नगर निगम उन्हें दे रहा सम्मान: मुकेश गोयल**
**▶▶ चित्र उन्हीं के लगते हैं जिनका चरित्र काबिल हो: राजकुमार भाटिया**

**ये लोग रहे मौजूद :** इस मौके पर प्राचीन शिव मंदिर, मजलिस पार्क के प्रधान राम करण कंसल, आप नेता अनुराग गर्ग, आप नेता रवि वधवा, आप नेता गुरमीत अरोड़ा, सोहनलाल मेहंदीरत्ता, प्रसिद्ध समाजसेवी प्रकाशचंद अग्रवाल, पार्षद प्रत्याशी अनुभव धीर, मजलिस पार्क के प्रधान सुभाष दीक्षित सहित मजलिस पार्क ए ब्लॉक के सभी सम्मानित गणमान्य लोग शामिल हुए।






**महेश कुमार खिंची, मेयर, दिल्ली:** आज जो यह नामकरण हो रहा है, यह बहुत ही सराहनीय काम है। ऐसे जो हमारे समाजसेवक है, जिन्होंने समाज की सेवा की है, उनका नाम पर सड़क व गली का नामकरण होना बहुत ही जरूरी है।



**राजकुमार भाटिया, विधायक आदर्श नगर:** बाऊजी की आत्मा को आज बहुत ही ज्यादा खुशी मिली होगी। जब बाऊ जी के नाम को लोग देखेंगे तो अन्य लोगों के अन्दर भी प्रेरणा जागेगी। ये बहुत ही सराहनीय कार्य है।



**मुकेश गोयल, निगम पार्षद और नेता सदन:** मैंने अपने कार्यकाल में बहुत ही कम लोगों के नाम पर सड़क या अन्य जगहों पर नामकरण करवाए हैं। मैंने उन लोगों के नाम पर ही नामकरण करवाये हैं, जिन्होंने वाकई समाज में कुछ कार्य किया है और जिन्हें समाज स्वीकार करता है।



**रामकरण कंसल, प्रसिद्ध समाजसेवी :** लाला कंवरभान गुप्ता जी वाकई एक आदर्श व्यक्ति थे। उन्होंने मेरा बहुत साथ दिया। समाज के लिए बहुत काम किए। उनकी जितनी तारीफ की जाये वो कम है। दिल्ली नगर निगम ने उन्हें स्थान और सम्मान देकर पूरे समाज का मान बढ़ाया है।

## अरशद फरीदी बने ऐतिहासिक हजरत सलीम शेख चिश्ती दरगाह के सज्जादानशीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वरिष्ठ पत्रकार अरशद फरीदी फतेहपुर सिकरी स्थित ऐतिहासिक हजरत सलीम शेख चिश्ती दरगाह के सज्जादानशीन बनाये गए हैं। गत दिवस फतेहपुर सिकरी स्थित दरगाह में अरशद का दस्तारबंदी समारोह आयोजित किया गया। वे हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह के 17वें सज्जादानशी बने हैं। पीरजादा अरशद फरीदी चिश्ती को देश के अनेक सांसदों व धार्मिक नेताओं ने बधाई दी है। फोन पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बधाई देते हुए बहुत



जल्द फतेहपुर सीकरी पहुंच कर हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह की चौखट पर माथा टेकने को कहा। मुख्यमंत्री के रूप में अखिलेश यादव फतेहपुर सीकरी स्थित हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह में जियारत करने आए थे। कार्यक्रम में अजमेर शरीफ दरगाह के जानशीन सज्जादानशी नसीरुद्दीन चिश्ती,अजमेर शरीफ दरगाह के साहिबजादा सैयद हमजा मियां चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया के सज्जादानशी पीर फरीद निजामी, रुदौली दरगाह के नैयर मियां,कलियर शरीफ दरगाह के सज्जादानशी अली शाह मियां, हजरत ख्वाजा बंदा नवाज गेसू दराज से सैयद जकी अली हुसैनी रहे।

## सरकार रोजगार छिनने की नीति लागू कर रही है: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली सरकार की ई-वाहन नीति 2.0 को लाखों ऑटो चालको की रोजी रोटी छीनने की भाजपा की एक और गरीब विरोधी नीति का विरोध करते हुए कहा कि यह सरकार रोजगार देना तो दूर उल्टा लोगां का रोजगार छीनने की नई-नई नीतियां लागू कर रही है।
उन्होंने कहा कि ई-वाहन नीति के तहत 15 अगस्त, 2025 से किसी भी सीएनजी ऑटो रिक्शा के पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जाएगी और न ही सीएनजी ऑटो परमिट का नवीनीकरण होगा। देवेन्द्र यादव ने कहा कि पहले



सरकार सीएनजी वाहनों को प्रोत्साहन देती है और फिर उन्हीं को खत्म करने का निर्णय ले रही है।
उन्होंने कहा कि सीएनजी ऑटो की जगह ई-ऑटो की नीति लागू करने से पहले भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार को डीटीसी और अन्य सरकारी विभागों को पूरी तरह से सीएनजी मुक्त बनाकर ई-वाहन नीति लागू करे।

## टीजीटी विशेष शिक्षा शिक्षकों को पीजीटी पद पर पदोन्नति: जीएसटीए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षित करने वाले टीजीटी (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक) विशेष शिक्षा शिक्षकों को आज पीजीटी (प्रवक्ता) विशेष शिक्षा शिक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई तथा साथ ही उन्हें नवीन विद्यालयों में स्थापन (पोस्टिंग) भी आवंटित कर दी गई है। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ, दिल्ली के महासचिव अजय वीर यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आदेश के अंतर्गत कुल २१४ विशेष शिक्षा शिक्षकों को पीजीटी पद पर पदोन्नत किया गया है। यह



अत्यंत सुखद है कि सत्र के आरंभ में ही पदोन्नति के उपरांत विद्यालय स्थापन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस निर्णय से न केवल शिक्षकों को उनकी इच्छा अनुसार विद्यालयों का आवंटन हुआ है, बल्कि विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को सत्र के प्रारंभ से ही नियमित पाठ्यक्रम आधारित शिक्षण प्राप्त हो सकेगा। इससे निश्चित ही शिक्षण गुणवत्ता में वृद्धि होगी और आगामी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। महासचिव श्री यादव ने यह भी बताया कि गत दिवस शिक्षा निदेशक महोदया के साथ हुई बैठक में यह सहमति बनी है कि अन्य सभी लंबित पदोन्नतियों को भी शीघ्र निष्पादित किया जाएगा। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ, दिल्ली शिक्षकों के हितों की रक्षा हेतु सतत सक्रिय है तथा विभागीय समन्वय के माध्यम से शिक्षकों को उनके सेवा संबंधी अधिकार समय पर दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बिना जवाबदेही के चल रहा निगम, गांवों पर थोपे जा रहे टैक्स और गंदगी: थान सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मादीपुर गांव में नगर निगम की मनमानी के खिलाफ एक बड़ी पंचायत का आयोजन हुआ।
भगवती सरोवर और पांडवकालीन शिव मंदिर मार्ग पर बने अवैध कूड़ा घर के मुद्दे पर दिल्ली पंचायत संघ ने नगर निगम को घेरा। पंचायत में सर्वसम्मति से मांग की गई कि नगर निगम को भंग कर, सफाई व्यवस्था के लिए एक स्वायत्त बोर्ड का गठन किया जाए, जो दिल्ली सरकार के अधीन कार्य करे।



**कूड़ा, टैक्स और मनमानी के खिलाफ एकजुटता:** पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव, पंचायत प्रमुख सुधीर कुमार और पंच प्रमुख हरि प्रकाश ने मौके का मुआयना किया और साफ कहा कि गांवों को कूड़ाघर नहीं बनने दिया जाएगा। पंचायत में उपस्थित लोगों ने यूजर चार्ज और हाउस टैक्स नोटिसों की वापसी की भी जोरदार मांग की।
**पंचायत संघ का बड़ा ऐलान:** सह प्रमुख सुनील शर्मा ने स्पष्ट किया कि यदि नगर निगम ने गांवों से अवैध कूड़ा घर नहीं हटाए और टैक्स वसूली नहीं रोकी तो दिल्ली पंचायत संघ एक व्यापक आंदोलन छेड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ मादीपुर का मामला नहीं, बल्कि पूरे देहात और शहरी गांवों का साझा संकट है।
**आस्था और पर्यावरण को हो रहा नुकसान:** मादीपुर पंचायत प्रमुख सुधीर कुमार ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि निगम की गाड़ियां बाहरी इलाकों से कूड़ा लाकर भगवती सरोवर मार्ग पर डाल रही हैं।
इससे न केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि धार्मिक आस्था भी आहत हो रही है।

## दिल्ली की नालियों को सीवर मुक्त और यमुना को पुनर्जीवित करने की दिशा में बड़ा कदम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में यमुना को स्वच्छ और प्रवाहमान बनाने के मिशन के तहत राजधानी में सीवेज शोधन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की गई है। दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने ओखला स्थित एशिया के सबसे बड़े सिंगल स्टेज वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया।
यह 564 क्षमता वाला संयंत्र अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार जल शुद्धिकरण कर रहा है। इस



संयंत्र में उन्नत प्रक्रिया, टर्शियरी डिस्क फिल्टर्स और सिस्टम का उपयोग कर जल को ट्रीट, पॉलिश और कीटाणु रहित किया जाता है, जिससे यह प्रदूषण मुक्त और उच्च गुणवत्ता का बनता है।
संयंत्र पूरी तरह स्वचालित है सिस्टम के माध्यम से दूरस्थ निगरानी और संचालन की सुविधा भी मौजूद है। यह संयंत्र केंद्र सरकार के सहयोग से तैयार किया गया है और दिल्ली में लगभग 40 लाख की आबादी, जिसमें पुरानी दिल्ली, सेंट्रल दिल्ली व अन्य क्षेत्र और दक्षिणी दिल्ली शामिल हैं को लाभ पहुंचा रहा है।
वर्तमान में ट्रीटेड जल को पुरानी आगरा नहर में छोड़ा जा रहा है, जबकि जल्द ही यह जल अबुल फजल ड्रेन के माध्यम से ओखला बैराज के डाउनस्ट्रीम में यमुना नदी में छोड़ा जाएगा। इसके लिए कार्य प्रगति पर है।

## वजीरपुर जेजे कॉलोनी में मां भगवती का जागरण आयोजित, पहुंची पार्षद चित्रा विद्यार्थी






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के वजीरपुर जेजे कॉलोनी इलाके में मां भगवती का विशाल जागरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी और समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी मौजूद रहे और मां भगवती का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि भक्ति में शक्ति होती है, जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। इस मौके पर वजीरपुर के समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी ने कहा कि सभी का सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो भक्त सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है, इसलिए सभी भक्त सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और प्रभु की आराधना की।

# ट्रेडिंग में पैसा डबल करने के नाम पर ठगे 5 लाख

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** थाना साइबर क्राइम जनपद मथुरा की टीम द्वारा पीडित से ठगे गये 5,49,000 रुपये में से 2,03,101 रुपये खाते में वापस करा दिये। धोखाधडी के शिकार हुए पीडित व्यक्ति मुकेश कुमार माहौर पुत्र पूरनचंद निवासी जन्भ भूमि थाना कोतवाली ने भारत सरकार द्वारा संचालित एनसीआरबी पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गयी थी। इसके बाद मामला थाना साइबर क्राइम की टीम मथुरा के सौंप दिया गया। पीडित के मुताबिक उसके साथ टेलीग्राम एप पर ट्रेडिंग में पैसा डबल करने के नाम पर धोखाधडी हुई। थाने पर संबंधित धाराओं में पीडित ने अभियोग पंजीकृत कराया दिया। जिस पर धोखाधडी के संदर्भ में थाना साइबर क्राइम पर जांच कर आवेदक की ठगी हुई धनराशि को वापस कराने के लिए थाना साइबर क्राइम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित सेवा प्रदाताओं से समन्वय स्थापित कर साइबर अपराधी के केनरा बैक के खाते को होल्ड कराते हुए न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पीडित के साथ हुई ठगी की कुल 5,49,000 रुपए की धनराशि में से 2,03,101 रुपए की धनराशि वापस करायी गयी। धनराशि रिफन्ड़ कराने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल थाना साइबर क्राइम मथुरा, निरीक्षक विवेचक बौबी कुमार थाना साइबर क्राइम, एसआई राजकुमार पंवार थाना साइबर क्राइम आदि थे। साइबर सैल मथुरा द्वारा साइबर ठगी से बचने के लिए आम जनमानस को सतर्क करते हुए संदेश जारी किया है जिसमें कुछ सावधानी बरतने से साइबर ठगी का शिकार होने से बच सकते हैं।

### यह सावधानी जरूरी

- किसी भी कम्पनी का कस्टमर केयर नम्बर उस कम्पनी के आधिकारिक वेवसाइट से ही प्राप्त करें।
- कोई भी बैंक अधिकारी फोन पर कभी भी आपसे एटीएम खाते क्रेडिट कार्ड अन्य से सम्बन्धित जानकारी नहीं मांगता इसलिए कभी भी फोन कॉल पर अपने बैंक से सम्बन्धित जानकारी शेयर ना करें ।
- किसी भी क्यूआर कोड से पेमेंट लेते अथवा देते समय यह अवश्य चेक करें कि क्यूआर कोड पेमेंट लेने वाला है या देने वाला है ।
- किसी भी प्रकार का साइबर क्राइम होने पर हेल्पलाइन नम्बर 1930 या अपने नजदीकी थाने साइबर सैल मथुरा के अधिकारिक मोबाइल नम्बर 7839003501 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराये ।
- खाते में केवाईसी अपडेट कराने के लिये बैकों द्वारा कभी भी किसी से व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी, सीवीवी, पिन नम्बर नहीं मांगा जाता है।
- फोन पर आने वाली कॉल पर रिश्तेदार बनकर बातें करने वाला व्यकित फ्राड़ हो सकता है, अतः आप अपने कॉनटेक्ट लिस्ट मे पहले से आपके द्वारा सेव किये गये नम्बर पर कॉल कर पहले उससे पुष्टी कर ले ।
- अपने फोन पर किसी भी अन्जान व्यक्ति, कथित कस्टूमर केयर अधिकारी के द्वारा आपके मो पर भेजे गये लिक के माध्यम से कोई भी ऐप्स इंसटाल न करें।

**सावधानी**

साइबर ठगी से बचने के लिए आम जनमानस को सतर्क करते हुए संदेश जारी किया है

# नारी शक्ति आगे बढ़गी तभी नया भारत बनेगा: हेमा मालिनी



**टीम क्शन इंडिया**
**मथुरा।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित सीएसआर के अंतर्गत ष्सेहत सहेलीष् के तहत 300 महिलाओं को मातृ और शिशु स्वास्थ्य का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि देश के ष्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि श्नारी शक्ति को आगे बढ़ाना है, तभी नया भारत बनेगा।श जब एक महिला जागरूक होती है, तो पूरा समाज प्रगति करता है।ष् इंडियन ऑयल की इस पहल ने यह सिद्ध कर दिया कि जब उद्योग, सरकार और समाज मिलकर कार्य करते हैं, तो सामाजिक बदलाव संभव होता है। यह कार्यक्रम केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि समाज में आंदोलन की एक शुरूआत है। विशिष्ट अतिथि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड उत्तरी क्षेत्र इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली 300 सेहत सेहलियों को नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएसडीसी) प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती और धात्री महिलाओं को ष्मातृ वात्सल्य पोषण किटष् भी वितरित की गई। जिले के उन ग्राम प्रधानों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभाई और इसे जमीनी स्तर तक पहुँचाने कार्यकारी निदेशक शैलेश तिवारी व आईओसीएल एनआरपीएल के महाप्रबंधक धर्मेन्द्र खन्ना तथा उप महाप्रबंधक भानु प्रकाश पोद्दार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीपीआरओ किरन चौधरी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**मथुरा।** निलंबित चल रहीं पीसीएस अधिकारी किरन चौधरी को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। चार फरवरी को पीसीएस अधिकारी मथुरा की डीपीआरओ किरन चौधरी और सेवानिवृत्त चालक को विजिलेंस लखनऊ की टीम ने 70 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। मेरठ विशेष न्यायालय से उन्हें पांच फरवरी को जेल भेज दिया था। इसके बाद उनका निलंबन आदेश शासन ने जारी कर दिया था। पांच फरवरी से वह मेरठ की जिला जेल में न्यायिक अभिरक्षा में थीं। बृहस्पतिवार को हाईकोर्ट ने जमानत अर्जी मंजूर कर ली थी। निलंबित पीसीएस अधिकारी की अधिवक्ता ने शिकायतकर्ता द्वारा झूंठा फंसाये जाने की दलील दी और कहा कि शिकायतकर्ता के विरुद्ध सरकारी धन के गबन की कई शिकायतें मिली थीं, जिनकी जांच चल रही थी। डीपीआरओ ने जांच पूरी कराने के लिए पत्र भेजे थे, इसलिए शिकायकर्ता ने किरन चौधरी को षड्यंत्र करके फंसाया और उनके खिलाफ रिश्वत लेने का कोई साक्ष्य नहीं है। रिश्वत की रकम लेने का आरोप सह आरोपी बिजेंद्र सिंह के खिलाफ हैं, जिसे रंगे हाथों पकड़ा गया था। इसके अलावा उनकी जमानत के लिए गर्भवती होना भी आधार बनाया गया।

### गोवर्धन के दो वार्डो में 32 लाख से निर्मित दो सड़का का हुआ लोकार्पण

**मथुरा।** गोवर्धन नगर पंचायत के दो वार्डो में नवनिर्मित इंटरलॉकिंग रास्तों का लोकार्पण चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने स्थानीय सभासद और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया। दोनों रास्ते के निर्माण पर करीब 32 लाख रुपये खर्च किए गए। नगर पंचायत चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने वार्ड आठ में दिलीप कौशिक के मकान से पूरन के मकान तक व वार्ड दस में पुरुषोत्तम शर्मा के मकान से मनोज के मकान तक नव निर्मित दो इंटरलॉकिंग मार्गो का लोकार्पण बुधवार को किया। चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा ने स्थानीय नागरिकों को अश्वासन दिया कि नगर पंचायत हर वार्ड का विकास बिना भेदभाव से करायेगी। इसके लिए नगर पंचायत प्रतिबध है। उन्होंने नगर के सभी नागरिकों से अपना जल कर और गृह कर समय से जमा कर एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका अदा करने का आवाह्न किया। जिससे विकास कार्य बढ़-चढ़ कर करवाए जा सकें। चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने बताया कि पंद्रह वित्त की धनराशि से करीब 32 लाख रुपए से दोनों रास्तों का नवनिर्माण हुआ है। इस अवसर पर सभासद रेखा देवी, सभासद प्रतिनिधि हेमलता शेखर मुखिया, सभासद प्रतिनिधि चंद्रभान चौधरी, स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर डॉ. विनोद दीक्षित, लकी कौशिक,सुरेश मास्टर, सुरेश सैनी, राहुल सैनी, एडीओ वासुदेव शर्मा, विनोद गोस्वामी, हरिकृष्ण काका,सोहन लाल, सौरभ बंसल,अशोक पाठक, प्रशांत शर्मा, भोला नाथ गोस्वामी,अफसर आदि उपस्थित रहे।

### भाकपा (माले) ने एलपीजी के दामों में वृद्धि पर जताया रोष

**मथुरा।** भाकपा (माले) ने घरेलू गैस सिलिंडर के मूल्य में 50 रु प्रति सिलिंडर वृद्धि करने की कड़ी आलोचना की है। पार्टी ने कहा है कि यह मूल्यवृद्धि आम जनता की परेशानियां बढ़ाने वाली है; लिहाजा इसे वापस लिया जाए। भाकपा माले के नशीर शाह एडवोकेट ने कहा कि माले की राज्य इकाई ने कहा कि घरेलू गैस जैसी आवश्यक वस्तु की कीमत में यह वृद्धि जनविरोधी है। यहां तक कि उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को भी नहीं बख्शा गया है। आम आदमी महंगाई से पहले से ही परेशान है। ऊपर से यह मूल्यवृद्धि आर्थिक बोझ बढ़ाएगी। कहां तो घरेलू गैस सिलिंडर का मूल्य आधा करने और 500 रु में उपलब्ध कराने की मांग हो रही है। इसे सरकार लगातार अनसुना कर रही है। भाजपा सरकार आम लोगों को सहूलियत देने के बजाय हमेशा कारपोरेट के फायदे की करती है।

### अखिल भारतीय हिंदी ओलम्पियाड में श्रीकृष्णा स्कूल की छात्रा निशा रही राज्य स्तर पर टॉप

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल में सिल्वर जोन के अंतगर्त अखिल भारतीय हिंदी ओलम्पियाड़ (ए.बी.एच.ओ) परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा दूसरी से आठवीं तक विद्यार्थियों ने भाग लिया। मिडिल हेड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि स्कूल. में बीते नवंबर माह में हिंदी ओलम्पियाड परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें श्रीकृष्णा स्कूल की छात्रा निशा कक्षा छठी ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं स्कूल के आराध्या, अंशिका, केशव, इशिका, मेहूल, इशिका,

## लाड़लीजी मंदिर की ऑफिशियल वेबसाईट लांच की

**मथुरा।** बरसाना के लाडली जी मंदिर प्रबंध समिति ने लाडली जी मंदिर की ऑफिशियल वेबसाइट रामनवमी के दिन लांच की गई। अब मंदिर से जुड़ी तमाम जानकारी श्रद्धालु घर बैठे उक्त वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। विश्व प्रसिद्ध लाड़लीजी मंदिर की ख्याति को देखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति ने ऑफिशियल वेबसाइट लांच कर भक्तों को एतिहासिक जानकारी उपलब्ध कराई गई है। जिसमें राधा रानी के विग्रह के प्राकट्य से लेकर मंदिर के निर्माण व एतिहासिक लठामार होली, राधाष्टमी पर होने वाले समस्त कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया।

# फसलीय ऋण लेने में किसानों को नहीं हो असुविधारू: सीडीओ

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** सीडीओ मनीष मीना की अध्यक्षता में की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय तकनीकी समिति (डीएलटीसी) की बैठक आज कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु फसलीय वित्तमान (स्केल ऑफ फाइनेंस) का निर्धारण हेतु आदि पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में किसानों को फसलीय ऋण स्वीकृति बैंकों के द्वारा की जाए। यही प्रदेश सरकार की मंशा है। ताकि किसान अपनी फसल की समय से बुबाई कर सकें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। कार्यशील पूँजी के लिए वित्तमान निर्धारण हेतु तकनीकी समिति के सदस्यों द्वारा अपने सुझाव दिए। तपश्चात सम्यक विचारोपरान्त प्रस्तुत फसलवार कृषि उत्पादन लागत के लिए प्रति हैक्टेयर फसली ऋण वितरण हेतु वित्तमान (स्केल ऑफ फाइनेन्स) निर्धारण पर सहमति व्यक्त की गई। इसमें यह भी तय किया गया कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद औद्यानिक फसलों, पशुपालन डेयरी, मत्स्य पालन, मुगीर्पालन, भेड़ बकरी सूकर पालन मधुमक्खी पालन मशरूम उत्पादन रेशम उत्पादन के फसली ऋण हेतु वित्तमान (स्केल ऑफ फाइनेन्स) निर्धारित किये गए। बैठक में जिला कृषि अधिकारी, उपकृषि निदेशक, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता विवेक कौशल, जिला उद्यान अधिकारी मनोज कुमार, सहायक निदेशक, मत्स्य, जिला अग्रणी बैंक कैनरा बैंक के प्रबंधक पीसी चावला, प्रतिनिधि, आर्यावर्त बैंक, प्रतिनिधि, भारतीय स्टेट बैंक, के अधिकारी उपस्थित थे।




**वित्तमान**

मशरूम उत्पादन रेशम उत्पादन के फसली ऋण हेतु वित्तमान (स्केल ऑफ फाइनेन्स) निर्धारित किये गए

# नवसृजन ने आईएएस निशा ग्रेवाल किया नागरिक अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर निशा ग्रोवाल का सामाजिक संस्था नव सृजन ने नागरिक अभिनंदन किया। संस्था का कहना है कि अधिकारी ने किसानों और आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण में रूचि दिखाई है। इससे लोगों को राहत मिली। जनता की ओर से संस्थान ने अधिकारी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए नागरिक अभिनंदन किया। परिषदीय सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की बेहतर व्यवस्था कायम करने के लिए भी किये गये कार्य सराहनीय रहे हैं। नव सृजन वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष विनेश कुमार सनवाल के नेतृत्व में सदर तहसील एसडीएम कार्यालय मथुरा नागरिक अभिनंदन किया। विनेश सनवाल ने कहा किं मौके पर पहुंच कर वहा की शिक्षा और व्यवस्था का अवलोकन और विधार्थियो को अच्छी शिक्षा के लिए उनकी अच्छी पहल से मथुरा के जन मानस को राहत मिली है। उनके द्वारा अच्छी प्रशासनिक जन सेवा के लिए सामाजिक संस्था नव सृजन के द्वारा उनका नागरिक अभिनंदन करके उनके कार्य की सराहना की है।



## रोडवेज कर्मचारी संघ के श्यामवीर बने अध्यक्ष

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ शाखा मथुरा डिपो का वार्षिक चुनाव चुनाव अधिकारी शंकर लाल, चंद्रभान एवं जयप्रकाश शुक्ला के दिशा निर्देशन में हुआ। जिसमेंश्याम वीर सिंह अध्यक्ष, राजेंद्र चतुर्वेदी मंत्री, भूपेंद्र कुमार शाखा संरक्षक, ऋषिपाल सिंह, विष्णु कुमार, जगबीर सिंह तीनों उपाध्याक्ष, जितेंद्र कुमार शर्मा, शिव ओम, जितेंद्र कुमार तीनों संयुक्त मंत्री, सतवीर सिंह संगठन मंत्री, कोषाध्यक्ष दुष्यंत कुमार, लेखा परीक्षक तुलाराम शर्मा, मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार शर्मा, कार्यालय सचिव दिनेश कुमार शर्मा, जयप्रकाश शुक्ला, किशन बाबू शर्मा, सोमेंद्र सिंह, ममता शर्मा सभी क्षेत्रीय प्रतिनिधि चुने गए।

# कार्यकर्ताओं को करता हूँ नमन: प्रमोद विज



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के द्वारा चालू किए गए प्रदेश भर में सक्रिय सदस्यता अभियान सम्मेलन के तहत पानीपत शहरी विधानसभा में विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में सम्मेलन आयोजित किया गया` कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गयो कार्यक्रम में बार बार भारत माता की जयकार गूंजती रही कार्यक्रम की संयोजक डॉ. हेमा रमण ने सभी का स्वागत कियो कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की इससे पूर्व जन संघ और भाजपा के वयोवृद्ध कार्यकताओं को सम्मानित भी किया गयो कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर विधायक प्रमोद विज, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा ने भी कार्यक्रम को संबोधित कियो कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विज ने कहा कि मैं नमन करता हूँ उन कार्यकताओं को जिनके नेतृत्व में पार्टी लगातार जीत हासिल करती जा रही है` उन्होंने कहा कि पार्टी के इन्हीं कर्मठ कार्यकताओं की बदौलत भाजपा ने हरियाणा में लगातार तीन बार भारी बहुमत के साथ सरकार बनाकर नया इतिहास रच दिया है` विधायक विज ने पानीपत के जनसंघ के समय से सक्रिय सदस्यों के परिवारजनों को भी सम्मानित किया` विज ने कहा कि भाजपा की रीढ़ की हड्डी हैं पुराने कार्यकर्तो मैं इनके समर्पण को नमन करता हूँ` उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि नगर निगम चुनाव की तरह अगली बार लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हरियाणा को कांग्रेस मुक्त बनाएं` केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा ने कहा कि भाजपा में सक्रिय कार्यकताओं का सबसे अधिक सम्मान किया जाता है उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने शासन में जहां देश में अमन शांति को कायम रखा वहीं देश के समक्ष आ रही जटिल समस्याओं का समाधान भी किया है` भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा की सरकार ने गत 11 वर्षों के दौरान इस प्रकार सुशासन बेहतर वित्त प्रबंधन करके देश के साधनहीन परिवारों की मदद की है।

# गणित विषय पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गणितीय संख्यात्मक समस्याओं के समाधान में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग विशेषकर सी भाषा के प्रभावी उपयोग से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय फतेहाबाद के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जय भगवान ने "कोड एंड कंप्यूट : लेवरेजिंग सी फॉर न्यूमेरिकल प्रॉब्लम सॉल्विंग" विषय पर अत्यंत रोचक, तकनीकी और ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सी प्रोग्रामिंग के माध्यम से जटिल गणितीय समस्याओं के समाधान की विधियां, लॉजिक बिल्डिंग, तथा एल्गोरिदम डिजाइन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ प्राचार्य प्रो. विजय यादव एवं गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. परमीत कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। प्राचार्य ने कहा कि यह व्याख्यान छात्रों एवं संकाय सदस्यों दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुसंधान की रुचि जाग्रत करते हैं तथा उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाते हैं। साथ ही उन्होंने डॉ. जय भगवान का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के अकादमिक सहयोग की आशा व्यक्त की।



**व्याख्यान**

गणित विभाग द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# विष्णु भगवान मंदिर का मनाया 43वां स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** रेलवे रोड स्थित श्री विष्णु भगवान मंदिर में बुधवार को मंदिर की स्थापना के 43 गौरवपूर्ण वर्षों के उपलक्ष्य में एक भव्य धार्मिक समारोह का आयोजन किया गया, जिसने नगरवासियों को आध्यात्मिक ऊर्जा और आस्था से ओतप्रोत कर दिया। समारोह का शुभारंभ मंदिर प्रभारी शंकर की देखरेख में भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की पारंपरिक विशेष जालीदार पोशाक धारण करवाकर किया गया। अभिषेक पश्चात दोनों दिव्य विग्रहों का अलौकिक श्रृंगार कर भक्ति-भाव से नवीन वस्त्र अर्पित किए गए। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता रहा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत संपन्न हवन-यज्ञ, जिसमें नगर के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। यज्ञ में डॉ. सुधीर कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी मनोज कुमारी ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। श्री विष्णु सेवा समिति प्रधान मनोहर लाल झुकिया एवं उनकी धर्मपत्नी मुन्नी देवी, कोषाध्यक्ष रामानंद शर्मा, मंदिर प्रभारी शंकर तथा समिति के अन्य वरिष्ठ सदस्य भी यज्ञ में सहभागी बने। पंडित मुकेश शर्मा ने वैदिक विधियों के अनुसार संपूर्ण यज्ञ को मंत्रोच्चारण एवं आहुतियों के साथ संपन्न कराया। हवन उपरांत सभी श्रद्धालुओं को विशेष प्रसाद वितरित किया गया, जिससे समस्त वातावरण पुण्य एवं प्रसन्नता से परिपूर्ण हो गया। मंदिर प्रभारी शंकर ने बताया कि मंदिर की स्थापना 43 वर्ष पूर्व संत हरिनाथ महाराज द्वारा की गई थी, जो जीवनपर्यंत मंदिर की सेवा में समर्पित रहे। उनका तपस्वी जीवन आज भी मंदिर की प्राण-चेतना के रूप में विद्यमान है। समारोह में पूर्व नगर पालिका प्रधान शकुंतला मित्तल, सुशील कुमार अग्रवाल, प्रो. तरुण, एडवोकेट पवन कुमार, मनोज कुमार सिंगला, मन्नू, माया देवी, उर्मिला देवी, ललिता देवी, अंजू देवी, बिमला देवी, सुमन गर्ग, श्वेता मित्तल, रजनी बत्रा, रेशमा देवी, संतोष देवी, अजय सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** दौंगड़ा अहीर चौकी इंचार्ज, चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कम सचिव व जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण की टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौंगड़ा अहीर में साइबर फ्रॉड के खिलाफ जागरुकता एवं कानूनी सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य अमर सिंह ने की। कार्यक्रम की संयोजिका कानूनी साक्षरता मंच की प्रभारी रेणु रही और मंच संचालन प्रवक्ता नीरज ने किया। चौकी इंचार्ज प्रितम सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में सब जगह लेन-देन में डिजिटल माध्यम से व्यक्ति को आसानी और राहत मिली तथा समय भी बचा है।

# पीएम सूर्य घर योजना में पोर्टल पर आवेदकों के नाम नहीं दिख रहे

**मथुरा।** पीएम सूर्य घर योजना के तहत, लग रहे कई उपभोक्ताओं के सोलर पैनल महीनों पूर्व इंस्टॉलेशन होने के बाद भी विभागीय पोर्टल पर दर्शित न होने के कारण इंस्पेक्शन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। जिससे उपभोक्ताओं की सब्सिडी तक रुकी पड़ी है। जिससे उपभोक्ताओं में आक्रोश व्यक्त है। भाकियू चढूनी मंडल अध्यक्ष आगरा मंडल रामवीर सिंह तोमर ने इसकी शिकायत कुछ दिनों पूर्व जिला अधिकारी , मुख्य विकास अधिकारी, नेडा के परियोजना अधिकारी के साथ ही बिजली अधिकारियों से भी की थी। बताया गया है कि पोर्टल के कारण इंस्पेक्शन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है क्योंकि विभागीय पोर्टल पर कई उपभोक्ताओं के नाम दर्शित नहीं हो रहे हैं। इंस्पेक्शन प्रकिया के अभाव में सोलर पैनल वैंडर के इंस्टॉलेशन करने के बाद भी चालू नहीं हो सके हैं और सब्सिडी रुकी हुई है। पिछले महीने जिला अधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में बैठक हुई संपन्न हुई थी। जिसमें जिला अधिकारी ने निर्देश दिया था उपभोक्ताओं का समयबद्ध तरीके काम कर योजना का अधिकाधिक प्रचार प्रसार किया जाए। लेकिन जिला अधिकारी के निर्देश के बाद भी योजना गति नहीं पकड़ रही है। रजिस्टर्ड वेंडरों द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने पर सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाती है, इस योजना से बिजली बिल में कमी आती है। भाकियू चढूनी के आगरा मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने बताया कि उनके घर पर बैंडर ने 29 जनवरी को सोलर पैनल इंस्टॉलेशन किया है लेकिन दो महीने से ज्यादा होने के बाद भी प्रक्रिया अधूरी पड़ी है। श्री तोमर ने कहा कि पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खास योजना का लोग लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इससे गलत संदेश लोगों में जा रहा है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 10 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# ग्लोबल मॉडल एजेंसी के रूप में विकसित हो इन्वेस्ट यूपी : सीएम

**बोले मुख्यमंत्री, सभी निवेशकों की सुविधा और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता, विशेषज्ञों की सेवाएं लेकर वैश्विक स्तर पर निवेश संवाद को सुदृढ़ किया जाए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक परिवेश को और बेहतर बनाने के लिए विशेषज्ञों की सेवाएं लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि 'इन्वेस्ट यूपी' को मॉडल इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और फैसिलिटेशन एजेंसी के रूप में कार्य करना होगा। इसके लिए आवश्यक है कि विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएं। हमारे पास हर सेक्टर के इंडस्ट्री स्पेशलिस्ट होने चाहिए, जो अपने अनुभव और विशेषज्ञता के अनुसार ग्लोबल लेवल पर इंडस्ट्री से सुविधाजनक ढंग से संवाद और समन्वय बना सकें और प्रदेश में अधिकाधिक निवेश आए। मंगलवार को इन्वेस्ट यूपी के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र को आत्मसात करते हुए विगत 08 वर्षों में उत्तर प्रदेश देश के सर्वश्रेष्ठ इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में औद्योगिक जगत की पहली पसंद बन कर उभरा है। इस सकारात्मक माहौल को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यद्यपि ऑनलाइन फ्रंट एंड सिंगल विंडो बनाई गई है और उद्यमियों को इसका लाभ भी प्राप्त हो रहा है, किंतु अब भी कतिपय प्रकरणों में निवेशकों को स्वीकृतियों के लिए अन्य विभागों से संपर्क करना पड़ता है। इसी प्रकार, यह भी देखने को मिला है कि निवेश की श्रेणी के आधार पर विभिन्न स्तरों पर विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाते हैं। इस व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। पूरे अर्थों में 'सिंगल विंडो' की व्यवस्था लागू होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश मित्र की पुनर्संरचना की जाए। तकनीक की सहायता से ऐसी व्यवस्था करें, जिससे कि उद्यमियों के आवेदन अन्य विभागों को रीडायरेक्ट नहीं हो।सभी विभागों को जोड़ें। प्रत्येक आवेदन का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर होना सुनिश्चित करायें। यदि तय समय सीमा के भीतर संबंधित विभाग द्वारा निस्तारण नहीं किया जाता है तो डीम्ड अनुमति मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल विंडो एक्ट लागू किया जाए, जिसके अंतर्गत बड़े निवेश के लिए औद्योगिक विकास विभाग द्वारा एकल स्वीकृति मिलने की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक निवेशक हमारे लिए महत्वपूर्ण है। सभी की सुविधा, सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। बेहतर होगा कि इस कार्य में उद्यमी मित्रों का अधिकाधिक उपयोग किया जाए। निवेश सारथी पोर्टल को और उपयोगी बनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत एक चेंजिंग सेल (अनुश्रवण प्रकोष्ठ) के गठन करें। इसमें अलग-अलग इंडस्ट्रियल सेक्टर के विशेषज्ञों को सम्मिलित करें। यह सेल संभावनाओं वाले सेक्टरों को तलाशे, संवाद और समन्वय बनाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश-दुनिया का हर निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उत्सुक है। विदेशों में इंडस्ट्री अप्रोच के लिए हमें भारत सरकार के दूतावासों से संपर्क-समन्वय बनाना उपयोगी होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि इन्वेस्ट यूपी शासी निकाय की छमाही बैठक जरूर आयोजित की जाए।



**व्यवस्था**

**▸▸ रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र से यूपी बना निवेशकों की पहली पसंद: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिए दिशा-निर्देश**

## राज्यपाल ने सुनी समस्याएं, शीघ्र समाधान का दिया भरोसा



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने राजभवन में आयोजित जन मिलन कार्यक्रम के दौरान आम लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर ऊधमसिंहनगर, पौड़ी, हरिद्वार और देहरादून सहित विभिन्न जिलों से आए 15 लोगों ने पेंशन, भूमि विवाद, धोखाधड़ी, रोजगार, विकास कार्य, आर्थिक सहायता और अन्य मुद्दों से संबंधित समस्याएं रखीं। वारण अधिकारी को निर्देश दिए कि संबंधित जिलाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को समस्याएं तत्काल प्रेषित की जाएं और उनके शीघ्र निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि किसी समस्या का समाधान समय पर न हो सके, तो इसकी जानकारी राजभवन को दी जाए। राज्यपाल ने कहा कि अधिकतर समस्याएं छोटी व सामान्य प्रकृति की हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर लखनऊ में 'विश्व नमोकार महामंत्र दिवस' के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए आयोजनकर्ता।

## वन स्टॉप सेंटर का विस्तार करेगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर कर चल रही योगी सरकार ने वन स्टॉप सेंटर योजना का विस्तार करते हुए राज्य में 17 नई इकाइयों की स्थापना करने जा रही है। यह पहल हिंसा से पीड़ित महिलाओं को तत्काल सहायता और समग्र समर्थन प्रदान करने की दिशा में योगी सरकार का महत्वपूर्ण कदम है। यह विस्तार प्रदेश की बड़ी जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि संकटग्रस्त महिलाओं तक मदद की पहुंच सुनिश्चित हो सके।

**वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं के लिए एक छत के नीचे मिल रहा समस्या का समाधान**
वन स्टॉप सेंटर योजना की शुरूआत वित्तीय वर्ष 2015-16 में केंद्र सरकार की शत-प्रतिशत वित्त पोषण के तहत हुई थी। अपने शुरुआती वर्षों में यूपी में जमीन तलाश रही इस योजना को 2017 के बाद सीएम योगी के नेतृत्व में गति मिली, प्रदेश की महिला एवं बाल विकास विभाग राज्य में प्रभावी रूप से संचालित कर रही है। हिंसा की शिकार महिलाओं को अल्पकालिक प्रवास, चिकित्सा सहायता, परामर्श, विधिक सहायता, और पुलिस सहायता जैसी सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती हैं।

## डेली वेज कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन न देने पर हाईकोर्ट सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने डेली वेज कर्मचारियों को न्यूनतम वेतनमान देने के आदेश का पालन न करने पर कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने मेडिकल हेल्थ एजुकेशन उत्तराखंड के सचिव आर. राजेश और मेडिकल एजुकेशन उत्तराखंड के निदेशक डॉ. आशुतोष स्याना को स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की एकलपीठ ने डेली वेज कर्मचारियों द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। याचिका में कहा गया कि महेश चंद्र, यशोधर डंगवाल, कपिल कुमार पांडे, बलबीर कुमार समेत कई लोग वीर चंद्र सिंह गढ़वाली गवर्नमेंट मेडिकल साइंस एंड



रिसर्च इंस्टिट्यूट, श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल में जनरेटर ऑपरेटर के पद पर दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत हैं हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 12 मई 2017 और 9 फरवरी 2018 को याचिकाकर्ताओं के पक्ष में आदेश पारित किया था। इसके विरुद्ध राज्य सरकार ने खंडपीठ में विशेष अपील दायर की थी, जिसे 26 अक्टूबर 2018 को खारिज कर दिया गया। बाद में सुप्रीम कोर्ट में दायर लीव टू अपील भी खारिज हो गई। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि 13 नवंबर 2024 और 11 फरवरी 2025 को संबंधित अधिकारियों को प्रत्यावेदन भी सौंपा गया, लेकिन अभी तक आदेशों का पालन नहीं हुआ है। कोर्ट ने इस मामले में लापरवाही पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

**कार्यरत**

**▸▸ रिसर्च इंस्टिट्यूट, श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल में जनरेटर ऑपरेटर के पद पर दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत हैं**

## उत्तर प्रदेश जैन तीर्थंकरों की पवित्र भूमि : सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की धरती जैन तीर्थंकरों की पावन भूमि रही है। अयोध्या में भगवान ऋषभदेव का जन्म हुआ, जो अयोध्या के राजा थे। अयोध्या में ही 5 तीर्थंकरों ने जन्म लिया। वहीं, काशी की धरती पर भी तीर्थंकर का जन्म हुआ है। हमारे तीर्थंकरों ने यहीं से धर्म और साधना की परंपरा को आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर लखनऊ में 'विश्व नमोकार महामंत्र दिवस' के अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। शांति, ऊर्जा, सकारात्मकता और विश्व कल्याण के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन की तरफ से किया गया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिए गए प्रेरणादायक संदेश का भी उल्लेख किया। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने व्यवहारिक जीवन में नमोकार महामंत्र को उतारने के लिए 9 संकल्प बताए हैं, जिन्हें हर व्यक्ति को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री योगी ने नमोकार महामंत्र के महत्व को बताते हुए कहा कि यह महामंत्र भौतिक, दैवीय और आध्यात्मिक तीनों प्रकार के दुखों से मुक्ति दिलाने का साधन है।



**अपील की**

**▸▸ महामंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री योगी ने पीएम के बताए नौ संकल्पों को जीवन में उतारने की अपील की**




## तारबन्दी योजना में किसानों को मिलेगा 70 प्रतिशत तक अनुदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**जोधपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश के उन किसानों को भी अब सरकार की तारबन्दी योजना का लाभ मिलेगा, जिनके पास दो बीघा भूमि है। इससे वे जंगली एवं निराश्रित पशुओं से अपनी फसलों की सुरक्षा कर सकेंगे। इस बारे में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। कृषि विभाग द्वारा कांटेदार विशाल तारबन्दी योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए जारी दिशा-निर्देश के अनुसार अब एक जगह दो बीघा भूमि होने पर भी किसानों को तारबंदी योजना का लाभ मिल सकेगा।

## योगी सरकार में मिला संस्कृत को बढ़ावा

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** संस्कृत के प्रचार-प्रसार और रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने कई अहम फैसले लिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में प्रदेश में 73 नए संस्कृत महाविद्यालयों को मान्यता प्रदान की गई है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद ने चार नए डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी शुरू किए हैं। जिनका उद्देश्य छात्रों को रोजगार से जोड़ना है। इसके तहत प्रदेश के 184 संस्थानों में डिप्लोमा स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**संस्कृत शिक्षा का विस्तार**
योगी सरकार ने संस्कृत भाषा के विकास के लिए लगातार प्रयास किए हैं। नए संस्कृत महाविद्यालयों की मान्यता से लाखों छात्रों को लाभ मिलेगा। साथ ही नए विद्यालयों की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को भी संस्कृत शिक्षा का अवसर मिल सकेगा। जिससे वे अपना भविष्य बेहतर बना पाएंगे।

**प्राचीन ज्ञान परंपरा से अवसर अपार**
संस्कृत न केवल भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का हिस्सा है, बल्कि यह आधुनिक शिक्षा और रोजगार के अवसर भी प्रदान करती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा दे रही है।

**पाठ्यक्रम**

**▸▸ रोजगारपरक शिक्षा के लिए उ.प्र. माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के 04 डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी हुए प्रारंभ**

**परियोजना** –नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शुरू की तैयारी, प्रदेश के अन्य शहरों के लिए मिसाल बनेगी परियोजना

## 6 चरणों को लागू कर नोएडा को सेफ सिटी बनाएगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार नोएडा में सेफ सिटी प्रोजेक्ट को गति दे रही है। सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। परियोजना को शहर में लागू करने के लिए मुख्यतः 6 चरणों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा जिसके लिए 208.47 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इस परियोजना के अंतर्गत नोएडा के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई ट्रिपल सी) को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की तैयारी है। खास बात यह है कि परियोजना पूरी होने पर शहर के सभी पुलिस थाने, सीसीटीवी सिस्टम व ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली को आई ट्रिपल सी के साथ इंटीग्रेट किया जाएगा। इसके साथ ही, इसे अत्याधुनिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम से युक्त किया जाएगा जो आपातकालीन स्थितियों में संदेश जारी करने का माध्यम बनेगी। प्रक्रिया पूरी होने पर नोएडा शहर की महिलाओं समेत समस्त नागरिकों की सुरक्षा प्रणाली को और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।



**परियोजना के 6 प्रमुख घटक**
**बनाएंगे प्रक्रिया को प्रभावी**
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई कार्य योजना के अनुसार, सेफ सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मुख्यतः 6 प्रमुख घटकों को प्रभावी तौर पर लागू किया जाएगा। यह सभी घटक क्रमबद्ध चरण के अनुसार लागू किए जाएंगे। इसमें अत्याधुनिक सिटी कम्युनिकेशन नेटवर्क, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, डाटा सेंटर, सीसीटीवी आधारित सिटी सर्विलांस सिस्टम, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) प्रमुख हैं।